3 | राजधानी
प्रमुख अस्पतालों में हड़ताल जारी, एमएएमसी भी शामिल

6 | अभिमत
चीन की अजेयता का प्रचार

11 | विदेश
शृंगला ने ढाका में शेख हसीना से की मुलाकात

12 | विविध
ऐतिहासिक उत्सव

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 35
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 9 दिसंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




रोहित बने वनडे टीम के कप्तान
स्पोर्ट्स-10

# हेलीकॉप्टर दुर्घटना में सीडीएस जनरल रावत का निधन

## उनकी पत्नी और 11 अन्य की भी गई जान, हादसे में बचे ग्रुप कैप्टन वरुण का उपचार जारी, कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश


प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी मधुलिका का फाइल चित्र


तमिलनाडु के जंगलों में गिरा क्षतिग्रस्त हेलीकॉप्टर और उसमें लगी आग

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** के पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी और 11 अन्य लोग तमिलनाडु के कुन्नूर में बुधवार को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना का शिकार हो गए। भारतीय वायुसेना और अन्य अधिकारियों ने कहा कि 2019 में सीडीएस नियुक्त किए गए जनरल रावत और उनके दल को ले जा रहा हेलीकॉप्टर संभवत: धुंध वाली मौसमी परिस्थितियों में दुर्घटना का शिकार हुआ जिसमें 13 लोगों की जान चली गई। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति जीवित बचा है और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस और रक्षा सूत्रों ने बताया कि पीड़ितों के पार्थिव शरीर को बृहस्पतिवार सुबह कोयंबटूर से हवाई मार्ग से नई दिल्ली ले जाया जाएगा। इससे पहले कल वेलिंगटन में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

वायुसेना ने एक ट्वीट में कहा, बहुत ही अफसोस के साथ इसकी पुष्टि हुई है कि दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में जनरल बिपिन रावत, श्रीमती मधुलिका रावत और 11 अन्य की मृत्यु हो गई है। जनरल बिपिन रावत डिफेंस सर्विसेज स्टॉफ कॉलेज (डीएसएससी) जा रहे थे जहां उन्हें शिक्षकों एवं छात्रों को संबोधित करना था। वायुसेना ने बताया कि इस दुर्घटना में डीएसएससी के डायरेक्टिंग स्टाफ ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह एससी घायल हैं और फिलहाल सैन्य अस्पताल, वेलिंगटन में उनका उपचार चल रहा है। वायुसेना ने कहा कि एमआई-17वीएच हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है और इस हादसे के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए गए हैं। हेलीकॉप्टर ने कोयंबटूर के पास सुलुर वायुसेना अड्डे से उड़ान भरी थी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि हेलीकॉप्टर ने सुबह करीब साढ़े 10 बजे उड़ान भरी थी और कुन्नूर दमकल केंद्र को 12 बजे घटना की सूचना मिली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दुर्घटना के बारे में जानकारी दी है और वायुसेना प्रमुख को दुर्घटनास्थल पर पहुंचने के लिए कहा गया है। सिंह जनरल रावत के आवास पर भी गए और उनकी बेटी से बात की।प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली रक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) को दुर्घटना के बारे में जानकारी दी गई और मंत्रिमंडल के शीर्ष सदस्यों ने जनरल रावत के निधन पर शोक व्यक्त किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री एस जयशंकर शामिल थे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी के मिश्रा और कैबिनेट सचिव राजीव गौबा भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में सीसीएस के सदस्यों को दुखद हादसे के बारे में जानकारी दी गई।

आधिकारिक सूत्रों और यहां के एक स्थानीय प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार कोहरे की स्थिति में हेलीकॉप्टर कम ऊंचाई पर उड़ रहा था, और यहां एक घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलीकॉप्टर पेड़ों से टकराते हुए जमीन पर गिरा और गिरते ही उसमें आग लग गई। एक प्रत्यक्षदर्शी पेरुमल ने बताया कि हेलीकॉप्टर गिरते समय एक मकान से भी टकराया। हालांकि घर में हादसे के वक्त किसी के नहीं रहने से कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन मकान को इससे नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि आग में झुलसे दो व्यक्ति हेलीकॉप्टर से नीचे गिर गए। जनरल रावत और अन्य को लेकर हेलीकॉप्टर बुधवार सुबह करीब साढ़े दस बजे सुलूर वायुसेना स्टेशन से रवाना हुआ था और (शेष पेज 9)

### एमआई-17वी5 की लगातार दुर्घटनाओं से विशेषज्ञ चिंतित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**एमआई-17वी-5** हेलीकॉप्टर की लगातार दुर्घटनाओं ने विशेषज्ञों को आश्चर्य में डाल दिया है, क्योंकि यह एक उन्नत सैन्य परिवहन हेलीकॉप्टर है और सेना को इस पर बहुत भरोसा भी है। सीडीएस बिपिन रावत और 12 अन्य की मौत रूस निर्मित एमआई-17वी5 हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से ही हुई है। हालांकि एमआई-17वी5 को एक दमदार हेलीकॉप्टर के तौर पर देखा जाता है, जो 20 यात्रियों क्षमता के साथ युद्ध क्षेत्र में उड़ान भर सकता है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में एमआई-17 के कम से कम पांच हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। सशस्त्र बलों के बीच इस हेलीकॉप्टर को वॉरहॉर्स (शेष पेज 9)

### नरवणे हो सकते हैं नए सीडीएस, केंद्र सरकार शीघ्र लेगी फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**चीफ** ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत की मौत से चिंतित सुरक्षा प्रतिष्ठान के शीर्ष अधिकारियों को सुरक्षा हालात के मद्देनजर जल्द से जल्द अब नए सीडीएस को जिम्मेदारी सौंपने की तैयारी करनी है। सूत्रों के अनुसार वर्तमान सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे अब तक तीनों प्रमुखों में सबसे वरिष्ठ हैं और सरकार उन्हें सीडीएस के रूप में नियुक्त कर सकती है। देश के पहले सीडीएस के रूप में रावत ने पिछले साल जनवरी में कार्यभार संभाला था। सरकार ने तीनों सेनाओं के प्रमुखों में वरिष्ठता में वरीयता के सिद्धांत पर उन्हें चुना था। रावत ने 2017 में सेना प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण (शेष पेज 9)

### हर तरफ दुख का माहौल, राष्ट्रपति, पीएम ने प्रकट की संवेदना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** के पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी और 11 अन्य लोगों की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत से देशभर में शोक का माहौल है। इस हादसे में अपने जांबाज अफसर को खो देने से हर कोई सदमे में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताते हुए उन्हें उत्कृष्ट सैनिक और सच्चा देशभक्त करार दिया। राष्ट्रपति ने बहादुर सपूत के लिए अपनी संवेदनाएं प्रकट की। प्रधानमंत्री ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि पहले रक्षा अध्यक्ष के रूप में उन्होंने रक्षा सुधारों सहित सशस्त्र बलों से संबंधित विभिन्न आयामों पर काम किया और उनके आधुनिकीकरण में बहुत योगदान दिया। पीएम (शेष पेज 9)

# केंद्र के प्रस्ताव पर किसान सहमत, अंतिम बैठक आज

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में सिंघु सीमा पर प्रेस वार्ता करते किसान नेता

**तीन** कृषि कानूनों के विरोध में दिल्ली की सीमाओं पर एक साल से आंदोलनरत किसान संगठन अगले 24 घंटों में अपना धरना समाप्त कर सकते हैं। किसानों ने बुधवार को अपनी लंबित मांगों पर केंद्र सरकार के दूसरे मसौदे के प्रस्ताव पर सहमति जताई है। किसान संगठन अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त करने के औपचारिक निर्णय के लिए गुरुवार को बैठक करेंगे। किसान संगठनों का कहना है कि केंद्र से औपचारिक पत्र मिलने के बाद धरना समाप्त करने की घोषणा की जाएगी।

सरकार ने अपने संशोधित मसौदे में लखीमपुर खीरी घटना को छोड़कर किसान समूहों द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं पर प्रतिक्रिया दी है। किसान समूहों की कोर कमेटी की बैठक के बाद, संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि लंबित मांगों पर केंद्र सरकार का पिछला प्रस्ताव उन्हें स्वीकार्य नहीं था, वहीं बुधवार को केंद्र से एक नया प्रस्ताव प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि हम अपनी मांगों को लेकर सरकार से सहमत हैं। हम कल की बैठक के बाद आंदोलन को स्थगित करने के बारे में फैसला करेंगे। आंदोलन वापस लेने पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। चढ़ूनी ने कहा कि एसकेएम की एक और बैठक गुरुवार को दोपहर 12 बजे होगी। कोर कमेटी के एक अन्य सदस्य युद्धवीर सिंह ने कहा कि गेंद अब सरकार के पाले में है और गुरुवार को अंतिम फैसला लिया जाएगा। एसकेएम ने एक बयान में कहा कि किसानों की मांगों को लेकर केंद्र सरकार के नए मसौदे वाले प्रस्ताव पर सहमति बन गई है। अब, सरकार के लेटरहेड पर हस्ताक्षर किए गए एक औपचारिक संचार की प्रतीक्षा है। एसकेएम एक (शेष पेज 9)

# वकीलों को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट की उप्र बार काउंसिल को फटकार

**फर्जी दावा मामला**

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने हजारों करोड़ रुपए की कथित फर्जी दावा याचिकाओं के मामले में वकीलों को बचाने के लिए बुधवार को उत्तर प्रदेश विधिज्ञ परिषद को कड़ी फटकार लगाई। हालांकि, भारतीय विधिज्ञ परिषद (बीसीआई) ने शीर्ष अदालत को बताया कि उसने इन मामलों में राज्य के 28 वकीलों को निलंबित कर दिया है। न्यायमूर्ति एम. आर. शाह और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की खंडपीठ ने कहा कि फर्जी दावा याचिकाएं दायर करना गम्भीर मामला है और कुछ वकीलों के खिलाफ प्राथमिकी में प्रथमदृष्टया मामला बनता है। पीठ ने कहा, यह बहुत ही गम्भीर मामला है। वकीलों द्वारा हजारों करोड़ की फर्जी दावा याचिकाएं दायर की गई हैं और आप गम्भीर नहीं हैं। वास्तव में, आपको हमारे आदेश के बिना ही कार्वाई करनी चाहिए थी। हमारा मानना है कि आप अपनी निष्क्रियता द्वारा अपने वकीलों को बचा रहे हैं। हालांकि, बीसीआई के वकील ने अदालत को अवगत कराया कि इसने कथित फर्जी दावा याचिकाएं दायर करने के लिए उत्तर प्रदेश के 28 वकीलों को निलंबित करने का फैसला अधिसूचित कर दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले की जांच में पुलिस की ओर से कोई भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए और पुलिस सभी संभावित पहलुओं से मामले की जांच करेगी। पीठ ने आगाह किया कि यदि उसे ऐसा लगता है कि किसी को बचाने के नजरिए से जांच की गई तो इसके परिणाम भुगतने होंगे। शीर्ष अदालत ने इस मामले में पहले भी उत्तर प्रदेश बार काउंसिल की ओर से किसी के भी पेश नहीं होने पर गहरी नाराजगी जताई थी और कहा था कि यह बीसीआई और संबंधित विधिज्ञ परिषद का कर्तव्य है कि वह कानूनी पेशे की गरिमा बनाए रखे। शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सात अक्टूबर, 2015 के आदेश के तहत गठित विशेष जांच दल की स्थिति रिपोर्ट का संज्ञान लिया था।

# केन एवं बेतवा नदियों को आपस में जोड़ने की परियोजना को मंजूरी

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने केन एवं बेतवा नदी को आपस में जोड़ने संबंधी परियोजना को बुधवार को मंजूरी प्रदान कर दी जिस पर 44, 605 करोड़ रुपए की लागत आएगी और इसे आठ वर्षों में पूरा किया जाएगा। बैठक के बाद सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई जिससे उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में बुंदेलखंड इलाकों के लोगों को पेयजल, कृषि कार्यों के लिए सिंचाई एवं अन्य लाभ प्राप्त होंगे। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से 103 मेगावाट पनबिजली और 27 मेगावाट सौर ऊर्जा सृजित होगा। एक सरकारी बयान के अनुसार, केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना को लागू करने के लिए विशेष उद्देश्ईय कंपनी को गठित किया जाएगा जिसे केन बेतवा नदी जोड़ो परियोजना प्राधिकार (केबीएलपीए) कहा जाएगा। बयान के अनुसार, केन-बेतवा लिंक परियोजना की कुल लागत 44,605 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है, जो 2020-21 की कीमतों के आधार पर है। इसमें कहा गया है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने परियोजना के लिए केंद्रीय समर्थन के रूप में 39,317 करोड़ रुपए, सहायक अनुदान के रूप में 36,290 करोड़ रुपए और ऋण के रूप में 3,027 करोड़ रुपए की धनराशि को मंजूर किया है।

इस परियोजना के तहत 10.62 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सालभर सिंचाई हो सकेगी तथा 62 लाख लोगों को पेयजल की आपूर्ति संभव होगी। इसमें भूजल रिचार्ज से जुड़े प्रावधान भी हैं। बयान के अनुसार, इसके तहत मध्य प्रदेश में 8.11 लाख हेक्टेयर तथा उत्तर प्रदेश में 2.11 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित (शेष पेज 9)

● इससे उप्र और मप्र में बुंदेलखंड क्षेत्र के लोगों को मिलेगा लाभ

### प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण मार्च 2024 तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को जारी रखने को बुधवार को मंजूरी दे दी जिसके तहत इसे मार्च 2021 से मार्च 2024 तक बढ़ाने की बात कही गई है। बैठक के बाद सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं को यह जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई जिसके तहम ग्रामीण इलाकों में सभी को आवास सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 में ग्रामीण क्षेत्रों में सभी को आवास के संबंध में आकलन किया गया था (शेष पेज 9)

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,649 | ↑ | 1016 | |
| निफ्टी | 17,469 | ↑ | 293 | |
| सोना | 47,267 | ↑ | 177 | /10g |
| चांदी | 60,533 | ↓ | 1112 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने तीन आतंकवादियों को किया ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों ने एक मुठभेड़ में तीन अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि शोपियां के चक-ए-चोलां गांव में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी जिसके बाद सुरक्षाबलों ने तलाशी और घेराबंदी अभियान चलाया। अधिकारी ने कहा कि आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोली चलाई जिसके बाद जवाबी फायर किया गया। अधिकारी ने कहा कि दोनों पक्षों की ओर से दिनभर चली गोलीबारी में तीन आतंकी मारे गए। पुलिस ने मारे गए आतंकवादियों की पहचान आमिर हुसैन, रईस अहमद और हसीब युसूफ के रूप में की है। पुलिस के प्रवक्ता ने कहा कि आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, तीनों आतंकवादी, आतंकी वारदात को अंजाम देने वाले समूहों से जुड़े थे जिन्होंने सुरक्षाबलों और आम नागरिकों पर कई हमले किए थे।

# पीएफआई के परिसरों पर ईडी ने धनशोधन मामले में मारे छापे

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को केरल में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से संबद्ध कम से कम चार परिसरों पर छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एर्नाकुलम और कुछ अन्य स्थानों पर तलाशी ली गई। केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने छापेमारी के दौरान ईडी की टीम को सुरक्षा मुहैया कराई। सूत्रों ने कहा कि एजेंसी ने अपनी जांच के तहत पीएफआई के वित्त पोषण से संबंधित कई दस्तावेज बरामद किए।

उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान कुछ लोग परिसर के बाहर भी जमा हो गए और नारेबाजी की। पीएफआई के महासचिव अनीस अहमद ने एक वीडियो संदेश में दावा किया कि कार्रवाई का उद्देश्य उन्हें परेशान करना है और संगठन इस मुकदमे को कानूनी और लोकतांत्रिक तरीके से लड़ेगा। इस बीच, केरल पुलिस ने कहा कि उन्होंने मुवत्तुपुझा में संगठन के एक नेता के आवास पर ईडी की छापेमारी के दौरान कथित रूप से व्यवधान पैदा करने की कोशिश करने के लिए पीएफआई के कुछ कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

एजेंसी ने पहले भी पीएफआई के खिलाफ इसी तरह की छापेमारी की थी। पीएफआई का गठन 2006 में केरल में हुआ था और इसका मुख्यालय दिल्ली में है। केंद्रीय जांच एजेंसी देश में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के विरोध में प्रदर्शनों को भड़काने, पिछले साल दिल्ली के दंगों और कई अन्य मामलों में पीएफआई के कथित वित्तीय जुड़ाव की जांच कर रही है।

### ओमीक्रोन पर कारगर हो सकती है फाइजर की बूस्टर डोज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोविड-19** वायरस के ओमीक्रोन वैरिएंट पर फाइजर-बायोएनटेक वैक्सीन की बूस्टर डोज से बेहतर सुरक्षा मिल सकती है। मंगलवार को ऑनलाइन प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि कोरोना वायरस के दूसरे संस्करणों की तुलना में टीका लगवाने वालों में ओमीक्रोन वैरिएंट के खिलाफ कम एंटीबॉडी का उत्पादन हो रहा है। वैज्ञानिकों ने कहा कि परिणाम कुछ हद तक चिंताजनक थे, लेकिन घबराने की बात नहीं है। आंकड़ों से पता चलता है कि टीका लगवाने ओमीक्रोन की चपेट में आ सकते हैं। जैसा कि दक्षिण अफ्रीका समेत दुनिया भर के दर्जनों देशों में इस वैरिएंट के चलते तेजी से संक्रमण फैल रहा है। वैक्सीन व्यापक प्रतिरोधक क्षमता को पैदा करता है, जिसमें अधिक (शेष पेज 9)

# दिल्ली, उप्र के लोगों को भा रहीं इलेक्ट्रिक गाड़ियां

**भाषा।** नई दिल्ली

**उत्तर** प्रदेश, दिल्ली और कर्नाटक भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के पंजीकरण के मामले में शीर्ष तीन राज्यों के रूप में उभरे हैं। सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि भारत में 8,70,141 इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण किया गया है। उत्तर प्रदेश (2,55,700) में सबसे अधिक पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहन हैं।

उन्होंने कहा कि इसके बाद दिल्ली (125,347) और कर्नाटक (72,544) का स्थान आता है। चौथे और पांचवें स्थान पर बिहार (58,014) और महाराष्ट्र (52,506) का कब्जा है। गडकरी ने कहा कि भारी उद्योग मंत्रालय ने जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करने के उद्देश्य से देश में इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2015 में भारत में (हाइब्रिड और) इलेक्ट्रिक वाहनों का तेजी से अपनाने और निर्माण (फेम इंडिया) योजना तैयार की। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में, फेम इंडिया योजना के दूसरे चरण को एक अप्रैल, 2019 से पांच साल की अवधि के लिए लागू किया जा रहा है, जिसमें कुल बजटीय सहायता 10,000 करोड़ रुपए है। इलेक्ट्रिक वाहनों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया हैअ इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जराचार्जिंग स्टेशनों पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। एक अन्य प्रश्न का उत्तर देते हुए गडकरी ने कहा कि मौजूदा समय में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सभी शुल्क प्लाजा फास्टैग सुविधा से लैस हैं। उन्होंने कहा, 4 दिसंबर, 2021 तक 4.21 करोड़ फास्टैग जारी किए जा चुके हैं और कुल उपयोगकर्ता शुल्क का लगभग 97 प्रतिशत फास्टैग के जरिए वसूल किया जाता है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए मुख्य रूप से सड़क परिवहन मंत्रालय जिम्मेदार है। गडकरी ने कहा, इसके अलावा, मंत्रालय केंद्रीय सड़क और बुनियादी ढांचा कोष (सीआरआईएफ) और आर्थिक महत्व और अंतरराज्यीय कनेक्टिविटी (ईआई और आईएससी) योजनाओं के तहत राज्य की सड़कों के विकास और रखरखाव के लिए राज्य सरकारों केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) के लिए धन आवंटित करता है।

● भारत में 8,70,141 इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण, इनमें उत्तर प्रदेश के 2,55,700, दिल्ली के 125,347 और कर्नाटक के 72,544 इलेक्ट्रिक वाहन


प्रतीकात्मक चित्र

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 9 दिसंबर, 2021



# ग्रेनो वेस्ट से जुड़ेंगे दिल्ली व सीमावर्ती जिले

## प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण व रोडवेज के एमडी नवदीप रिणवा के बीच हुई बैठक

## बस संचालन के कई बिंदुओं पर चर्चा, जल्द योजना के अंतिम रूप देने की हुई तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा वेस्ट, ग्रेटर नोएडा ईस्ट व लाखों निवासियों को बस सेवा से जोड़ने की कवायद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शुरू की है। इसे अमली जामा पहनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण व रोडवेज के एमडी नवदीप रिणवा ने बैठक की। बस संचालन के कई बिंदुओं पर चर्चा की। इसे बहुत जल्द अंतिम रूप देने की तैयारी है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में करीब ढाई लाख फ्लैट बन रहे हैं। अब तक एक लाख से अधिक फ्लैटों में लोग रहने भी लगे हैं। आने वाले दिनों में यहां की आबादी और तेजी से बढ़ेगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने यहां के निवासियों को दिल्ली, गाजियाबाद हापुड़, बुलंदशहर, ग्रेटर नोएडा ईस्ट व नोएडा से बस सेवा के जरिए जोड़ने की कोशिश में जुटे हैं। उनकी मंशा है कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में ही जगह चिंहित कर अस्थायी बस स्टॉप बना दिया जाए जिससे कि चार से पांच बसें एक साथ वहां खड़ी हो सकें।

हर रोज सुबह वहीं से बसों का संचालन शुरू हो। आसपास के डिपो की बसें मसलन हापुड़ बुलंदशहर नोएडा गाजियाबाद आदि भी ग्रेटर नोएडा वेस्ट से होकर गुजरें। इसके साथ ही प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा के 124 गांवों व सेक्टरों को जोड़ते हुए भी सिटी बस सेवा शुरू करना चाह रहा है ताकि प्रमुख स्थलों जैसे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का दफ्तर कलेक्ट्रेट मेट्रो स्टेशन प्रमुख बाजार हॉस्पिटल आदि तक यात्री आसानी से पहुंच सकें। चूंकि इन बसों के संचालन का पूरा खर्च किराए से निकल पाना मुश्किल है इसलिए ग्रेनोवासियों की जरूरत को देखते हुए शेष रकम को प्राधिकरण खुद से वहन करने को भी तैयार है। रोडवेज के एमडी ने बसों का इंतजाम कर शीघ्र ही प्राधिकरण को प्रस्ताव भेजने की बात कही है। इस पहल से आने वाले दिनों में ग्रेटर नोएडा वेस्ट ग्रेटर नोएडा ईस्ट और सभी 124 गांवों के निवासियों को बड़ी सौगात मिल सकती है।

उनको अपने गंतव्य तक जाने के लिए ऑटो में धक्के नहीं खाने पड़ेंगे। कैब बुक करके भारी.भरकम खर्च भी नहीं उठाना पड़ेगा।

ग्रेटर नोएडा व ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासी एनसीआर के शहरों का सफर भी आसानी से पूरा कर सकेंगे। इस बैठक में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के डीजीएम सीके त्रिपाठी सलिल यादव और रोडवेज की तरफ से आरएम विजय कुमार एएआरएम ललित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## बीओटी आधार पर बनेगा एमआरओ हब

# 40 एकड़ में होगी दुनियाभर के जहाजों की मरम्मत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर में 40 एकड़ में विकसित होने वाले मेंटेनेंस रिपेयर एंड ओवरहालिंग (एमआरओ) हब, बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर (बीओटी) यानि बनाओ चलाओं और कमाकर वापस के आधार पर विकसित होगा।

साथ ही सिटी साइट के तहत होटल भी बीओटी आधार पर बनाए जाएंगे। इसके लिए विकासकर्ता कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने टेंडर निकाल दिए हैं। वहीं कंपनी ने इंडियन ऑयल स्काईटैंकिंग लिमिटेड के साथ ईंधन आपूर्ति के लिए 30 साल का अनुबंध किया है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 2024 में यात्री सेवाएं शुरू होंगी।

जेवर एयरपोर्ट की विकासकर्ता कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड वाईआईपीएल 40



एकड़ में कार्गो हब विकसित करेगी। कार्गो हब बिल्ट आपरेट ट्रांसफर बीओटी आधार पर विकसित होगा। यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने कार्गो हब के विकास के लिए कंपनी चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसे डिजाइन फाइनेंस डेवलप कंस्ट्रक्शन ऑपरेशन व ट्रांसफर मोड पर बनाया जाएगा। विकासकर्ता कंपनी ने इसके लिए निविदा जारी कर दी है।

कार्गो हब में अतंरराष्ट्रीय और घरेलू कार्गो के लिए टर्मिनल बनाया जाएगा। 2061 तक नोएडा एयरपोर्ट से 24 लाख टन कार्गो की ढुलाई का अनुमान है। इसमें 9.9 फीसद की सालाना बढ़ोतरी होगी।

जेवर एयरपोर्ट के पहले चरण में 60 एकड़ हिस्से को सिटी साइट के तौर पर विकसित किया जाएगा। इससे एयरपोर्ट पर यात्रियों को होटल, मॉल आदि की सुविधा मिलेगी। सिटी साइट के विकास के लिए कवायद शुरू हो गई है। यहां होटल को बीओटी आधार पर बनाया जाएगा। इसके लिए विकासकर्ता ने कंपनी की तलाश शुरू कर दी है। इसके लिए भी टेंडर निकाल दिए गए हैं। बताते चलें कि एयरपोर्ट के चारों चरण पूरे होने पर सिटी साइट का कुल क्षेत्रफल 167 एकड़ हो जाएगा। वाईआईएपीएल ने इंडियन ऑयल स्काईटैंकिंग लिमिटेड आईओएसएल के साथ ईंधन आपूर्ति के लिए 30 साल का अनुबंध किया है। यह साझेदारी जेवर एयरपोर्ट को विमानन ईंधन लागत कुशलता और एयरलाइन भागीदारों के लिए मदद करेगी। आईओएसएल ईंधन के बुनियादी ढांचे के डिजाइन, निर्माण और संचालन का काम करेगा। 10000 क्यूबिक मीटर ईंधन भंडारण टैंक बनाए जाएंगे। हवाई यातायात की मांग के अनुसार इस क्षमता को बढ़ाया जाएगा। सभी विमान स्टैंड को ईंधन के साथ जोड़ने वाली भूमिगत हाइड्रेंट प्रणाली भी विकसित करेगा।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफश्नेलमैन ने कहा कि उन्हें एयरपोर्ट की सुविधाओं के लिए इंडियन ऑयल स्काईटैंकिंग लिमिटेड के साथ साझेदारी करके खुशी है। इससे उन्हें स्थायी विमानन ईंधन मिलेगा। इंडियन ऑयल स्काईटैंकिंग लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टीएस दुपारे ने कहा कि इस साझेदारी में आधुनिक विमानन ईंधन व बुनियादी ढांचे का विकास शामिल होगा।

# 15 मलिन बस्तियों में सुविधाएं उपलब्ध कराएगा नगर निगम

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- नगर आयुक्त ने की यूनिसेफ अधिकारियों के साथ बैठक

नगर निगम ने उड़ान कार्यक्रम के तहत 15 मलिन बस्तियों कात चयन किया है। इन बस्तियों में किस तरह से मानकों के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए इसको लेकर नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने यूनिसेफ के अधिकारियों के साथ बैठक अपने कैंप कार्यालय पर की।

नगर आयुक्त ने बताया कि इसमें जिन बस्तियों को शामिल किया गया है उनमें वार्ड संख्या 7 सुदामापुरी, वार्ड 28 न्यू हिंडन विहार, वार्ड 31 नंदग्राम, वार्ड 20 राजीव नगर, वार्ड 31 सुभाष नगर, वार्ड 32 हरबंस नगर, वार्ड 6 दीनदयाल पुरी, वार्ड 5 गगन विहार, वार्ड 35 बुध विहार, वार्ड 2 खैराती नगर बागू, वार्ड 92 चमन कॉलोनी, वार्ड 14 प्रताप विहार, वार्ड 44 चित्रकूट कॉलोनी अर्थला, वार्ड 63 पसोंडा, वार्ड 93 कैला भट्टा है। उड़ान कार्यक्रम के अंतर्गत मलिन बस्तियों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। जिसमें स्वच्छ में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाए जाने के लिए कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन मलिन बस्तियों को चुना गया है वहां पर कैंप लगाए जाएंगे और केंद्र के माध्यम से जनता को जागरूक किया जाएगा। योजनाओं के बारे में और महिलाओं को इसका पूरा लाभ प्राप्त होगा।

# प्रदर्शन करने वाले 700 किसानों पर एफआईआर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रहे 700 किसानों पर प्राधिकरण के एक अधिकारी की शिकायत पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी रामचंद्र नेगी की शिकायत पर थाना सेक्टर 20 में किसान एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा, महेश, सुधीर चौहान सहित 42 नामजद व 700 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

आरोप है कि प्रदर्शन कर रहे किसान नेताओं ने, नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ नारे लगाए, प्राधिकरण के गेटों पर तालाबंदी कर, कर्मचारियों को बंधक बनाया तथा उनके साथ बदसलूकी की। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वहीं किसान नेता सुखबीर खलीफा ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी तानाशाही रवैया अपना रहे हैं और किसानों की जायज मांग को लेकर वे लोग 99 दिन से नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन प्राधिकरण के अधिकारी उनकी समस्याओं को हल करने के बजाय पुलिस पर दबाव बनाकर, उनके खिलाफ लगातार मामले दर्ज करवा रहे हैं।

## जीडीए के बाहर 20 को इकट्ठा होंगे गांव वाले



**गाजियाबाद।** वेव एवं सन सिटी से प्रभावित 18 गांव के किसान अपनी मांगों को लेकर 20 दिसंबर को जीडीए मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। किसानों ने जीडीए व निजी बिल्डर्स पर झूठे वायदे करने का आरोप भी लगाया। किसान नेता लोकेश नागर ने कहा कि मात्र दो सौ रुपए गज के दर से जमीन की खरीद फरोख्त की गई। किसानों के द्वारा साल 2008 के दौरान विरोध किए जाने पर जमीन का रेट 860 रुपये गज निकाला गया। 2014 के दौरान ईकला, इनायतपुर, आरिफपुर, महरौली, काजीपुरा, बयाना समेत कुल सात गांवों के किसानों के साथ त्रिपक्षीय समझौता हुआ था। दो साल के भीतर काम पूर किए जाने थे, लेकिन एक लंबा समय बीतने के बावजूद 5 फीसदी भी काम नहीं हुआ है।

# दिल्ली-गायिजाबाद व मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर पर बना स्पेशल स्टील पुल

- पुल की लंबाई 73 मीटर और वजन लगभग 850 टन




अशोक निर्वाण। गाजियाबाद

रैपिड रेल परियोजना का निर्माण कार्य लगातार स्पीड पकड़ रहा है। एनसीआरटीसी ने वसुंधरा, गाजियाबाद के पास भारतीय रेलवे की मुख्य लाइन को पार करने के लिए दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के पहले स्पेशल स्टील पुल स्थापित कर लिया है। यह पुल 73 मीटर लंबा है और इसका वजन लगभग 850 टन है। यह विंच और रोलर व्यवस्था (खिसकाने के लिए) की मदद से भारतीय रेल की पटरियों के दोनों ओर बनाई गयी लगभग 10 मीटर ऊंचाई के पिलर्स पर स्थापित किया गया है।

एनसीआरटीसी के पीआरओ पुनीत वत्स ने बताया कि पुल की स्थापना के साथ ही दिल्ली से मेरठ के बीच भारत के पहले आरआरटीएस कॉरिडोर के निर्माण का एक और पड़ाव पूरा कर लिया गया है। साहिबाबाद से दुहाई तक के 17 किमी लंबे प्राथमिकता वाले खंड का यह पहला विशेष स्टील पुल है।

आरआरटीएस स्टेशन के ठीक पहले भी लगभग 150 मीटर का एक और विशेष स्टील स्पैन का निर्माण कार्य चल रहा है, जहां निर्माणाधीन आरआरटीएस वायडक्ट एक फ्लाईओवर और दिल्ली मेट्रो के वायडक्ट को एक साथ पार कर रहा है। प्राथमिकता खंड में वायडक्ट के निर्माण के साथ ही सभी पांच स्टेशनों साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। गाजियाबाद से दुहाई के बीच के वायाडक्ट पर रेल पटरियों को जोड़ने का काम चल रहा है।

## निर्माण स्थल पर लगाई एंटी-स्मॉग गन

*एनसीआरटीसी ने निर्माण स्थलों में और उसके आसपास व्यापक प्रदूषण नियंत्रण उपाय करते हुए निर्माण की गति को बनाए रखा है। विशेषज्ञों की एक समर्पित टीम नियमित रूप से इन उपायों की प्रभावशीलता की निगरानी कर रही है। निर्माण कार्य पर्याप्त ऊंचाई के बेरिकेडिंग जोन में किया जा रहा है। निर्माण की धूल को निपटाने के लिए एंटी-स्मॉग गन, वाटर स्प्रिंकलर लगाए गए हैं। सभी कच्चे माल, मलबे को उनके चिन्हित स्थलों पर ढक कर रखा जाता है।*

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी**

**नियम 8 (6) का परंतुक देखें,**

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पून: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृरित अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है " एवं जिस भी स्थिती में है " के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | मुदित अग्रवाल (कर्जदार), वर्षा अग्रवाल, भारती अग्रवाल (सह-कर्जदार) LBLUC00002367082 | फ्लैट नंबर 1704, फ्लोर- 17 टॉवर टी 1, सनवर्ल्ड अरिस्टा सेक्टर- 168, नोएडा, नोएडा 201301. एरिया 2100 वर्ग फीट | रू. 1,49,41, 703.13/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 84,00, 000/- / रू. 8,40,000/- | दिसम्बर 15, 2021 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | दिसम्बर 31, 2021 को सु. 11:00 बजे से |
| 2. | अमित कुमार अग्रवाल (कर्जदार), भारती अग्रवाल (सह-कर्जदार) LBLUC00002367083 | 1703 17वीं मंजिल, टॉवर -1 सनवर्ल्ड अरिस्टा, सेक्टर- 168, नोएडा, नोएडा 201301 क्षेत्र - 2100 वर्ग फीट | रू. 1,49,30, 519/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 84,00, 000/- / रू. 8,40,000/- | दिसम्बर 15, 2021 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | दिसम्बर 31, 2021 को सु. 11:00 बजे से |
| 3. | ईशा लक्ष्मण (कर्जदार), दिव्य मेहता (जमानतदार) LBDEL00002430981 | फ्लैट नंबर 504, 5वीं मंजिल टॉवर 1, प्लॉट नंबर जीएच 01/सी, सनवर्ल्ड अरिस्टा, सेक्टर 168, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर 201301. क्षेत्र 2100 वर्ग फीट | रू. 1,42,74, 029/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 84,00, 000/- / रू. 8,40,000/- | दिसम्बर 15, 2021 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | दिसम्बर 31, 2021 को सु. 11:00 बजे से |
| 4. | अमित मुंशी (कर्जदार), भारती मुंशी (सह-कर्जदार) LBFDB00002392846, LBDEL00002401887 | फ्लैट नंबर 12ए06, 12ए फ्लोर, टावर 6 सनवर्ल्ड अरिस्टा, प्लॉट नं जीएच 01/सी सेक्टर 168, नोएडा, नोएडा 201301. एरिया 2100 वर्ग फीट | रू. 1,45,70, 240/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 84,00, 000/- / रू. 8,40,000/- | दिसम्बर 15, 2021 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | दिसम्बर 31, 2021 को सु. 11:00 बजे से |
| 5. | मनुल अग्रवाल (कर्जदार), समता गुप्ता (सह-कर्जदार) LBDEL00002391703 | फ्लैट नंबर 304, तीसरी मंजिल टॉवर 1 सनवर्ल्ड अरिस्टा, प्लॉट नंबर जीएच 01/सी सेक्टर -168, नोएडा, नोएडा 201301. एरिया 2100 वर्ग फीट | रू. 1,42,58, 854/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 84,00, 000/- / रू. 8,40,000/- | दिसम्बर 15, 2021 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | दिसम्बर 31, 2021 को सु. 11:00 बजे से |
| 6. | अनुपम कुमार निगम (कर्जदार), प्रीति अनुपम निगम (सह-कर्जदार) LBLUC00002420735 | फ्लैट नंबर 1605, 16वीं मंजिल, टॉवर 1, सनवर्ल्ड अरिस्टा, प्लॉट नंबर जीएच 01/सी, सेक्टर 168, नोएडा 201303. क्षेत्र- 2100 वर्ग फीट | रू. 1,49,42, 001/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 84,00, 000/- / रू. 8,40,000/- | दिसम्बर 15, 2021 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | दिसम्बर 31, 2021 को सु. 11:00 बजे से |
| 7. | नबज्योति बोरा (कर्जदार), जोनाली नवज्योति बोरा (सह-कर्जदार) LBDEL00002437971 | फ्लैट नंबर 706, 7वीं मंजिल टॉवर 1, प्लॉट नंबर जीएच 01/सी सनवर्ल्ड अरिस्टा, सेक्टर 168, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर 201301. क्षेत्रफल 2100 वर्ग फीट | रू. 1,37,80, 273/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 84,00, 000/- / रू. 8,40,000/- | दिसम्बर 15, 2021 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | दिसम्बर 31, 2021 को सु. 11:00 बजे से |
| 8. | अमित वर्मा (कर्जदार), नीतू वर्मा (सह-कर्जदार), दीपक अरोड़ा (गारंटर) LBGHZ00002423457 | फ्लैट नंबर 1606, 16वीं मंजिल टॉवर 1 सनवर्ल्ड अरिस्टा, प्लॉट नंबर जीएच 01/सी सेक्टर 168, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर 201301. एरिया-2100 वर्ग फीट | रू. 1,47,63, 122/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 84,00, 000/- / रू. 8,40,000/- | दिसम्बर 15, 2021 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | दिसम्बर 31, 2021 को सु. 11:00 बजे से |
| 9. | निशांत डालमिया (कर्जदार), नयन डालमिया (सह-कर्जदार) वसुधा डालमिया (गारंटर) LBGHZ00002422226 | फ्लैट नंबर 1606, 16वीं मंजिल टॉवर टी 6 प्लॉट नंबर जीएच 01/सी, सनवर्ल्ड अरिस्टा सेक्टर 168, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर 201301. एरिया-2100 वर्ग फीट | रू. 1,48,47, 725/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 84,00, 000/- / रू. 8,40,000/- | दिसम्बर 15, 2021 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | दिसम्बर 31, 2021 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड** की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं कों **दिसम्बर 30, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अतिंम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ङ संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग नई दिल्ली- 110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **दिसम्बर 30, 2021** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग नई दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्तांक्षरित प्रति को दिनांक **दिसम्बर 30, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9599281817/ 9372730494** या **मैसर्स नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9710029933/ 9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. मैसर्स नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।

बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

तिथि : दिसम्बर 09, 2021
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# डासना नगर पंचायत में 35 विकास कार्यों का उद्घाटन

**गाजियाबाद।** सीएम योगी आदित्यनाथ की पहल पर प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों में तेजी को देखते हुए डासना नगर पंचायत में भी 35 विकास कार्य का उद्घाटन डीएम ने हरी झंडी देकर किया है।

करीब 3 करोड़ से अधिक के विकास कार्य कस्बे में होने से विकास की गति को नए पंख लगेंगे। जानकारी के अनुसार बता दें कि डासना नगर पंचायत कस्बे में काफी समय से लंबित पड़े विकास कार्य को लेकर नगर पंचायत द्वारा ई-टेंडर के द्वारा शासन को भेजा गया था। डीएम आरके सिंह विकास कार्य को हरी झंडी देकर उनका उद्घाटन किया गया है। डासना में थप पड़े विकास कार्य को लेकर अब नए पंख भी लगेंगे।

# ग्रेटर नोएडा प्रवेश द्वार पर बनेगी ट्रकों की पार्किंग

- 60 मीटर लंबे प्लांटर से और खूबसूरत लगेगा गेट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से उतरकर सिरसा प्रवेश द्वार से ग्रेटर नोएडा आने पर आगंतुकों को और भी सुखद अनुभूति होगी।

एंट्री प्वाइंट के दोनों तरफ रोड के किनारे हरे-भरे अशोक और वोगेनवेलिया के पौधे लगाने के बाद अब प्राधिकरण बहुत जल्द यहां पर ट्रकर्स प्वाइंट भी विकसित करने जा रहा है जिसमें एक साथ 100 ट्रकों के पार्किंग की व्यवस्था होगी। इसके बन जाने से लंबा सफर करके ग्रेटर नोएडा आने वाले ट्रक चालकों को बहुत सहूलियत हो जाएगी। साथ ही 60 मीटर लंबाई में बनने वाले प्लांटर से प्रवेश द्वार की खूबसूरती में 4 चांद लग जाएगा। इन कार्यों पर करीब ढाई करोड़ रुपए खर्च होने का आकलन है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने पूर्व में भी सिरसा प्रवेश द्वार का दौरा किया था।

उन्होंने इस जगह को खूबसूरत और हरा-भरा बनाने के निर्देश दिए थे। साथ ही ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के रास्ते सिरसा प्रवेश द्वार से ग्रेटर नोएडा आने वाले ट्रक चालकों के लिए ट्रकर्स प्वाइंट बनाने के निर्देश दिए थे।

उनके निर्देश पर उद्यान विभाग ने इस जगह को हरा-भरा बनाने का काम तत्काल शुरू कर दिया।

सिरसा प्रवेश द्वार के दोनों तरफ चौड़ा करके वोगेनवेलिया और अशोक के पेड़ लगवा चुका है। सीईओ नरेंद्र भूषण ने मंगलवार को इसका जायजा भी लिया। वहीं, अब प्राधिकरण ट्रकर्स प्वाइंट भी जल्द बनाने जा रहा है। परियोजना विभाग ने इसकी डिजाइन और एस्टीमेट तैयार करा लिया है। सीईओ की अनुमति भी मिल गई है।

# जनरल बिपिन रावत की मौत पर जताया दुख



पीएन अरोड़ा

**गाजियाबाद।** वरिष्ठ समाजसेवी एवं यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी के प्रबंध निदेशक डॉ पीएन अरोड़ा को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में आकस्मिक निधन से गहरा आघात पहुंचा है और उन्होंने उनके शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

डॉ अरोड़ा ने कहा कि रावत ने सेना के लिए अद्वितीय योगदान दियाऔर दुर्घटना में जान गवाने वाले अन्य सभी लोगों के प्रति भी उन्होंने हार्दिक संवेदना प्रकट की।

Edelweiss | ECL Finance Ltd.
Ideas create, values protect

**ईसीएल फाइनैंस लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : ईसीएल इज एडलवाइस हाउस, ऑफ सी.एस.टी. रोड, कलीना, मुंबई - 400098. 91 22 4009 4400

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन।

अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन ईसीएल फाइनैंस लिमिटेड (ईसीएलएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") का खाता 30-04-2021 को एनपीए हो गया है। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, ईसीएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां ईसीएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/सह-कर्जदार (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि | प्रतिभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|---|
| 1. | (ऋण खाता सं. : LDELSLE0000083195) मैसर्स फ्रिस्को फैब डाईंग ऐंड प्रिंटिंग प्रा. लि. (कर्जदार) श्री संजय अरोड़ा (सह-कर्जदार) सुश्री सोनिया अरोड़ा (सह-कर्जदार) श्री सुनील सिंघल (सह-कर्जदार) | 22-11-2021 रू. 99,04,754.54/- (रूपए निन्यानवे लाख चार हजार सात सौ चौवन तथा पैसे चौवन मात्र) 22 नवम्बर, 2021 तक | **सम्पत्ति की अनुसूची** तहसील और जिला फरीदाबाद में चार्मवुड विलेज कॉम्प्लेक्स नामक आवासीय कालोनी में 30.35 एकड़ परिमाप की ग्रुप हाउसिंग के लिए चिह्नांकित भू खंड पर चार्मवुड विलेज, ग्राम लक्कड़पुर, जिला फरीदाबाद में निर्मित रॉयल रिट्रीट-।। नामक 12 मंजिली बिल्डिंग में प्रथम तल पर अपार्टमेंट नंबर 1, सुपर एरिया 4837 वर्ग फीट (449 वर्ग मीटर लगभग) के सभी अधिकार, स्वामित्व और हित। चौहद्दी निम्नानुसार : उत्तर : खुला और फ्लैट नंबर 102 दक्षिण : खुला और फ्लैट नंबर 103 पूरब : लेफ्ट लॉबी पश्चिम : खुला **नोट : उक्त अनुसूची का अधिक स्पष्ट वर्णन मूल हस्तांतरण विलेख दिनांकित 04-04-2011 में किया गया है।** |

यदि उक्त कर्जदार ईआरएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, ईआरएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण ईआरएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

तिथि : 09-दिसम्बर-2021
स्थान : दिल्ली

हस्ता./-
(प्राधिकृत अधिकारी)
वास्ते ईसीएल फाइनैंस लिमिटेड

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

मैं निशु, पुत्री श्री ओम प्रकाश, निवासी मकान न0-3, गांव कन्होरी, जिला रिवाड़ी, हरियाणा। अपने सभी भविष्य कार्यों के लिये अपना नाम निशु से निशु चाहार कर रही हूँ।

PD(9116)C

**शुद्धिपत्र**

कृपया इस समाचार पत्र के 07-09-2021 अंक में प्रकाशित दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की मांग सूचना के विज्ञापन के पहले कालम में दी गई जानकारी निम्नानुसार पढ़ें :
कर्जदार अरशद खान का एलसी नंबर 00002062 के स्थान पर 00044245 के रूप में पढ़ें।
कर्जदार हेमसागर रामआसरे सिंह का एलसी नंबर 00002715 के स्थान पर 00041349 के रूप में पढ़ें।
कर्जदार राजीव रंजन कुमार का एलसी नंबर 00002715 के स्थान पर 00000660 के रूप में पढ़ें।
कर्जदार अभिषेक गुप्ता का एलसी नंबर 00001974 के स्थान पर 00002329 के रूप में पढ़ें।
विज्ञापन की शेष विषय-वस्तु पूर्वानुसार रहेगी।
हम असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हैं।
विज्ञापन विभाग

**UNDER ORDER 5 RULE 20 C.P.C**

**BEFORE SH. J.L. Gupta, DISTT. & SESSION JUDGE (RETD.) ARBITRATOR AT SHIMLA**

**Reference No. 78/2019**

**In the matter of:**

**M/s THAKUR JI PAPERS**

Versus

**M/s SHAKTI BHOG FOODS LTD**

**Next Date of Hearing : 20.12.2021**

**Repondent/ Buyer :**

M/s SHAKTI BHOG FOODS LTD 1201-1202, PEARLS BUSINESS PARK, NETAJI SUBHASH PLACE DISTT. AND STATE DELHI-110034.

In the above titled matter the respondent/ buyer could not be served through proper manner despite best efforts. Now he is summoned through publication to appear before me on 20.12.2021 at my Residence Anjali Niwas Tuttikandi, Shimla- 04 at 11:30 A.M.

Sd/- J. L. Gupta
3rd December 2021 Sole Arbitrator

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# प्रमुख अस्पतालों में हड़ताल जारी, एमएएमसी भी शामिल

## नीट पीजी काउंसलिंग में देरी के विरोध में चल रहा डॉक्टरों का आंदोलन




सफदरजंग अस्पताल में अपने मरीजों के इलाज को बेहाल घूमते परिजन।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नीट पीजी काउंसलिंग में हो रही देरी से नाराज रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल बुधवार को भी राजधानी के प्रमुख अस्पतालों में जारी रही। इस दौरान उन्होंने आउट पेशेंट विभाग के साथ आपातकालीन सेवाओं का बहिष्कार किया। सफदरजंग, राम मनोहर लोहिया, कलावती सरन और सुचेता कृपलानी अस्पताल में लगभग चार हजार रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल की वजह से इमरजेंसी में आए गंभीर मरीजों को भी इलाज नहीं मिल पा रहा है। इसके चलते मरीजों का हाल बेहाल था।

गत सोमवार से ही अलग-अलग अस्पतालों में डॉक्टरों की हड़ताल ने मरीजों के लिए संकट पैदा कर दिया है। हालांकि एम्स, बाड़ा हिंदूराव

### ● गंभीर मरीजों को भी नहीं मिल रहा इलाज

अस्पताल और कस्तूरबा गांधी अस्पताल में नियमित मेडिकल सुविधाएं रहीं। वहीं दिल्ली सरकार के सरकारी अस्पताल जीटीबी अस्पताल लोकनायक अस्पताल, संजय गांधी अस्पताल, अंबेडकर अस्पताल और दीनदायल अस्पताल में हड़ताल का आशिंक असर नजर आया।

मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टर, एनईईटी-पीजी 2021 काउंसलिंग में देरी को लेकर चल रहे देशव्यापी आंदोलन के तहत गुरुवार से सभी नियमित और आपातकालीन सेवाओं का बहिष्कार करेंगे। वहीं सरकारी अस्पतालों में हड़ताल से मरीजों को इलाज के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है। इस बीच केंद्र द्वारा संचालित तीन अस्पतालों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी रहा।

लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) के सदस्यों ने आंदोलन के तहत बुधवार को परिसर के निकट सड़कों पर मार्च निकाला। इस दौरान कनॉट प्लेस के पास तख्तियां लिए सैकड़ों डॉक्टरों ने नारेबाजी की। लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर नजदीक में स्थित है।

### डॉक्टरों से बात करे सरकार : कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कोविड महामारी और वायरस के नए वैरियंट ओमिक्रोन के मद्देनजर केन्द्र सरकार को तुरंत प्रभाव से डाक्टरों से बात करके उनकी हड़ताल खत्म करवानी चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े डाक्टर केन्द्र द्वारा नीट पीजी काउंसलिंग में देरी के कारण पिछले कई दिनों से हड़ताल पर है, जिसके चलते अस्पतालों में ओपीडी सहित अन्य सेवाएं पूरी तरह से ठप्प है। केन्द्र सरकार के असंवेदनशील और गैरजिम्मेदाराना रवैये के कारण दिल्ली समेत अन्य राज्यों के लगभग 10 हजार डाक्टर हड़ताल पर है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी और ओमिक्रोन के नए संकट को देखते सरकार को तुरंत प्रभाव से डाक्टरों से बात करके हड़ताल खत्म करवाना चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान अस्पतालों में डाक्टरों की बहुत जरूरत है। ऐसे में समय में भाजपा सरकार को लोगों के स्वास्थ्य की कोई चिंता नही है। जहां अभी कोविड महामारी का प्रकोप खत्म नहीं हुआ है, वहीं नए वेरिएंट ओमिक्रोन ने दिल्ली में दस्तक दे दी है। डॉक्टरों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं।

गत बुधवार को इलाज नहीं मिलने के कारण एक व्यक्ति ने सड़क पर ही दम तोड़ दिया। इससे कोविड योद्धाओं के रुप में डाक्टरों, नर्सो और पैरामेडिकल स्टॉफ के सम्मान में फूल बरसाने वाली, ताली-थाली बजाने और टॉर्च दिखाकर वाहवाही लूटने वाली मोदी सरकार का दोहरा चरित्र सामने आ गया है।

# जिद न करें सीएम, शराब नीति वापस लें : भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्ली सरकार से नई शराब नीति को फिलहाल लागू नहीं करने और सभी वर्गों से सलाह करने और समीक्षा के बाद इस निर्णय करने को कहा है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस बारे में जिद पर न अड़ें और समाज के हित में नई शराब नीति को वापस लें।

बिधूड़ी ने कहा है कि दिल्ली में अब तक शराब की करीब 500 दुकानें ही चल रहीं थीं और अब उनकी संख्या 850 कर दी गई है। इसके अलावा नई शराब नीति में जिस तरह सिर्फ राजस्व कमाने के लिए खुले दिल से शराब के अड्डे खोलने की इजाजत दी गई है, उससे इन अड्डों की संख्या 3 हजार से ज्यादा हो सकती है। बिधूड़ी ने कहा है कि

### ● नियमों को ताक पर रखकर खोली जा रहीं दुकानें : नेता प्रतिपक्ष

शराब के ये ठेके तमाम नियमों को ताक पर रखकर खोले जा रहे हैं जिससे हर जगह पर इनका भारी विरोध हो रहा है। यहां तक कि मास्टर प्लान और नगर निगम के बिल्डिंग बायलॉज का भी पूरी तरह उल्लंघन हो रहा है।

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी शराब के ठेके धार्मिक स्थलों, स्कूल और अस्पतालों के आसपास खोले जा रहे हैं जिससे लोगों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि दिल्ली केबिनेट ने नॉन कनफर्मिंग एरिया में शराब की दुकानें खोलने का जो प्रस्ताव पास किया है, उसे भी फौरन वापस लिया जाए क्योंकि यह पूरी तरह नियम विरोधी है।

# प्रदूषण से निपटने के लिए 478 करोड़ खर्च

## आरटीआई में मिली जानकारी के अनुसार 2015 से अब तक किया खर्च

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (डीपीसीसी) ने 2015 से वायु प्रदूषण से निपटने के लिए 478 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता अमित गुप्ता के सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत दायर आवेदन के जवाब में बोर्ड ने बताया कि 2008 में स्थापित 'ग्रीन फंड' से वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए कई परियोजनाओं पर अब तक 467.67 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

उसने बताया कि पैसे का इस्तेमाल बैटरी से चलने वाले वाहनों के लिए सब्सिडी देने, ई-रिक्शा, सम-विषम (ऑड-ईवन) अभियान, दिल्ली सचिवालय में बायो-गैस संयंत्र के रखरखाव, ऑनलाइन वायु निगरानी स्टेशनों के संचालन, स्मॉग टॉवर की स्थापना, पर्यावरण मार्शलों का वेतन समेत अन्य में इस्तेमाल किया गया है।

डीपीसीसी ने बताया कि उसने पर्यावरण क्षति हर्जाने से संग्रहित किए गए 10.58 करोड़ रुपये परिवेशी वायु निगरानी स्टेशन की स्थपाना, संचालन व रखरखाव को साथ-साथ शोध व अध्ययन परियोजनाओं, वायु प्रयोगशाला के लिए उपकरणों की खरीद, सरकारी स्कूलों में 'रीसायकल' इकाइयों की स्थापना, ध्वनि निगरानी स्टेशनों की स्थापना, वायु प्रदूषण निगरानी और निरीक्षण समिति को मानदेय पर खर्च किए हैं।

गुप्ता की ओर से दायर अन्य आरटीआई आवेदन के जवाब में डीपीसीसी ने कहा कि उसने 2008 में स्थापित 'द एयर एम्बियंस फंड' से 12 करोड़ रुपये 2016 से 2019 के बीच तीन चरण में चलाई गई सम-विषम योजना पर खर्च किए हैं।

दिल्ली में हर एक लीटर डीज़ल की बिक्री पर 25 पैसे 'द एयर एम्बियंस फंड' में जाते हैं और इसका संग्रह व्यापार व कर विभाग करता है।

# धीरे-धीरे कम हो रहा प्रदूषण एक्यूआई 241 पर आया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में हवा की अनुकूल गति के कारण वायु गुणवत्ता में बुधवार को सुधार आने की संभावना है। हालांकि, वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में ही रहेगी।

प्राधिकारियों ने बताया कि शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक सुबह नौ बजे 236 पर रहा। मंगलवार को शाम चार बजे 24 घंटे का औसत एक्यूआई 255 था। पड़ोसी फरीदाबाद (आईक्यू 190), गाजियाबाद (आईक्यू 220), ग्रेटर नोएडा (आईक्यू 136), गुरुग्राम (आईक्यू 184) और नोएडा (आईक्यू 180) में भी वायु गुणवत्ता में सुधार दर्ज किया गया।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की वायु गुणवत्ता निगरानी एजेंसी 'सफर' ने अनुमान जताया कि अगले तीन दिनों में हवा की मध्यम गति के कारण आबोहवा में सुधार आएगा।

स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष (मौसम विज्ञान और जलवायु परिवर्तन) महेश पालावत ने कहा कि हवा की मध्यम गति से वायु गुणवत्ता में सुधार लाने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि पर्वतीय क्षेत्र में असर डालने वाले पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर होने से सर्द उत्तरपश्चिमी हवाएं शुक्रवार से चलेंगी।

# लोकसभा में उठा दिल्ली की शिक्षा का मुद्दा

## भाजपा सांसद वर्मा ने शून्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में सरकार को विफल बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने दिल्ली में शिक्षा के क्षेत्र में दिल्ली सरकार की विफलताओं के मामले को बुधवार को लोकसभा में उठाया।

सांसद ने दिल्ली के सरकारी स्कूलों में संविदा शिक्षकों की समस्याओं के साथ छात्रों को प्रदान की जानी वाली शिक्षा की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है। दिल्ली में शिक्षकों के लिए स्वीकृत 64,096 शिक्षक पदों की तुलना में केवल 35,034 नियमित



शिक्षक हैं, जिससे 29,062 नियमित शिक्षकों की कमी है।

उन्होंने दिल्ली सरकार के पेरोल पर अतिरिक्त 20,000 अनुबंधित शिक्षकों का भी उल्लेख किया, जिन्हेंकेवल का 1,000 से 1,400

### ● 29,062 नियमित शिक्षकों की है कमी

का वेतन दिया जा रहा है और कोरोना काल में उनको काफी नुकसान हुआ है। औसत कार्य दिवस को देखते हुए वे प्रतिमाह केवल 15,000 से 20,000 रुपये कमाते हैं। जो गुणवत्तपूर्ण शिक्षा और शिक्षकों के बेहतर जीवन के लिए नाकाफी है।

उन्होंने नौंवी कक्षा में फेल होने वाले छात्रों के बारे में ध्यान खींचा। इसे अलावा शिक्षा के आधारभूत संरचना पर भी उन्होंने ध्यान खींचा।

# कारोबारियों से रंगदारी वसूलने के मामले में आरोप तय हों : कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने कथित तौर पर संगठित अपराध सिंडिकेट चलाने और यहां के व्यापारियों और कारोबारियों से रंगदारी वसूलने के मामले में कथित गैंगस्टर प्रवेश मान और चार अन्य के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीण सिंह ने सख्त महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत दंडनीय अपराध के लिए आरोपी व्यक्तियों पर मुकदमा चलाने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने तीन दिसंबर को पारित एक आदेश में कहा कि मैंने पाया कि अभियोजन पक्ष ने अदालत के समक्ष सबूतों से प्रथम दृष्टया यह स्थापित किया है कि गंभीर संदेह मौजूद है कि आरोपी प्रवेश मान



के नेतृत्व में एक संगठित अपराध सिंडिकेट चल रहा है, जिसके सदस्य अजय मान, सचिन मान, युद्धवीर और साहिल दहिया हैं और ये संगठित अपराध में शामिल हैं।

अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि दिल्ली-एनसीआर की नियमित अपराध समीक्षा से पता चला है कि खतरनाक गैंगस्टर परवेश मान हरियाणा के पड़ोसी जिलों सहित दिल्ली के बाहरी और पश्चिमी जिलों के क्षेत्र में आतंक और अराजकता का प्रतीक बन गया है।

आरोप है कि 2016 में प्रवेश ने कुख्यात नीरज बवाना गिरोह से खुद को अलग कर लिया और उसने अपना गिरोह बना लिया ।

# पुलिसकर्मी पर बंदूक तानने वाले पर हत्या के प्रयास का आरोप तय

## दिल्ली दंगा : अदालत ने शाहरुख पठान के अनुरोध को अस्वीकार किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली में 2020 के दंगे के दौरान पुलिस अधिकारी पर कथित तौर पर बंदूक तानने वाले शाहरुख पठान का अनुरोध अस्वीकार करते हुए उसके खिलाफ दंगा करने और हत्या के प्रयास के आरोप तय किए हैं।

दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल दीपक दहिया पर बंदूक तानने की पठान की तस्वीर पिछले साल सांप्रदायिक दंगे के दौरान सोशल मीडिया पर नजर आई थी। उसे तीन मार्च, 2020 को गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वह तिहाड़ जेल में बंद है। आरोपों को तय करने के दौरान अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने कहा कि यह बेहद स्पष्ट है कि पठान ने दंगाइयों के एक



फाइल फोटो

समूह का नेतृत्व किया और 24 फरवरी, 2020 को दहिया के जीवन को खतरे में डाला और एक सरकारी कर्मचारी के काम में बाधा पहुंचाई और आपराधिक शक्ति का इस्तेमाल किया। न्यायाधीश ने पठान पर आरोप तय करने पर पठान ने अपना अपराध स्वीकार नहीं किया और कहा कि वह मुकदमे का सामना करेगा।

पठान ने इस आधार पर धारा 307 और 188 वापस लेने का आग्रह किया कि उसका पुलिसकर्मी की हत्या करने का कोई इरादा नहीं था और उसे सीआरपीसी की धारा 144 लागू होने के बारे में जानकारी नहीं थी। राहत देने से इनकार करते हुए एएसजे रावत ने कहा कि 'हत्या का इरादा' दहिया के बयान से स्पष्ट है कि पठान ने उनके सिर पर बंदूक तान दी और गोली चलाई लेकिन वह बचने में सफल रहे।

न्यायाधीश ने कहा कि आरोपी के वकील की यह दलील कि पठान ने पुलिसकर्मी को मारने की कोशिश नहीं कि बल्कि हवा में गोली चलाकर डराने की कोशिश की, यह दहिया के बयान और वीडियो फुटेज के मद्देनजर धारा हटाने का आधार नहीं हो सकता है। पठान के अलावा न्यायाधीश ने इस मामले में चार और आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए। दिल्ली में फरवरी, 2020 में दंगे के दौरान कम से कम 53 लोगों की मौत हो गई और 700 से ज्यादा घायल हुए थे।

# पूर्वी निगम में पीपीपी के तहत होगा पार्कों का रख-रखाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने अपने पार्कों के बेहतर रख-रखाव के लिए नई योजना शुरू की है। पूर्वी दिल्ली के निगमायुक्त विकास आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के तहत 8 पार्कों में पीपीपी योजना के आधार पर नर्सरी विकसित की जायेगी।

इस योजना के अन्तर्गत पार्क के 20 प्रतिशत स्थान पर नर्सरी बनायी जायेगी तथा 80 प्रतिशत स्थान पार्क क्षेत्र होगा जिसके उचित रख-रखाव का दायित्व नर्सरी मालिक का होगा अर्थात साफ-सफाई, सिंचाई, कटाई-छंटाई और पार्क के सौन्दर्यीकरण का कार्य नर्सरी मालिक द्वारा किये जायेंगे। निगमायुक्त ने बताया कि पूर्वी निगम द्वारा ओपन टेंडर के आधार पर 5 वर्षों के लिए यह कार्य आवंटित किया जायेगा। इसके लिए कुछ शर्ते निधारित की गई हैं जैसे पूर्वी निगम के पार्क में नर्सरी बनाने के लिए इच्छुक आवेदनकर्ता का इंडियन नर्सरी एसोसिएशन में पंजीकरण होना आवश्यक है।

निगमायुक्त ने बताया कि नर्सरी मालिक जिसे कार्य अवार्ड किया जायेगा वह 37.94 रुपये प्रति मीटर वार्षिक दर से पूर्वी निगम को लाइसेंस शुल्क का भुगतान करेगा साथ ही प्रत्येक वर्ष 500 पेड़, 500 झाड़ीनुमा पौधे तथा 500 इंडोर प्लांट देगा जिसका प्रयोग पूर्वी निगम द्वारा अपने पार्कों और क्षेत्र के सौन्दर्यीकरण के लिए किया जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार



लक्ष्मीनगर के वार्ड संख्या-14ई में नवनिर्मित फिक्स कॉम्पेक्टर ट्रांसफर स्टेशन के उद्घाटन अवसर पर मौजूद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता, विधायक अभय वर्मा व महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल।

### फिक्स कॉम्पेक्टर ट्रांसफर स्टेशन का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने बुधवार को वार्ड संख्या-14 ई, लक्ष्मीनगर क्षेत्र में नवनिर्मित फिक्स कॉम्पेक्टर ट्रांसफर स्टेशन का उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक अभय वर्मा, महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल, निर्माण समिति के अध्यक्ष गोविन्द अग्रवाल, उद्यान समिति की अध्यक्ष, सुश्री नीतू त्रिपाठी तथा स्थानीय पार्षद संतोष पाल भी उपस्थित थे। इस मौके पर आदेश गुप्ता ने कहा कि निगम पूर्वी दिल्ली को पूरी तरह से ढलाव मुक्त बनाने की राह पर तेजी से अग्रसर है और अपने सीमित संसाधनों के बावजूद क्षेत्र में फिक्स कॉम्पेक्टर ट्रांसफर स्टेशन लगाने के लिए निरंतर प्रसासरत है। उन्होंने कहा कि विषम आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद निगम स्वच्छता, प्राथमिक शिक्षा व जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में शानदार कार्य कर रहा है। महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल ने बताया कि लगभग 40 लाख रुपये की लागत से यह फिक्स कॉम्पेक्टर ट्रांसफर स्टेशन स्थापित किया गया है जिसकी क्षमता 15 टन है।

### सीडीएस बिपिन रावत के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** सीडीएस बिपिन रावत के निधन पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने गहरा दुःख प्रकट करते हुए कहा कि इससे देश और सेना की बहुत बड़ी क्षति हुई है। अपने शोक संदेश में चौबे ने कहा है कि पूर्व सेना प्रमुख बिपिन रावत की गिनती सेना के सबसे प्रतिभाशाली अधिकारियों में होती रही है। उनकी कमी देश और सेना को सदैव खलेगी। ईश्वर उनकी और उनके साथ मृत सभी के आत्मा को शांति दें और उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें।



# बंगाल की तरह सारे हिंदुस्तान में होगा खेला होबे : सुखेंदु शेखर राय

## गुरुग्राम में टीएमसी का कार्यालय उद्घाटन करने पहुंचे पार्टी के राज्यसभा सांसद सुखेंदु शेखर राय

## टीएमसी नेता अशोक तंवर कार्यकर्ताओं के साथ रहे मौजूद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**तृणमूल** कांग्रेस (टीएमसी) के राज्यसभा सांसद एवं हरियाणा प्रभारी सुखेंदु शेखर राय ने कहा कि बंगाल की तरह भविष्य में पूरे हिन्दुस्तान में खेला होगा। त्रिपुरा में खेला हो चुका है। ममता दीदी का नेतृत्व देश और देश के अनेक राजनीतिक दल चाहते हैं। यह बात उन्होंने बुधवार को गुरुग्राम में टीएमसी का जिला कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर कही।

इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद डा. अशोक तंवर, गुरुग्राम में नेता विजेंद्र जिंदल समेत अनेक नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


गुरुग्राम में टीएमसी कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर प्रेस वार्ता करते राज्यसभा सांसद, हरियाणा प्रभारी सुखेंदु शेखर राय और डॉ. अशोक तंवर मौजूद अन्य।

### चल रहा पार्टी विस्तार का काम

**उन्होंने** कहा कि हमारा जो विस्तार का काम चला रहा है, हरियाणा उसमें सबसे आगे है। नॉर्थ इंडिया में हरियाणा से अशोक तंवर ने ममता बैनर्जी से मुलाकात की और हरियाणा में काम करने का आग्रह किया। उन्हें तुरंत ममता दीदी ने स्वीकार किया। 23 नवम्बर को तंवर ने पार्टी ज्वाइन की, 29 को कलकत्ता में वर्किंग कमेटी की बैठक में भाग लिया। आज कार्यालय भी खुल गया है। इससे पता चलता है कि वे काम के प्रति कितने गंभीर हैं।

सुखेंदु शेखर राय ने कहा कि मोदी की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सब लगे हैं। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा में खेला हो चुका है। गोवा में होने वाला है। हरियाणा में भी खेलेंगे। महाराष्ट्र में चाहे शिवसेना हो या एनसीपी हो, सभी ममता दीदी का नेतृत्व चाहते हैं। यूपी में अखिलेश भी ममता बैनर्जी के रूप में देश में नया विकल्प खड़ा करने के पक्षधर हैं। तीसरे विकल्प पर कांग्रेस की भूमिका को ममता बैनर्जी द्वारा नकारने के सवाल पर राज्यसभा सांसद ने कहा कि ममता के खिलाफ विस चुनाव में सीपीएम, कांग्रेस व एक अन्य पार्टी लगे थे। उनका काम बीजेपी को फायदा पहुंचाना था, जिसमें वे सफल नहीं हो सके। इसके बावजूद ममता दीदी ने चुनाव के कुछ समय पर दिल्ली में सोनिया गांधी से मुलाकात करके कहा कि वे कमान संभलें। जो बिखरे हुए हैं, उन्हें एक छत्र के नीचे लेकर आएं। उस बैठक में राहुल गांधी भी थे।

बैठक के चार महीने तक ममता ने इंतजार किया, लेकिन सोनिया गांधी ने कुछ नहीं किया। इसके बाद ही एकला चलना शुरू किया। इसके बाद वरिष्ठ नेताओं ने ममता बैनर्जी का नेतृत्व स्वीकार करते हुए पार्टी में आस्था दिखाई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा से अशोक तंवर जैसे क्रांतिकारी नेता ने हरियाणा में कमान संभाली है। जो लोग बदलाव चाहते हैं, वे टीएमसी के साथ जुड़ रहे हैं। सांसद सुखेंदु शेखर राय ने कहा कि हमारी किसी पार्टी से दुश्मनी नहीं है, लेकिन आम जतना के लिए हम काम कर रहे हैं। ईमानदारी से काम करने वालों का स्वगात है। एक समुदाय विशेष को ममता बैनर्जी द्वारा लाभ देने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह अफवाह बीजेपी ने ही फैलाई थी। बंगाल की जनता इसका जवाब दे चुकी है। आगे देश की जनता देगी।

# हरियाणा में छोटी से बड़ी पंचायत का चुनाव लड़ेगी टीएमसी : तंवर

## अब पूरे प्रदेश में खोलेंगे कार्यालय

**गुरुग्राम।** हरियाणा में अपनी राजनीतिक सक्रियता दिखाते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर ने गुरु द्रोण की धरती गुरुग्राम से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का हरियाणा में पहला कार्यालय का शुरू कराया। उन्होंने पत्रकार वार्ता में कहा कि आने वाले समय में टीएमसी छोटी से बड़ी पंचायत तक का चुनाव लड़ेगी। यानी गांव के पंच से लेकर सांसद तक का चुनाव लड़ा जाएगा।

डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि डा. तंवर ने कहा कि पूरे हरियाणा में अगले तीन-चार माह में कार्यालय शुरू कर दिए जाएंगे। एक सप्ताह में एडहोक कमेटी राज्य और जिला स्तर पर बनेगी। दो-तीन महीने में ही खंड स्तर तक पदाधिकारी बनाए जाएंगे। हर गांव-शहर, कस्बे में हमारे कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समेत बीजेपी, जेजेपी, इनेलो, बीएसपी व अन्य दलों के लोगों से आग्रह है कि जो लोग देश को बचाना चाहते हैं, वे ममता दीदी के साथ आएं। अशोक तंवर ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 30 साल पहले जो ममता बैनर्जी के साथ हुआ था, वही पिछले दो साल पहले उनके साथ भी हुआ। आज हालत यह है कि कांग्रेस खुद को खड़ा नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ना तो देश का फायदा चाहती है और ना ही अपना। अगर इतनी परवाह होती तो वह कर्मठ कार्यकर्ताओं का सम्मान करती। उन्होंने कहा कि जिस नेता और आम आदमी की उपयोगिता होगी। जो देश के लिए काम करना चाहता है, टीएमसी उन लोगों के लिए है। कांग्रेस व अन्य दलों में इस तरह की कल्चर खत्म हो चुकी है। एक ममता बैनर्जी ही हैं, जो कि बीजेपी व उनके सहयोगियों के घुटने टिकवा सकती हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र में तीसरा मोर्चा नहीं, पहला मोर्चा ममता दीदी के नेतृत्व में होगा। यह पहले मोर्चे की लड़ाई है। यही मोर्चा 2024 में देश की राजनीति को बदलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा में कांग्रेस का साथ स्वीकार नहीं करेंगे। कांग्रेस के बारे में जितना कम बुलवाओ, उतना देश के लिए बढ़िया है।

राज्यसभा में जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अशोक तंवर ना कोई डीलर है, ना कोई ब्रोकर है। दूसरे दलों में ऐसे लोग हैं, जो कि अपना फायदा देखते हैं। हम ना तो कांग्रेस में ही ऐसी सोच के साथ रहे, ना ही टीएमसी में इस सोच के साथ आए हैं। अशोक तंवर ने कहा कि गुरुग्राम में कांग्रेस की दुर्दशा सबके सामने है।

# मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का 120 लोगों को मिलेगा लाभ

**सोहना।** मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान दो द्विवसीय मेले में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र से पहुंचे 354 लाभार्थियों ने रोजगार व व्यवसाय चलाने के लिए अपना पंजीकरण कराया था। जिसमें से 120 को रोजगार और व्यवसाय चलाने के लिए ऋण मिलेगा। मेले का लाभ लेने के लिए नगरपरिषद और बीडीपीओ की 35 ग्राम पंचायतों में से 572 लाभार्थियों को मेले में रोजगार और व्यवसाय चलाने के लिए बुलाया गया था।

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान दो द्विवसीय मेले में मंगलवार की अपेक्षा बुधवार को 20 फीसदी कम ही लोग पहुंचे। मेले का लाभ लेने के लिए 572 में से करीब 500 लोग ही कुल पहुंचे। खंड की 35 ग्राम पंचायतों में से आए 274 बीपीएल कार्ड धारकों व्यवसाय व रोजगार चलाने के लिए अपना पंजीकरण कराया। जिसके लिए यहा लगी 18 विभागों की अलग-अलग स्टालों पर 37 योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरुक किया। ग्रामीण क्षेत्र आने वाले लाभार्थियों में से 80 ने ही रोजगार व व्यवसाय चलाने के लिए ऋण लेने के लिए अपनी इच्छा जताई है। शहरी क्षेत्र में भी 25 फीसदी ने ही ऋण लेने के लिए इच्छा जताई है। 166 में से 123 ने ही ऋण लेने के लिए पंजीकरण कराया। जिसमें से मात्र 40 लाभार्थियों ने मेले का लाभ उठाते हुए ऋण मिलेगा।

# बिगड़े संस्कारों का नतीजा है लव जेहाद : ज्योति शिखा

## समापन 14 दिसम्बर को होगा, 15 को हवन और विशाल भंडारा होगा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**संस्कारों** का जीवन में बहुत ही महत्व है। कितने ही धर्म को मानने वाले हों, लेकिन संस्कारों का बहुत महत्व है। कलयुग में पाश्चात्य संस्कृति का बहुत प्रभाव बढ़ रही है। युवा अपनी संस्कृति भूल चुका है। भौतिकता की तरफ भाग रहा है। युवा पीढ़ी को स्वयं धर्म से जोड़कर रखना जरूरी है। यह बात श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह में कथा वाचक ज्योति शिखा दीदी ने कही।

बुधवार से गांव बालूदा के राधा-कृष्ण मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इससे पूर्व 101 कलशों के साथ महिलाओं ने शोभायात्रा में भाग लिया। कथा में प्रवचन करते हुए ज्योति शिखा दीदी ने लव जेहाद पर कहा कि यूपी व हरियाणा ही नहीं, पूरे भारत की समस्या है। घरों में बिगड़े संस्कारों का यह नतीजा है। संस्कारों का होना बहुत जरूरी है। सतातन धर्म मूल जड़ है। यह हमें वेदों, शास्त्रों से मिला है। उन्होंने कहा कि अधिक कुछ पाने के लिए दूसरे धर्म में जाते हैं। वर्तमान शिक्षा प्रणाली पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा बहुत कमजोर हो रही है। आज शिक्षा से संस्कार नहीं मिल रहे। व्यापार व कमाई करने वाली शिक्षा पर जोर है। उन्होंने संस्कार देने वाली शिक्षा की पैरवी की। पहला संस्कार बच्चे का घर से होता है दूसरा संस्कार शिक्षा के मंदिरों से होता है। आज के बच्चे मानसिक व शारीरिक रूप से कमजोर हो रहे हैं। ज्योति शिखा दीदी ने कहा कि कलयुग में भागवत सबसे बड़ा साधन है। लोगों का कल्याण करने के लिए भागवत रची गई है। भागवत ही भगवान है। पूरे मानव कल्याण के लिए भागवत बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि भागवत हमें आचरण युक्त जीवन जीना सिखाती है। भगवान से प्रेम करना सिखाती है। भक्ति कैसी हो, वैरागय कैसा हो, ज्ञान कैसा हो, धर्म कैसा हो यह सब सिखाती है। सबसे ज्यादा जरूरी चरित्र की प्रधानता है। कथा के बारे में उन्होंने कहा कि आज के दिन भगवान राम का विवाह समारोह हुआ था और बांके बिहारी जी प्रकट हुए थे। आज का दिन बहुत शुभ है। पहले दिन महातमय महिला की कथा सुनाई गई। यह रोजाना सुबह 10 बजे से 3 बजे तक सुनाई जाएगी। यह भागवत कथा ग्रामीणों द्वारा चंदा करके करवाई जा रही है। सभी ग्रामीणों का इसमें सहयोग है। बता दें कि ज्योति शिखा 12 साल से भक्ति में हैं। वृंदावन में उनका जन्म हुआ है। गिरधर गोपाल कुंड में निवास है। परिवार भक्ति में था, परिवार की प्रेरणा से भागवत कथा करने लगी।


गुरुग्राम के गांव बालूदा में कथा करती ज्योति शिखा और उपस्थित श्रद्धालु।

# 720 लोगों ने लगवाई वैक्सीन की दूसरी डोज

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**कोरोना** रोधी वैक्सीनेशन की दूसरी डोज लगवाने वालों की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ने लगी है। मंगलवार को शहर के तीन केंद्रों पर 720 लोगों ने वैक्सीन की दूसरी डोज लगवाई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डोर टू डोर अभियान को हरी झंड़ी दी है।

ओमिक्रोन संक्रमण से अपने आपको सुरक्षित बचाव के लिए कोरोना रोधी दूसरी डोज लगवाने वालों की संख्या एक सप्ताह पहले एक दिन में 100 से 125 तक बहुत ही मुश्किल से पहुंच रही थी, लेकिन ओमिक्रोन संक्रमण के भारत में पैर पसाने की खबर सुनने के बाद लोगों ने दूसरी डोज लगवाने के लिए घरों से निकलना शुरू कर दिया है। मंगलवार को नागरिक अस्पताल में रिकार्ड तोड़ दूसरी डोज का वैक्सीनेशन हुआ। यहां एक ही केंद्र पर 351 लोगों ने टीका लगवाया। देवीलाल खेल स्टेडियम में लगे मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले में बने केंद्र पर 125 लोगों ने दूसरी डोज का टीका लगवाया। मंगलवार को तीन केंद्रों पर एक दिन में 720 लोगों को दूसरी डोज का टीका लगा।


सोहना के नागरिक अस्पताल में कोविड की दूसरी डोज लगवाने के लिए लगी लाइन।

### स्वास्थ्य विभाग ने डोर टू डोर अभियान चलाया

**स्वास्थ्य** विभाग ने बुधवार को शहर के वार्ड 17 में कोरोना रोधी दूसरी डोज के लिए डोर टू डोर का अभियान शुरू कर एक टीम को विशेष रूप से लगाया गया। यह टीम हर दिन घर-घर जाकर दूसरी डोज का टीका लगाएगी।

### मेघा अभियान को बनाना है सफल

**सोहना** एसडएम जितेन्द्र गर्ग ने बताया कि दूसरी डोज वैक्सीनेशन का अभियान मेघा अभियान में तब्दील हो गया है। वैक्सीनेशन की कमी नहीं आने दी जाएगी। शहर की भांति ग्रामीण क्षेत्र में इस अभियान को युद्व स्तर पर चलाया जाएगा।

## आरोपी पति भेजा जेल

**सोहना।** विवाहिता की संदिग्ध हालत में हुई मौत मामले में नामजद आरोपी पति को अदालत ने जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी पति से पूछताछ के बाद शादी में मिले दहेज में से कार समेत अन्य कीमती सामान बरामद कर लिया है। शहर के वार्ड-17 में सोमवार को 32 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध हालत में फांसी लगने से हुई मौत मामले में आरोपी वरुण को मंगलवार दोपहर गिरफ्तार किया था। पुलिस ने अदालत में पेश कर एक दिन का रिमांड मांगा था। रिमांड मिलने पर पुलिस ने वरुण से विवाहिता ललिता के संदिग्ध हालत में हुई मौत और शादी में मिले सामान बरामदगी को लेकर पूछताछ की। बुधवार सुबह सिटी चौकी पुलिस ने वरुण को अदालत में पेश कर 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सिटी चौकी प्रभारी एसआई अशोक कुमार ने बताया कि मृतक ललिता की शादी में ससुराल वालों को दी गई कार समेत 50 फीसदी कीमती सामान बरामद कर लिया है।

# मानेसर के उद्योगों में नहीं हो रही पीएनजी गैस की आपूर्तिः मनोज त्यागी



**गुरुग्राम।** जिले के मानेसर में बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाई कार्यरत हैं। मानेसर को बसे हुए करीब 20 वर्ष हो गए हैं। औद्योगिक इकाईयों में बड़ी संख्या में श्रमिक काम भी करते हैं, लेकिन इकाईयों में पीएनजी गैस की आपूर्ति न होने से उद्यमियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। आईएमटी मानेसर एसोसिएशन के महासचिव मनोज त्यागी का कहना है कि एनजीटी व उच्चतम न्यायालय के आदेशों का पालन करने के कारण व पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए सभी डीजी सेट्स पर प्रतिबंध लगा हुआ है। केवल वे लोग डीजी या कोई मशीन चला सकते हैं, जो पीएनजी या अन्य गैस से चलते हैं।

उन्होंने कहा कि आईएमटी मानेसर में गत 5 वर्षों से अभी तक गैस की लाईन नहीं डाली गई है। गैसों की सप्लाई करने वाली कंपनियों के आपस में चल रहे विवाद के कारण यह कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। केवल कुछ ही क्षेत्र में गैस की आपूर्ति हो रही है। उनका कहना है कि मानेसर के अनेकों उद्योगों ने गैस कंपनियों के साथ अनुबंध किए हुए हैं, लेकिन 2 वर्ष के बाद भी कार्य अधूरा पड़ा है और आज काफी उद्योगों को बंद करना पड़ रहा है। एसोसिएशन ने एनजीटी के चेयरमैन को पत्र लिखा है तथा प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि गैस कंपनियों के बीच चल रहे विवाद में हस्तक्षेप करे, ताकि उद्योगों में उत्पादन की प्रक्रिया सुचारु हो सके।

# संक्षिप्त-समाचार

## युवक को चलती बस में चार युवकों ने पंच से जख्मी किया

**सोहना।** चलती बस में जगह को लेकर हुई तू तड़ाक में चार युवकों ने एक युवक की लात घूसे और लोहे के पंच से हमला करके जख्मी कर दिया। यात्रियों के बीच बचाब करने पर आरोपी पीड़ित युवक को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। भोंडसी पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सोहना सदर थाना का गांव अभयपुर निवासी हितेश कुमार ने बताया कि वह दिल्ली एक कंपनी में नौकरी करता है। वह ड्यूटी पर जाते समय भोंडसी के बस स्टैंड से गुरुग्राम वाली बस में चढ़ा था। बस में यात्रियों की भीड़ अधिक थी। बस में पहले से सवार दमदमा निवासी भभशु ने उसे पीछे हटने को कहा। जितनी जगह मिली वह पीछे हो गया, लेकिन उसके बाद भी भभशु ने बिना कारण बस में उसे पीट दिया। भभशु ने लोहे के पंच से उसके सिर और मुंह पर वार कर जख्मी कर दिया। शोर सुनकर भभशु के तीन दोस्त और आ गए। उन्होंने ने भी उसे बस में खूब पीटा। झगड़ा होने पर बस रुक गई और यात्रियों ने उसका बचाव कराने के बाद अस्पताल के लिए भेज दिया। उसने सोहना के नागरिक अस्पताल में अपना उपचार लिया। भोंडसी पुलिस ने हितेश की शिकायत पर मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

## खेती के दौरान अंग भंग होने पर आर्थिक सहायता मिली



**सोहना।** सरमथला निवासी किसान को खेती करने के दौरान शरीर का एक अंक कट जाने पर साढ़े 37 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि दी गई। एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने किसान को चेक दिया। गांव सरमथला निवासी किसान सुरेन्द्र सिंह के दाहिने हाथ का अंगूठा खेती करने के दौरान कट गया था। किसान सुरेन्द्र सिंह ने अग भंग होने पर राज्य सरकार से मुआवजे की मांग की थी। राज्य सरकार के आदेशा और नियम अनुसार अंग भंग होने पर साढ़े 37 हजार रुपये की आर्थिक सहायता का चेक बुधवार को एसडीएम कार्यालय में मार्केट कमेटी विभाग सचिव कृष्ण कुमार और खजानची प्रदीप शर्मा के माध्यम से दिलवाया गया। एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने बताया कि किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी नहीं है। जबकि प्रदेश सरकार की तरफ से किसान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई हुई हैं। जिनके विषय में किसान को जानकारी नहीं होती, लेकिन अब किसान के लिए जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। जिससे किसान को सरकार की योजनाओं का लाभ भी मिलेगा।

## राष्ट्रवादी विचारक भाई परमानंद को किया याद

**गुरुग्राम।** राष्ट्रवादी विचारक, आर्य समाज के सदस्य व हिंदू महासभा के नेता भाई परमानंद की पुण्यतिथि बुधवार को सामाजिक संगठनों द्वारा मनाई गई। भाई परमानंद ने स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वर्ष 1905 में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया और वहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ रहे। इसके बाद वह लाला हरदयाल से मिलने गए और आर्य लोगों की प्राचीन संस्कृति के प्रचार के लिए एक केंद्र स्थापित करने के लिए उन्हें अमेरिका जाने के लिए राजी किया गया। वह गदर पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे और पार्टी के लिए तारीख ए हिंद नामक पुस्तक की रचना की। वह गदर कांस्पीरेसी के लिए भारत वापिस आ गए। वक्ताओं ने कहा कि प्रथम लाहौर कांस्पीरेसी मामले में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया तथा उन्हें वर्ष 1915 में फांसी की सजा सुना दी गई। उनकी फांसी की सजा को रद्द कर उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। उनका निधन 8 दिसम्ब 1947 को हुआ था।

## द्रोणाचार्य कॉलेज में दूसरे विश्व विद्यालय युवा महोत्सव शुरू



**गुरुग्राम।** द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय गुरुग्राम में बुधवार को तीन दिवसीय द्वितीय विश्व विद्यालय युवा महोत्सव शंखनाद 2021 का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में पूर्व ग्रामीण विकास, पंचायती राज एवं इस्पात मंत्री ने बीरेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। हरियाणा विस के पूर्व डिप्टी स्पीकर गोपीचंद गहलोत विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का आगाज गुरु द्रोणाचार्य की प्रतिमा को माल्यार्पण व ढोल नगाड़ों के थाप से हुए मार्च से हुआ। शंखनाद की ध्वनि से पूरा पंडाल रोमांचित हो उठा। विभिन्न सांस्कृतिक प्रतिस्पधाओं में 20 कॉलेजों के विद्यार्थी चार अलग-अलग मंचों पर अभिव्यक्ति दे रहे थे। बीरेंद्र सिंह ने अपने विद्यार्थी काल को मंच से याद किया और बताया कि यही समय जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. विरेंद्र सिंह अंतिल ने सभी मेहमानों का विधिवत स्वागत किया। यूनिवसिज़्टी यूथ फेस्ट एडवाइजर डॉ. जनार्दन शर्मा ने न केवल पूरे कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की, बल्कि कॉलेज ऑर्गेनाइजिंग टीम का मार्गदर्शन भी किया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नीलम, वरिष्ठ डायरेक्टर यूथ वेलफेयर डॉ. फलक खन्ना, आब्जर्वर डॉ. विजय मेहता, डॉ. रेणु चौधरी, डॉ. हवा सिंह सहित महाविद्यालय के लगभग 200 प्रोफेसर और 2 हजार से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मीडिया समेत हर पाठ्यक्रम में शामिल हो पीआर

## एसजीटी की ओर से इंडस्ट्रीयल एडवाइजरी बोर्ड की ऑनलाइन मीटिंग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कल्टी** ऑफ मास कम्यूनिकेशन और मीडिया टेक्नोलॉजी (एसजीटी यूनिवर्सिटी) की इंडस्ट्रीयल एडवाइजरी बोर्ड की पहली मीटिंग आयोजित की गई। इस ऑनलाइन मीटिंग का उद्देश्य था-मीडिया इंडस्ट्री और मीडिया एजुकेशन के बीच एक सामंजस्य स्थापित करना, जिससे मीडिया में हो रहे बदलावों के अनुसार छात्र-छात्राओं को तैयार किया जा सके। एसजीटी यूनिवर्सिटी के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. नवदीप सिंह तुंग ने भी भाग लिया।


गुरुग्राम के बुढेड़ा स्थित एसजीटी यूनिवर्सिटी में इंडस्ट्रीयल एडवाइजरी बोर्ड की ऑनलाइन मीटिंग में शामिल अतिथि।

मीटिंग में बोलते हुए मीडिया इंडस्ट्री से जुड़ीं वंदना बत्रा ने कहा कि आज मीडिया के छात्र-छात्राओं में किसी विषय को लेकर गहरी समझ का होना जरूरी है। इसके साथ ही उन्हें भाषा पर भी ध्यान देना होगा। हरियाणा पब्लिक रिलेशंस विभाग के उप निदेशक और हरियाणा के राज्यपाल के पीआरओ सतीश मेहरा ने कहा कि न केवल मीडिया, बल्कि प्रत्येक पाठ्यक्रम में पीआर को शामिल किया जाना चाहिए। इससे छात्र-छात्राओं का बहुमुखी विकास होगा। जाने-माने फोटोग्राफर रंजन बासु ने कहा कि फोटो पत्रकारिता के लिए दो बातें जरूरी हैं। एक तो कैमरे का पूरा ज्ञान और सीखने की ललक का होना। वरिष्ठ पत्रकार विभा शर्मा ने कहा कि मीडिया में स्पीड यानी तेजी से कार्य करने और नेटवर्किंग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मीडिया छात्र-छात्राओं को इन दो गुणों को सीखाना होगा।

निर्माता-निर्देशक निलोफर शमा ने प्रैक्टिकल शिक्षा अपनाने पर बल दिया। वरिष्ठ निर्माता कृष्णकांत ने मीडिया छात्र-छात्राओं में लेखन की स्किल विकसित करने पर बल दिया। कार्यक्रम शुरू होने से पहले फैकल्टी ऑफ मास कम्यूनिकेशन और मीडिया टेक्नोलॉजी के डीन प्रो. सुशील मानव ने इंडस्ट्रीयल एडवाइजरी बोर्ड के सदस्यों का स्वागत किया तथा उनका संक्षिप्त परिचय दिया। प्रो. मानव ने इस मीटिंग के उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आगामी सत्र से मीडिया स्नातक (बीजेएमसी) के पाठ्यक्रम में एक बदलाव किया गया है, जिसके तहत पांचवें और छठे सेमेस्टर में पांच विशेष कोर्सों- डिजिटल मीडिया, विज्ञापन और जन-सम्पर्क, मोबाइल जर्नलिज्म (मोजो), टीवी प्रोडक्शन एवं रेडियो और पॉडकास्ट को शामिल किया गया है, जिससे छात्र-छात्राएं इनमें विशेषज्ञता हासिल कर सकें।

छात्र-छात्राओं को प्रैक्टिकल शिक्षा में कुशल बनाने के उद्देश्य से प्रो. सुशील मानव की विशेष पहल पर एसजीटी टाइम्स नाम से न्यूज चैनल, न्यूज पोर्टल और पॉडकास्ट की भी शुरुआत की गई है। डॉ. तेजी ईशा (असिस्टेंट प्रोफेसर) ने इंडस्ट्रियल एडवाइजरी बोर्ड के सदस्यों के सुझावों का स्वागत किया। एसके पांडेय (एसोसिएट प्रोफेसर) ने सभी का धन्यवाद किया।

# विवाह पंचमी पर की श्रीराम व माता सीता की आराधना

**गुरुग्राम।** मार्गशीर्ष माह की पंचमी तिथि को विवाह पंचमी के नाम से जाना जाता है। विवाह पंचमी के दिन भगवान श्रीराम एवं माता सीता का विवाह हुआ था, इसलिये इस दिन को राम और सीता के विवाह की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है। बुधवार को शहर के विभिन्न मंदिरों, घरों में विवाह पंचमी धूमधाम से मनाई। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम व माता सीता की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि मान्यता है कि भगवान रात को चेतना और मां सीता को प्रकृति का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में दोनों का मिलन इस सृष्टि के लिए उत्तम माना जाता है। विवाह पंचमी के दिन भगवान श्री राम और मां सीता के संयुक्त रूप की उपासनी की जाती है। ऐसा करने से विवाह में आ रही सभी बाधाएं दूर हो जाती हैं। इस दिन पूजन अनुष्ठान करने से विवाहित लोगों का दांपत्य जीवन सुखमय बनता है।

# कैनविन ने परिवार पहचान पत्र बनवाने को लगाया छठा कैंप

## पटेल नगर गली नंबर-15 में कैंप में काफी लोगों ने लिया लाभ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**बुधवार** को यहां पटेल नगर स्थित शिव मंदिर वाली गली नंबर-15 में परिवार पहचान पत्र बनवाने, वोटर आईडी बनवाने, त्रुटियां ठीक कराने आदि के लिए कैंप का आयोजन किया गया। कैनविन फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस कैंप में काफी लोगों ने लाभ लिया। कैंप में समाजसेवी भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल और आशा गोयल का भी सहयोग रहा। कैंप में 85 लोगों के वोटर आईडी फार्म भरे गये, 134 के पीपीई फार्म भरे गए।


गुरुग्राम के पटेल नगर में लगाए गए कैंप में पहचान पत्र व अन्य कागजात तैयार करने पहुंचे लोग।

कैंप में पहुंचे लोगों को संबंधित कार्यों के लिए जागरुक और गाइड किया गया। उन्हें बताया गया कि हमारा हर डॉक्यूमेंट हमारे लिए महत्वपूर्ण होता है। इसलिए उनका सही होना बहुत जरूरी है। कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल ने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए यह जरूरी है कि हमारे सभी कागजात पूरे हों। उनमें किसी तरह की त्रुटियां ना हो। अक्सर लोगों के दस्तावेजों में नाम व पते में गल्तियां हो जाती हैं, जिनके कारण कई तरह की दिक्कतें उन्हें आती हैं।

श्री गोयल ने कहा कि हम अपने दस्तावेजों को देखें और उन्हें दुरुस्त कराएं। यहां शिविर में परिवार पहचान पत्र बनाए गए और वोटर आईडी के लिए भी आवेदन किए गए। उन्होंने डिजिटल प्रणाली से काम करने के निर्णय को सरकार की बड़ी पहल बताते हुए कहा कि इससे भ्रष्टाचार का खात्मा हुआ है। नियमों के अनुसार ही अब काम हो रहे हैं।

# जिले में नवंबर से नहीं आ रहे अंतरा इंजेक्शन

## परिवार नियोजन के तहत महिलाओं को लगाए जाते हैं अंतरा इंजेक्शन

**कविता।** फरीदाबाद



**2021 में अंतरा डोज लगवाने वाली महिलाओं का आंकड़ा**

| माह | प्रथम | द्वितीय | तृतीय | चौथा |
|---|---|---|---|---|
| अप्रैल | 02 | 01 | 02 | 00 |
| मई | 01 | 01 | 00 | 00 |
| जून | 02 | 04 | 04 | 02 |
| जुलाई | 02 | 02 | 03 | 05 |
| अगस्त | 05 | 00 | 01 | 02 |
| सितंबर | 09 | 05 | 08 | 05 |
| अक्टूबर | 04 | 04 | 01 | 06 |

**स्वास्थ्य** मुख्यालय द्वारा वर्ष 2016 में सलामती प्रोजेक्ट के तहत फरीदाबाद, रेवाड़ी, पलवल और मेवात में परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गर्भ निरोधक इंजेक्शन की शुरुआत की थी। जिसके तहत बीके सिविल अस्पताल और स्वास्थ्य केन्द्रों में डिम्पा यानी अंतरा इंजेक्शन (पहले अंतरा इंजेक्शन को डिम्पा नाम दिया गया था) लगाये जा रहे हैं। अप्रैल से अक्टूबर माह तक मात्र 81 महिलाओं को ही अंतरा का इंजेक्शन लगे हैं। वहीं दूसरी तरफ नवंबर माह से इंजेक्शन न आने के कारण महिलाएं परेशान है।

बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए राज्य सरकार द्वारा काफी प्रयास किए जा रहे हैं। 2015 में पहले राज्य सरकार द्वारा डीएपीए इंजेक्शन लांच किया था। जिसके तहत प्रत्येक तीन माह बाद इंजेक्शन लगवाने से महिलाऐं गर्भवती होने से बच सकती है। मई 2016 में इसे कौराली स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में लगाना शुरू किया था। जिसमें अब तक करीब दो हजार महिलाएं इसे लगवा चुकी है। बीके सिविल अस्पताल में इसे दिसंबर 2017 में शुरू किया गया। यहां अब तक हजारों महिलाएं इसे लगवा चुकी है। लेकिन अब इंजेक्शन न आने से महिलाएं परेशान हो रही है।

### नि:शुल्क हैं ये इंजेक्शन

**सरकार** द्वारा इंजेक्शन गत 28 मार्च 2016 को इसे लांच किया गया था। लेकिन यहां इसे कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के बाद गत 19 मई 2016 से कौराली स्वास्थ्य केन्द्र में शुरू कर दिया गया था। इससे पहले हरियाणा में यह इंजेक्शन केवल निजी अस्पतालों में ही लगाऐ जा रहे थे। इसकी शुरुआत 1992 से यहां शुरू हो चुकी थी। लेकिन स्वास्थ्य विभाग की तरफ से इस योजना को 2016 में शुरू किया था। इंजेक्शन हार्मोंस से बना है। इसे लगाने से मात्र महावरी में अनियमिता आती है। इसके अलावा किसी तरह का कोई साइडफैक्ट नहीं होता है। ऐसे में सरकार की तरफ से सलामती प्रोजेक्ट के तहत शुरू किया गया इंजेक्शन कारगार साबित हो रहा है। सूत्रों का कहना है कि अब तक करीब जिले में करीब 81 महिलाएं इंजेक्शन को लगवा चुकी है। उन्होंने बताया कि यह इंजेक्शन सरकार की तरफ से बिल्कुल मुफ्त लगाया जा रहा है। सरल होने के कारण महिलाएं भी इसमें रूचि दिखाती है।

# बीके चौक फायरिंग मामले में केस दर्ज

**फरीदाबाद।** रात 11:50 बजे के आस-पास, बीके चौक के पास आमलेट की दुकान पर कार सवार चार लड़के आये। एक लड़के ने दुकानदार से 200 रुपये देकर गोल्ड फ्लैक की डिब्बी मांगी। दुकानदार ने सिगरेट की छोटी डिब्बी दी तो उसने गाली-गलौज करते हुए दुकानदार से बड़ी डब्बी मांगी, दुकानदार ने गाली गलौज करने से मना किया तो, कार सवार एक अन्य लड़का उतरकर आया और गोली चला दी। गोली दीवार में जा लगी और चारों आरोपी कार में सवार होकर मौके से फरार गये। पुलिस को सूचना मिलते ही तुरन्त एसीपी बड़खल, एसएचओ एसजीएम नगर, पुलिस चौकी नंबर 3 प्रभारी तथा क्राइम ब्रांच 56, ऊंचागांव और 48 घटना स्थल पर पहुंचे।

# संक्षिप्त समाचार

## नवनियुक्त प्रशासक से की फीवा के सदस्यों ने मुलाकात

**फरीदाबाद।** फीवा (फरीदाबाद एस्टेट एजेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन) के पदाधिकारी सात दिसंबर को एचएसवीपी सेक्टर 12 फरीदाबाद में नवनियुक्त प्रशासक जितेंद्र दहिया से उनके कार्यभार संभालने के उपरांत शिष्टाचार भेंट के रूप में मिलने गए और उन्हें एक पौधा भी भेंट किया। प्रधान अकाश गुप्ता, महासचिव गुरमीत सिंह देओल, उपप्रधान मुकेश चौधरी, सहकोषाध्यक्ष सरदार रंजीत सिंह, फीवा एचएसवीपी ग्रीवेंस कमेटी सदस्य रोहताश चहल, राजवीर आदि सदस्यगणों ने विभाग की इमेल से संबंधित समस्याओं के विषय में भी चर्चा की और पुराने बने मकानों या भवनों का रिहायशी प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन करने की स्कीम को आगामी दो वर्षों तक रिओपन करने के लिए भी निवेदन किया। प्रशासक महोदय ने आश्वासन दिया कि, आगामी 10 दिनों में एक बार फिर इस विषय में विशेष चर्चा करने के लिए आप लोगों को पुन: आमंत्रित करके समाधान अवश्य करा दिया जाएगा।



नवनियुक्त प्रशासक जितेंद दहिया का स्वागत करते फीवा के सदस्य।

## आईटीआई में मिल रही विशेष छूट

**फरीदाबाद।** इंदर टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (आईटीआई) डायरेक्टर निशा तोमर ने कहा कि जब कभी भी बाजार में कोई नया उत्पाद आता है, तो सफलता की स्थिति में न सिर्फ उसका निर्माण होता है। साथ-साथ ही उसकी खामियां दूर करने यानी रिपेयर करने वालों के रूप में एक नए रोजगार का क्षेत्र का भी विस्तार होता है। जैसे कि नए मोबाइल उत्पाद बढ़ रहा है, वैसे ही मोबाइल कंपनियां भी बढ़ रही हैं। वैसे ही मोबाइल उपभोक्ता बढ़ रहे हैं। मोबाइल की बढ़ती जरूरत के साथ-साथ कंपनियां नई नई सुविधाएं भी देती हैं। आज भारत वर्ष में नए नए सर्विस सेंटर खुल रहे हैं, ताकि लोगों की जरूरत को पूरा कर सकें। मोबाइल रिपेयरिंग की बढ़ती डिमांड पूरी करने के लिए इंदर टेक्नालाजी इंस्टीट्यूट में विशेष छूट मिल रही है। ताकि लोग जो कम पढ़े लिखे आमदनी कम होने पर निराश हो जाते हैं, पर आज की बढ़ती तेजी के साथ कोई भी इंसान खाली नहीं बैठना चाहता। इसलिए आप आज ही फैसला करें कि आपको ऐसा क्या करना है, ताकि आप समय के साथ चल सकें। आईटीआई में अधिक से अधिक ध्यान दिया जाता है कि मोबाइल फोन ठीक प्रशिक्षण करने के बाद व अधिकांश में अपने सेंटर खोले सकें। इसके अलावा यहां पर आईटीआई के पाठ्यक्रम के अनुसार तकनीकी विषय में जैसे इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रानिक्स, रेफ्रिजेशन, एसी और कंप्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवकिंग के क्षेत्र में फरीदाबाद में एकमात्र इंस्टीट्यूट है, जो कि एक एवं दो वर्ष के डिप्लोमा कराता है, ताकि विद्यार्थी सरकारी नौकरी में भी प्रवेश पा सकें।



निशा तोमर।

## शहर में दबंगों का खौफ, अपराधी बेखौफ

**फरीदाबाद।** एनएच दो में गत चार दिसंबर को महिला एवं उसके पति को लोहे की रॉड व कैंची से घायल होने की घटना को लेकर बुधवार को परिजन व समाजसेवी संस्थाओं के लोग फरीदाबाद पुलिस आयुक्त से मिले और बेखौफ घूम रहे अपराधियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। चार दिसम्बर को 2 नम्बर सी ब्लाक में सुबह 8.00 बजे कुछ अपराधी तत्वों ने ललित कुमार उर्फ लवली व उसकी पत्नी बिन्नी पर लोहे की रॉड व कैंची से उस समय जानलेवा हमला किया जब ललित कुमार नाश्ते के लिए पड़ोस की दुकान से दूध ब्रैड लेने जा रहा था। झगड़े का शोर सुनकर बिन्नी अपने पति को बचाने घटना स्थल पर पहुंची तो उसके सिर फटा और दिमाग की हड्डी टूटी हुई थी। क्यूआरजी अस्पताल में बड़ा ऑपरेशन कर दिमाग की टूटी हुई निकाल कर प्लेट डाली गई है और हालात अभी नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने घटना में मारपीट और चोट लगने जैसी साधारण धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी इंदर उर्फ हिन्दे, भरत कपूर, विपिन और गौशे को गिरफ्तार भी नहीं किया। पुलिस आयुक्त विकास कुमार ने एसीपी एनआईटी रमेश चंदर और सम्बंधित पुलिस स्टेशन को केस में डॉक्टर की राय लेकर कड़ी धाराओं में केस दर्ज कर जल्द से जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## नगर निगम के एसडीओ के खिलाफ मामला दर्ज

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद निवासी एक महिला की शिकायत पर फरीदाबाद नगर निगम में तैनात एसडीओ सुमेर सिंह के खिलाफ महिला थाना एनआईटी पुलिस ने छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस में दी गयी लिखित शिकायत के अनुसार, महिला नगर निगम कार्यालय में कार्यरत एसडीओ के द्वारा महिला की प्रपोजल को बिना उचित कारण के रद्द कर दिया। महिला ने नगर निगम आयुक्त से शिकायत कर दी। अगले दिन महिला जब नगर निगम कार्यालय पहुंची तो नगर निगम के गेट पर एसडीओ ने महिला का हाथ पकड़कर खींचते हुए अपने खिलाफ आयुक्त को दी शिकायत वापस लेने को कहा साथ ही ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। महिला ने एनआईटी स्थित महिला थाना में एसडीओ के विरुद्ध शिकायत दी। पुलिस मामले में विधि-सम्मत कार्रवाई कर रही है।

## निगम ने 15 इकाइयों को किया सील

**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद द्वारा बकायाजात की वसूली की मुहिम में तेजी लाते हुए आठ दिसंबर को 15 इकाईयों को सील किया जिन पर करीब 28.10 लाख का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। एनआईटी जोन-2 ने 2 चल रही इकाईयों को सील किया। जिन पर करीब 02.10 लाख रुपये, एनआईटी जोन-3 ने 12 चल रही इकाईयों को सील किया जिन पर करीब 18.04 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। बल्लभगढ़ जोन 2 में एक इकाई को सील किया गया। जिस पर आठ लाख रुपये बकाया है। निगमायुक्त यशपाल यादव ने कहा कि जिन इकाइयों को सील किया जा चुका है और उनकी ओर से बकाया सम्पत्ति कर की राशि प्राप्त नहीं हुई है, उन इकाईयों की जल्दी ही निगम द्वारा नीलामी करने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्परों ने की हड़ताल शुरू

**फरीदाबाद।** आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्स यूनियनों की संयुक्त तालमेल कमेटी के आह्वान पर जिले की सभी आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर पूर्ण रूप से हड़ताल पर चली गईं। हड़ताल के पहले दिन सभी सेंटर और सब सेंटर से बंद रहे। किसी भी प्रकार का कामकाज नहीं हुआ। विभागीय अधिकारियो ने वर्करों और सहायिकाओं पर हड़ताल में शामिल नहीं होने का दबाव बनाया गया। हड़ताली कर्मचारियों ने सेक्टर 12 के उपायुक्त कार्यालय के सामने पार्क में एकत्रित होकर सरकार की हठधर्मिता के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व राज्य प्रधान देवेंद्ररी शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन गीता ने किया। सर्व कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान सुभाष लांबा और सीटू के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। सर्व कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष लांबा ने हड़ताल का पूर्ण रूप से समर्थन करते हुए सरकार से हड़ताली आंगनबाड़ी वर्करों और सहायिकाओं की जायज मांगों को अविलंब लागू करने की मांग की। हड़ताली सभा को जिला सचिव मालवती, एनआईटी की प्रधान विधु प्रभा, सुरेंदरी, सीमा, गीता ने भी संबोधित किया।

## 17 को जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

**फरीदाबाद।** खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 17 व 18 दिसंबर को खेल परिसर सेक्टर-12 फरीदाबाद में किया जा रहा है। इस उत्सव में 15 से 29 वर्ष तक के सभी सरकारी, गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं के छात्र और कोई भी युवक-युवती भाग ले सकते हैं। जगबीर सिंह जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी फरीदाबाद ने बताया गया कि जिला स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ 17 दिसंबर को सुबह नौ बजे किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में कार्यरत मतिमंजूषा वाईसीओ फोन नंबर (9810844026) व सुनीता वाईसीओ फोन नम्बर (8447021569) से संपर्क कर सकते है। प्रत्येक विधा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को विभाग की ओर से पुरस्कृत किए जाएंगे।

# साइकिल रैली निकाल किया गीता जयंती महोत्सव के लिए जागरूक

## पर्यावरण संरक्षण के लिए सप्ताह में एक दिन साइकिल जरूर प्रयोग करें : उपायुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने साइकिल प्रभातफेरी की अध्यक्षता कर लोगों को गीता जयंती महोत्सव में शामिल होने का जागरुकता का सन्देश दिया। जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव 12 से 14 दिसम्बर तक मनाया जा रहा है। इसमें अधिक से अधिक जनभागीदारी हो इसके लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छ पर्यावरण की सुरक्षा के लिए साइकिलिंग बहुत जरूरी है। इसलिए हर व्यक्ति को सप्ताह में एक दिन अपनी गाड़ी छोड़कर साइकिल का जरूर प्रयोग करना चाहिए। जिला उपायुक्त ने यह बात गीता जयंती महोत्सव के चलते लोगों में जागरुकता फैलाने के लिए जिला प्रशासन की तरफ से प्रभातफेरी, साइकिल रैली को आज जिला खेल स्टेडियम सेक्टर-12 से हरी झंडी दिखाते हुए कही।



साइकिल से प्रभात फेरी निकाल कर गीता जयंती महोत्सव के लिए लोगों को जागरूक करते उपायुक्त जितेंद्र यादव।

इस अवसर पर जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण के पहले चरण में सप्ताह में एक दिन बुधवार को कार फ्री-डे को गंभीरता से लागू किया गया है। प्रशासन द्वारा हर बुधवार को कार फ्री-डे मनाया जा रहा है। वहीं दूसरे चरण में प्रशासन का अपने स्वच्छता का उद्देश्य मार्निग हेल्थ क्लब के साथ क्लीन फरीदाबाद ग्रीन फरीदाबाद बनाने में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसी के चलते सभी अधिकारी और कर्मचारी मार्निग हेल्थ क्लब की टीम के साथ पेड़-पौधों की कटाई व छंटाई करके उनकी सुरक्षा कर रहे हैं क्योंकि हमें आक्सीजन इन्हीं पेड़-पौधों से मिलती है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी पर्यावरण में गाड़ियों से होने वाले प्रदुषण को कम करने के भागीदार बन रहे हैं। डीसी जितेंद्र यादव ने कहा कि कार फ्री-डे फरीदाबाद में एक जन-आंदोलन के रूप में बनाया बन रहा है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे भी कार फ्री-डे मे प्रशासन का अपना सहयोग दें और सप्ताह में प्रत्येक बुधवार या किसी भी एक दिन कार फ्री-डे जरूर मनाएं।

जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि सप्ताह में एक दिन पैदल चलना चाहिए क्योंकि इससे पर्यावरण को भी शुद्धता मिलती है। इसलिए सप्ताह में प्रत्येक बुधवार के दिन यह मुहिम फरीदाबाद को ग्रीन फरीदाबाद क्लीन फरीदाबाद बनाने में कारगर सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि सप्ताह में कम से कम एक दिन सरकारी वाहनों से होने वाला प्रदूषण भी कम होगा और पर्यावरण में भी शुद्धता आएगी। जिला उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने इस अवसर पर लोगों को अपना संदेश देते हुए कहा कि अपने शहर को साफ-सुथरा रखना हम सबकी अपनी जिम्मेवारी है, जिसमें सभी आमजन को अपनी भागेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। मार्निग हेल्थ क्लब के मेंबर्स इस जिम्मेदारी को जिस तरह निभा रहे हैं, उसी तरह आमजन को भी चाहिए कि वो सप्ताह में कम से कम एक दिन सफाई जरूर करें।

# अस्पताल में तोड़फोड़ कर सवा लाख रुपये लूटे

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**प्रेम** नगर ऊंचा गांव में बदमाशों ने अस्पताल में घुसकर तोड़फोड़ की। पिस्टल लहराते हुए अस्पताल कर्मचारियों के साथ मारपीट की और सवा लाख रुपये लूटकर ले गए। अस्पताल संचालक का कहना है कि यह हमला गांव मच्छगर निवासी आदित्य उर्फ कातिया के इशारे पर हुआ है। पुलिस ने अस्पताल संचालक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ऊंचा गांव निवासी मुनेश भाटी ने पुलिस को बताया कि वह यहां मानवता नाम से अस्पताल चलाता है। पहले उसका प्रापर्टी का काम था। तब गांव आमरू पलवल में सरपंच ओमवीर के यहां उसका आना-जाना था। आरोप है कि आदित्य उर्फ कातिया व उसके भाइयों ने ओमवीर सरपंच के साथ खाली जमीन पर कब्जा किया था। इस संबंध में उनके खिलाफ सेक्टर.58 थाने में मुकदमा दर्ज हो गया। कातिया ने समझा कि यह मुकदमा मुनेश भाटी ने दर्ज कराया है। इसके चलते रात करीब 11 बजे कातिया के साथी गांव मच्छगर निवासी मनोज उर्फ मुखी, बंटी, शेरू, प्रीतम, गांव दयालपुर निवासी चिट्टी और अटाली निवासी ईश्वर सफेद रंग की क्रेटा कार में मुनेश भाटी के अस्पताल पहुंचे। वहां उन्होंने कर्मचारी योगेश से पूछा कि मुनेश भाटी कहां है। योगेश ने जानकारी होने से इन्कार कर दिया। इसके बाद बदमाशों ने धमकी दी कि वे मुनेश की हत्या कर देंगे। इसके बाद सभी ने अपनी पिस्टल निकाल ली। अस्पताल के कैश काउंटर में रखे करीब सवा लाख रुपये लूट लिए। उन्होंने कर्मचारी योगेश को पीटा। वहीं अस्पताल में तोडफ़ोड़ की। जाते हुए वे हत्या की धमकी देकर गए। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। बता दें कि मच्छगर निवासी आदित्य उर्फ कातिया व उसके साथियों को सेक्टर.58 थाना पुलिस ने प्लाट पर कब्जे की कोशिश मामले में मंगलवार को गिरफ्तार किया है।



प्रेम नगर ऊंचा गांव के अस्पताल में पिस्टल लहराते बदमाश।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को बनाई 14 बैंच : सीजेएम

## 11 दिसंबर को जिला न्यायालय सेक्टर 12 फरीदाबाद में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा

**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौर के दिशा निर्देशानुसार 11 दिसंबर को जिला न्यायालय सेक्टर 12 फरीदाबाद में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए 14 जजों बैंच बनाए गए हैं।

यह जानकारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंगलेश कुमार चौबे ने दी। उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जजों की 14 बैंचों में राजेश शर्मा अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, नरेंद्र सुरा क्षेत्र न्यायाधीश, कुमुद गूगनानी प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट, राजेश कुमार ऑफिसर लेबर कोर्ट इंडस्ट्रियल ट्रिब्यूनल, संदीप चौहान मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, गगनदीप गोयल जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अनुराधा जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, रूपम जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, आकृति वर्मा जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, गौरव खटाना जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अस्मिता देशवाल जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, रिशु जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, डॉ प्रियंका जैन जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, विद्या प्रकाश पाठक चेयरमैन परमानेंट लोक अदालत की होंगी। मुख्य न्याय दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आमजन से अपील की है कि वे अपने विवादों को ज्यादा से ज्यादा राष्ट्रीय लोक अदालत में रखें। विवाद का हमेशा हमेशा के लिए निपटारा हो जाता है। जिसकी सुप्रीम कोर्ट तक कोई अपील नहीं होती।

# 'एट होम इन द यूनिवर्स' का पुस्तक विमोचन

## किताब कॉर्पोरेट उपलब्धियों और आध्यात्मिक खोज का अनोखा संगम है

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हाल** ही में डीएचएफएल प्रॉपर्टी सर्विसेज लिमिटेड के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी के मधुर की किताब 'एट होम इन द यूनिवर्स' का विमोचन केंद्रीय सड़क विकास मंत्रालय के सलाहकार आरसी सिन्हा ने किया। बीके मधुर की यह किताब आत्मकथा है, जिसमें उन्होंने अपने सफर को बयां किया है कि किस तरह दक्षिण भारत के एक गांव से उनकी यात्रा शुरू होकर कॉर्पोरेट सफलता के शिखर पर पहुंची।

अपनी आत्मकथा में मधुर ने भूमिहीन किसान और रोज कमाने वाले मजदूर के बेटे के शुरुआती दिनों में कठिनाइयों और विषमताओं की बात कही है। 344 पन्नों की इस किताब में उनके अब तक के पूरे सफर का वृतांत किया गया है कि किस तरह उस गांव से निकलकर मुंबई पहुंचे और किस तरह एक साधारण सेल्समैन से उठकर एक सफल बड़े व्यक्ति बने। किताब में भारत की अग्रणी हाउसिंग फाइनेंस कंपनी की स्थापना करने के सफर को भी बयां किया गया है।




किताब विमोचन के मौके पर आरसी सिन्हा ने कहा कि इस किताब में एक गरीब पृष्ठभूमि से कॉर्पोरेट के शीर्ष तक पहुंचने की यह कहानी कइयों को प्रेरणा देगी। आत्मकथा के लेखक बीके मधुर ने कहा कि किताब में मेरी जिंदगी के कई चरणों का चित्रण किया गया है। विमोचन के अवसर पर एलआईसी के पूर्व एमडी जीपी कोहली, रिटायर्ड आईपीएस डीए चौधरी, आयकर आयुक्त उदय भास्कर और अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। किताब जल्दी ही पूरे भारत के अग्रणी बुक स्टोर्स में अवेलेबल होगी।

# बच्चों ने बुजुर्ग मां को घर से निकाला

**फरीदाबाद।** बच्चों द्वारा मारपीटकर घर से निकाली गई बुजुर्ग मां को नवजन मोर्चा समिति ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम 2डी-ब्लॉक ब्लॉक ने सहारा देकर नेक काम किया है। आश्रम के संचालक किशन लाल बजाज को पैनल एडवोकेट रविन्द्र गुप्ता (डीएएलएसए) का फोन आया कि बीके अस्पताल के मेन गेट के पास एक बुजुर्ग महिला लावारिस हालत में बैठी हुई है। किशन लाल बजाज तुरंत अपनी टीम जिसमें सत्यपाल चौहान सूरज आर्य के साथ मौके पर पहुंचे और बुजुर्ग को अपने साथ आश्रम लेकर आए। पूछताछ करने पर वृद्धा ने अपना नाम जमुना उम्र 60 पत्नी लेखराज निवासी भारत कॉलोनी ओल्ड फरीदाबाद बताया। उसने बताया कि उसके चार बच्चे हैं और उन्होंने उसे घर से निकाल दिया है। किशन लाल बजाज ने वृद्धा को आश्वासन दिया कि वह आश्रम को ही अपना घर समझें। किशल लाल बजाज ने बताया कि इसकी लिखित सूचना 3 नंबर पुलिस चौकी में दे दी जाएगी।

# बिजली कर्मचारियों ने किया मांगों को लेकर प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बिजली** कर्मचारियों ने बुधवार को बिजली संशोधन बिल 2021 को रद्द करवाने और पुरानी पेंशन बहाली व ठेका कर्मचारियों को पक्का करने आदि मांगों को लेकर सर्कल कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

यह प्रदर्शन नेशनल को-आर्डिनेशन कमेटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाईज एंड इंजीनियर (एनसीसीओईईई) के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर किया गया। बल्लभगढ़ यूनिट प्रधान रमेश चंद्र तेवतिया की अध्यक्षता में आयोजित प्रदर्शन में बल्लभगढ़, एनआईटी, ओल्ड व ग्रेटर फरीदाबाद डिवीजन के सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन एसई नरेश कक्कड़ को सौंपा गया। नेशनल को-आर्डिनेशन कमेटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाईज एंड इंजीनियर (एनसीसीओईईई) के सदस्य व इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाईज फैडरेशन ऑफ इंडिया (ईईएफआई) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष लांबा ने प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बिजली संशोधन बिल 2021 को किसानों, गरीब उपभोक्ताओं, कर्मचारियों एवं इंजीनियर विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि इसी बजह से करीब एक दर्जन राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों और सबसे बड़े हितधारक बिजली कर्मचारियों एवं किसानों ने इसका विरोध किया है और इस बिल को वापस लेने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि 15 दिसंबर को संसद मार्च किया जाएगा और जिस दिन बिल सदन में बहस के लिए पेश किया जाएगा उसी दिन देशभर के बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर कार्यबहिष्कार कर धरने पर बैठ जाएंगे। प्रदर्शन में आल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी, पूर्व सर्कल सचिव व सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अशोक कुमार,खंड प्रधान करतार सिंह, यूनिट कमेटी के प्रधान भूप सिंह, दिनेश शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, सुबोध कुमार नेता आदि मौजूद थे।




बिजली निगम कार्यालय पर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** सेक्टर 7 थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर नवीन कुमार के नेतृत्व में चौकी सेक्टर 11 की टीम ने पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत दर्ज एक मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी विक्की गाजियाबाद के सेक्टर 16 प्रहलाद गढ़ी का रहने वाला है। जो फरीदाबाद के थाना सेक्टर 7 एरिया रामनगर बाटा मोड़ से पीड़िता लड़की रानी (काल्पनिक नाम) बा उम्र 14 वर्ष को एक दिसम्बर बुधवार के दिन अपने साथ गाजियाबाद ले गया था। जिस का मुकदमा थाना सेक्टर 7 में अपहरण और पोक्सो एक्ट की धाराओं में दर्ज किया गया है। जिसमें आरोपी ने अपने पड़ोस में रहने वाली 14 वर्षीय नाबालिग के साथ बलात्कार की वारदात को अंजाम दिया था। खुफिया जानकारी से पता चलने पर पीड़िता लड़की बा उम्र 14 वर्षीय को गाजियाबाद से बरामद कर लिया गया है। लड़की को अदालत में पेश कर मजिस्ट्रेट साहब के बयान कराए गए।

# पेश किया अनूठी हनुमान चालीसा का उपहार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**प्रेरक** एवं भक्ति उपहारों के अग्रणी ऑनलाइन ब्रांड पॉजिटिवली परफेक्ट ने देवदत्त पटनायक के साथ गठजोड़ में छोटी हनुमान चालीसा के साथ खूबसूरत हनुमान चालीसा मेमोरी बॉक्स गिफ्ट पेश किया है। करोड़ों लोग शक्ति, साहस और मन की शांति के लिए रोजाना हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं। माय इंडिया बाय देवदत्त ने आपकी सकारात्मक ऊर्जा के लिए इस प्रार्थना को खूबसूरत छोटी किताब के रूप में पेश किया है। इसे शानदार बॉक्स में रखा गया है।



खास तरीके से गढ़े हुए मेमोरी बॉक्स पर हनुमान जी के अलग-अलग रूप उकेरे गए हैं। इनमें प्रभु श्रीराम के लिए भजन गाते हनुमान जी, भीम के गुरु के रूप में हनुमान जी, भीम को सहृदयता की सीख देते हनुमान, श्रीराम की अंगूठी सीताजी तक पहुंचाते हनुमानजी, सूर्य के शिष्य के रूप में सूर्य नमस्कार करते हनुमान जी समेत विभिन्न रूप देखने को मिलेंगे। उन्हें समुद्र लांघकर लंका जाते हुए और वीणा वादन करते हुए भी देखा जा सकता है।

इस संबंध में देवदत्त पटनायक ने कहा, 'हनुमान चालीसा की हर पंक्ति हमें हिंदू विचारों की वृहद दुनिया और 4,000 साल से पुरानी धरोहर में गोते लगाने का मौका देती है। बचपन में सूर्य को खाने के लिए उनकी ओर दौड़ पड़े बाल हनुमान से लेकर समुद्र लांघकर लंका की ओर जाते और संजीवनी के लिए पहाड़ उठाकर लाते हनुमान जी तक के कई रूप इसमें दिखते हैं।'

# पुतिन का भारत दौरा

## संतुलनकारी रणनीति

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी तथा भारत यात्रा पर आए रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के बीच शिखर वार्ता ने भारत की क्षमता प्रदर्शित की है कि वह संतुलनकारी भूमिका निभाते हुए अमेरिका तथा रूस के बीच यूक्रेन मुद्दे पर बिगड़ते संबंधों के बावजूद रूस से संबंध बनाए रखने एवं लोकतंत्र पर प्रस्तावित सम्मेलन में भी भाग लेने में सक्षम है। मोदी और पुतिन ने संबंध मजबूत करने की प्रतिबद्धता पुनः दुहराई है। महत्वपूर्ण है कि यह कोरोनावायरस वैश्विक महामारी आने के बाद पुतिन की रूस के बाहर दूसरी यात्रा है। जून में वे अमेरिकन राष्ट्रपति जो बाइडेन से मिलने जेनेवा गए थे। नई दिल्ली की यात्रा ने दिखा दिया है कि रूस भारत को कितना महत्व देता है और उसके लिए रक्षा प्रणालियां उपलब्ध कराता है। भारत के हथियार आयात, तकनीक व संयुक्त उत्पादन समझौतों में रूस का हिस्सा आधे से अधिक है। रूस ने भारत को एक नाभिकीय शक्ति संचालित पनडुब्बी पट्टे पर भी दी है। इस पूरे परिदृश्य में सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूस की लंबी दूरी तक मार करने वाली एस-400 जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल रक्षा प्रणाली है। शुरुआत में इसकी खरीद के समझौते से अमेरिका नाराज हुआ था। एक समय आशंका थी कि भारत और अमेरिका के बीच मित्रतापूर्ण संबंधों के बावजूद वाशिंगटन काट्सा के अंतर्गत भारत के खिलाफ प्रतिबंध लगा सकता है। अमेरिका के विरोधियों के साथ संबंध रखने पर प्रतिबंध लगाने वाला यह कानून रूस से हथियार खरीदने वाले किसी देश पर प्रतिबंध लगाने की चेतावनी देता है। हालांकि, यह कानून



अभी बना हुआ है, पर यह भी एक तथ्य है कि भारत अपनी रक्षा आवश्यकताओं के लिए अमेरिका के बजाय रूस की ओर देखता है। नाभिकीय शक्ति संचालित पनडुब्बी के लिए भी उसने रूस से समझौता किया था। मजेदार बात है कि सितंबर में हुए आकुस समझौते ने आस्ट्रेलिया को पहला ऐसा गैर-नाभिकीय आयुध देश बना दिया है जो ऐसी ही नाभिकीय शक्ति संचालित पनडुब्बी प्राप्त कर सकता है।

हालांकि, मोदी और पुतिन ने अपने विशिष्ट संबंध मजबूत करने की प्रतिज्ञा की है, पर नई दिल्ली जानती है कि रूस ने भारतीय भूमि का प्रयोग कर अमेरिका को चिढ़ाने का काम किया है। रूसी विदेश मंत्री सर्जेई लावरोव ने याद दिलाया कि अमेरिका ने एस-400 समझौते पर रूस-भारत सहयोग को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया है। वह चाहता था कि भारत अमेरिका के आदेश माने। लावरोव ने कहा, 'हमने' देखा है कि अमेरिका ने कैसे भारत को 'इस क्षेत्र के विकास पर अमेरिकन दृष्टिकोण मानने' के लिए दबाव डालने का प्रयास किया। ऐसा लगता है कि रूस ने पुतिन की यात्रा का प्रयोग अमेरिका की खिंचाई करने के लिए किया और उसने भारत के साथ मित्रता पर आवश्यकता से अधिक जोर दिया है। यह वैचारिक दृष्टिकोण इस तथ्य के बावजूद विवाद का विषय बन सकता है कि अमेरिका ने भारत के खिलाफ प्रतिबंध का मामला आगे नहीं बढ़ाया है। आखिरकार अमेरिका भी समझता है कि भारत को पश्चिम और पूरब के अपने पड़ोसियों से चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका और भारत के बीच हिंद प्रशांत क्षेत्र में क्वाड के रूप में विशिष्ट संबंध हैं। लेकिन लावरोव के बयान का संबंध रूस और अमेरिका के बीच टकराव के वर्तमान दो क्षेत्रों से अधिक है। पहला, यूक्रेन की सीमाओं के निकट रूसी सेनाओं की गतिविधि है जिससे टकराव बढ़ने की आशंका है। लावरोव की टिप्पणी इस मुद्दे पर बाइडेन-पुतिन वर्चुअल शिखर बैठक के एक दिन पहले आई है। अमेरिका ने कहा था कि यदि रूस यूक्रेन पर हमला करता है तो अमेरिका नाटो के पूर्वी किनारे को मजबूत करने के लिए और सैन्यबल भेजेगा। दूसरा मुद्दा बाइडेन द्वारा 9 व 10 दिसंबर को 100 से अधिक देशों को लोकतंत्र पर सम्मेलन में आमंत्रित करने का है। यूक्रेन को इस सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है, पर रूस को इससे बाहर रखा गया है।

# चीन की अजेयता का प्रचार

**चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व में माओ त्से तुंग के षडयंत्रकारी प्रचार के बीज खूब फले-फूले हैं। ऐसा चीन में पहले कभी नहीं हुआ है।**



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक पूर्व सैन्य अधिकारी व पूर्व उपराज्यपाल हैं)



चीन के 'कर्णधार' माओ त्सेतुंग की चीनी क्रांति में प्रचार की महत्वपूर्ण भूमिका थी। इससे चीन की छवि, उसके बारे में विमर्श तथा लोकप्रिय चर्चा को स्वरूप मिला था। 1958 में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र पीपुल्स डेली ने लिखा था, 'आज माओ त्सेतुंग के युग में स्वर्ग यहां जमीन पर उतर आया है।' विडंबना है कि यह वर्ष चीन में भयानक अकाल की शुरुआत का साल था जिसे मानव इतिहास की भयानकतम मानव-निर्मित विभीषिकाओं में शामिल किया जाता है। अनुमान है कि इस अकाल में करोड़ों लोग मारे गए और उनकी संख्या 15 से 55 करोड़ हो सकती है। इस प्रकरण पर लीपापोती के लिए चीनी अधिकारियों ने प्रचार के अनेक पोस्टर जारी किए थे। इनमें चीनी बच्चों को गेहूं के हरे-भरे खेतों में दिखाया गया था। वे इतने घने थे कि इन बच्चों का बोझ उठा सकते थे। लेकिन इन 'खेतों' की सच्चाई यह थी कि इनमें जानबूझ कर पौधों के बीच रखी बेंच पर बैठे बच्चों को प्रदर्शित किया गया था, लेकिन इसे जनता से छिपाया गया था।

आज चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व में माओ के षडयंत्रकारी प्रचार के बीज खूब फले-फूले हैं। ऐसा चीन में पहले कभी नहीं हुआ है। इसे 'चीनी सपना' पूरा होने की दिशा में कदम बताया जा रहा है। इस पूर्णतः संरक्षित विचार के खिलाफ किसी आलोचनात्मक दृष्टिकोण को अनुमति नहीं दी जा रही है। शी की 'चीन की गाथा अच्छी तरह सुनाओ' रणनीति स्पष्ट रूप से सामने आई है। इसे प्रचारित करने के प्रयासों के साथ ही रक्षात्मक एवं प्रतिक्रियात्मक सेंसरशिप से सहायता प्रदान की गई है। इसमें व्यापक संदेश देने वाली सुर्खियों के साथ अनेक चीजें परोसी जा रही हैं तथा साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट की तरह सीधे-सीधे अंतरराष्ट्रीय राय खरीदने के प्रयास भी शामिल हैं। हांगकांग, जिनजियांग, तिब्बत या दलाईलामा जैसे असहज करने वाले विषयों में संपादकीय काट-छांट की जाती है तथा यह सुनिश्चित करने के लिए भ्रम फैलाया जाता है कि देश की जनता का 'ब्रेनवाश' कर इन प्रकरणों को शी जिनपिंग के शब्दों में 'पत्रकारिता के पश्चिमी मूल्यों' की तरह पेश किया जा सके। इस नियंत्रण अवधारणा का महत्वपूर्ण आयाम तथाकथित लाल रेखायें पहचानना है जिनकी गणना कम्युनिस्ट पार्टी की सर्वोच्चता प्रदर्शित करने वाले आधिकारिक दृष्टिकोण को बनाए रखने के लिए की जाती है। कम्युनिस्ट पार्टी को अजेय एवं उत्कृष्टतम बताया जाता है तथा इस पर सवाल उठाने वाले किसी व्यक्ति को सीधे खतरे का जोखिम होता है या चीनी संदर्भ में वह रहस्यमय रूप से गायब हो जाता है।

पिछले साल बड़बोले चीनी उद्यमी जैक मा के साथ यही हुआ था। यह दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक कंपनी आंट ग्रुप द्वारा सबसे अधिक संख्या में शेयर जारी करने की घोषणा के ठीक पहले हुआ था। उनके समूह में अलीबाबा जैसा साम्राज्य भी शामिल है जिसका मूल्य 1 ट्रिलियन डालर से अधिक माना जाता है। बताया गया था कि निर्धारित लाल रेखाओं का उल्लंघन करने के कारण उन पर शिकंजा कसा गया था। इस मामले में उन्होंने चीन की नियामक नीतियों की आलोचना की थी। शी के अति-संवेदनशील चीन में वे फौरन परिदृश्य से गायब हो गए थे। इसके बाद से जैक मा पर लगातार निगरानी की जा रही है और वे बीच-बीच में संदिग्ध रूप से संगठित व नियंत्रित सार्वजनिक आयोजनों में प्रकट होते हैं। यह चीन द्वारा किसी ऐसे व्यक्ति के साथ व्यवहार का खास उदाहरण है जो आधिकारिक विमर्श से पर्दा उठाने का प्रयास करता है।

अनेक अन्य लोग भी समझ में न आने वाले तरीके से 'गायब' हो गए हैं। इनमें पुरस्कृत फोटोग्राफर लू गुआंग, बिजनेसवीमेन डुआन वीहांग, अभिनेत्री झाओ वेई, कलाकार व एक्टिविस्ट एई वेईवेई व बड़े रियल इस्टेट बिजनेसमैन रेल झिंगकियांग शामिल हैं। इन प्रकरणों से स्पष्ट हो जाता है कि नेता, पार्टी या नीतियों की कोई आलोचना कभी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अब लगभग इसी रास्ते पर चलते हुए पूर्व नंबर एक महिला टेनिस डबुल्स खिलाड़ी पेंग शुआई का मामला सामने आया है जिससे किसी को आश्चर्य नहीं हुआ है। उनका अपराध यह था कि उन्होंने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी-सीसीपी के सर्वोच्च स्तरों पर तथाकथित अनुशासन, निष्ठा एवं नैतिकता के मायाजाल पर सवाल उठा दिए थे। उन्होंने पूर्व चीनी उप-प्रमुख झांग गावली पर यौन उत्पीडन का आरोप लगाया था। जैसी कि उम्मीद थी, इसके बाद चीनी सोशल मीडिया प्लेटफार्म वीबो ने पेंग शुआई की पोस्ट हटा दी तथा अत्यधिक सेंसरशिप के शिकार नियंत्रित चीनी मीडिया में उनके अचानक गायब होने की चर्चा होने लगी। उनकी भौतिक उपस्थिति के बारे में जानकारी बहुत कम थी और यह बात समझ से परे थी।


इसके बाद विश्व टेनिस एसोसियेशन-डब्लूटीए व चीनी टेनिस एसोसियेशन ने अनेक आश्वस्त करने वाले बयान जारी किए कि पेंग शुआई सुरक्षित हैं और 'उनको किसी भी प्रकार के शारीरिक खतरे का सामना नहीं करना पड़ रहा है।' जैक मा के सावधानी से 'गायब' होने की घटना की तुलना में इस प्रकरण ने अनेक सवाल खड़े किए जिनके जवाब अब तक नहीं मिले। पेंग शुआई ने भी ऐसे वीडियो जारी करने शुरू किए जिनमें डबिंग बहुत अधिक थी और जिनको 'बंधक वीडियो' कहा गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय खिलाड़ी के लिए उस तक पहुंच तथा उसकी अन्य लोगों तक पहुंच को नियंत्रित करना समझ से परे है। इस प्रकार आश्चर्यजनक रूप से लोगों का संप्रेषण क्षेत्र से बाहर हो जाना तथा बाद में उनके नियंत्रित रूप से 'दिखने' को सामान्य स्थिति का प्रतीक बताया जा रहा है। चीन के लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण व परेशान करने वाली बात है कि डब्लूटीए ने चीन में अपने टूर्नामेंट स्थगित कर दिए हैं तथा उसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। चीन सत्य को कुचलने तथा जनता की उभरती आवाजें दबाने के लिए इसी स्थिति से बचना चाहता था। महत्वपूर्ण है कि पहले असंख्य लोगों के 'गायब' होने की तुलना में इस खास प्रकरण ने चीन की छवि बहुत खराब की है। कोविड युग में उसकी छवि पहले से ही खराब हो गई थी जो कुछ महीने बाद प्रस्तावित शीत ओलम्पिक के पटरी से उतरने के कारण रसातल में पहुंच गई है।

इस प्रकरण का संबंध गावली का व्यक्तिगत सम्मान बचाने से उतना नहीं है क्योंकि वे स्वयं भी जनता की नजरों से दूर हैं। इसका सबंध 'चीनी सपने' का भ्रम बनाए रखने से अधिक है जिसका अर्थ पार्टी की प्रशासनिक क्षमता व उसकी अजेयता से है। इस प्रकार इस प्रकरण का संबंध एक खतरनाक उदाहरण से भी है जिसके चलते किसी अवधारणा पर 'सवाल' उठाए जा सकते हैं। 1958 में 'धरती पर स्वर्ग' बताने वाले पीपुल्स डेली द्वारा शुरू किए गए अंग्रेजी दैनिक टेबलायड ग्लोबल टाइम्स ने 2009 में उसकी स्तर का प्रचारात्मक जोश दिखाया था। उसने डब्लूटीए की कार्रवाई को 'राजनीतिक रूप से सही होने का प्रयास' बताते हुए कहा है कि इससे वह 'महिला खिलाड़ी पर पश्चिमी सार्वजनिक राय की उम्मीदों के अनुसार कल्पना करने और चलने का दबाव डाल रहा है।'

पेंग शुआई के गायब होने के मामले पर भ्रमित करने वाली बातें करने के साथ ही इसे 'खेलों का राजनीतीकरण' कहा गया है। चीनी समाज और प्रशासन इसी आधार पर चलता है तथा अपने टिकाऊपन का पूर्वानुमान करता है। शी जिनपिंग यह सच्चाई जानते हैं और इसीलिए अपने पूर्ववर्तियों की तरह वे माओ त्सेतुंग के प्रचारात्मक दृष्टिकोण का पालन करते हैं। इस प्रकार उनका दृष्टिकोण तुलनात्मक रूप से सुधारवादी समझे जाने वाले देंग सियाओपिंग से अलग है।

# 2024 के पूर्व कांग्रेस के समक्ष चुनौतियां

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका राजनीतिक टिप्पणीकार एवं स्तम्भकार हैं)



क्या पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य विश्वास के रूप में कांग्रेस नष्ट हो जाएगी? अतीत में भी, कई लोगों ने कांग्रेस के अंत की भविष्यवाणी की थी, लेकिन यह कई हमलों से बची रही। नवीनतम 1998 में था जब सोनिया गांधी, स्फिंक्स की तरह, इसे पुनर्जीवित करने और 2004- 2014 तक शासन करने के लिए उभरी थीं। 2019 के लोकसभा परिणामों ने कांग्रेस को 12 करोड़ वोट दिए, हालांकि सीट-वार उसे केवल 52 मिले। यहां तक कि अपनी लगातार दूसरी हार में भी 2019 में, पार्टी ने 20 प्रतिशत वोटों का ठोस ब्लॉक बरकरार रखा। गांधी परिवार आत्मसंतुष्ट है, यह विश्वास करते हुए कि मतदाता जल्द से जल्द मोहभंग हो जाएंगे और ग्रैंड ओल्ड पार्टी में वापस आ जाएंगे। निस्संदेह वे मूर्खों के स्वर्ग में रहते हैं क्योंकि पार्टी को पुनर्जीवित करने की तत्काल आवश्यकता है। निस्संदेह, कांग्रेस को कई पक्षों से नेतृत्व संकट और चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

पहला आंतरिक अनुशासनहीनता और विद्रोह को दबाना है। गुलाम नबी आजाद के नेतृत्व में 23 का समूह एक उदाहरण है और यह मोहभंग लगभग सभी राज्यों में प्रचलित है। दूसरा विपक्षी गुट के भीतर से आता है। देर से, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का हमला, राकांपा प्रमुख शरद पवार द्वारा समर्थित, तेज हो गया है। अब जब ममता ने 2024 में प्रधानमंत्री पद के लिए बोली लगाने का फैसला किया है, तो वह विपक्षी गुट से कांग्रेस को बाहर करने की कोशिश कर रही हैं। पहले कदम के रूप में, बनर्जी अपनी पार्टी को व्यापक बनाने और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल करने की तैयारी कर रही हैं।

तीसरा है कई राज्यों और यहां तक कि क्षेत्रों में सिकुड़ती कांग्रेस पार्टी। कांग्रेस को अब स्व-निर्मित विवादों में उलझने के बजाय 12 करोड़ मतदाता आधार बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए। 2019 में बीजेपी और कांग्रेस के बीच 186 सीधे मुकाबले में से, पूर्व ने 170 सीटें जीतीं, जो 91.4 प्रतिशत स्ट्राइक रेट के बराबर थी। 2014 के चुनाव में उसे इनमें से 162 सीटें मिली थीं। 2014 में इनमें



से 24 सीटें जीतने वाली कांग्रेस 15 पर आ गई है। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल में, जहां उसने शासन किया था। इससे पहले कांग्रेस को 286 में से सिर्फ 10 सीटों पर जीत मिली थी। पार्टी का 20 राज्यों से कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। इसके अलावा, बीजेपी ने ओडिशा, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में विपक्ष की जगह ले ली है, जहां कांग्रेस परंपरागत रूप से मुख्य विपक्ष थी। साथ ही, क्षेत्रीय दल कांग्रेस की तुलना में कहीं बेहतर लड़ाई लड़ रहे हैं। तो, अब पार्टी के पास क्या विकल्प हैं कि विपक्ष के भीतर दरारें हैं? पहला है दीर्घकालिक रणनीति के बारे में सोचना और 2024 की तैयारी शुरू करना। ममता ठीक यही कर रही हैं। कांग्रेस अल्पकालिक त्वरित-समाधान में शामिल है, अक्सर पार्टी की संभावनाओं को खराब कर रही है जैसा कि उन्होंने हाल ही में पंजाब में किया था। लेकिन उससे पहले पार्टी को अपने नेतृत्व संकट को हल करना होगा, जो अगस्त 2019 से चल रहा है। दूसरा यह है कि भाजपा को टक्कर देने के लिए पार्टी को भारी संसाधनों और प्रतिबद्ध बूथ समितियों की जरूरत है। एक बार इन दोनों को संबोधित करने के बाद, अन्य चीजें अधिक प्रबंधनीय होती हैं। तीसरा है विपक्ष को एकजुट करने के तरीके खोजना। सोनिया गांधी के पास ऐसा करने का कद है क्योंकि लगभग सभी विपक्षी दल उनके नेतृत्व में एकजुट होने के इच्छुक हो सकते हैं, लेकिन उन्हें राहुल गांधी के खिलाफ आपत्ति है। यदि आवश्यक हो तो गांधी परिवार को किसी और नेता के लिए मार्ग प्रशस्त करना चाहिए।

क्षेत्रीय नेताओं को एहसास है कि हालांकि वे अपने राज्यों में भाजपा को शामिल कर सकते हैं, लेकिन उनकी राष्ट्रीय स्तर पर उपस्थिति नहीं है। इसलिए आज भी उन्हें कांग्रेस जैसी पार्टी की जरूरत है। हर गांव में एक कांग्रेसी है। पिछले रविवार को, शिवसेना के मुखपत्र सामना ने अपने संपादकीय में कहा था कि पुरानी पुरानी पार्टी को राष्ट्रीय राजनीति से दूर करने और यूपीए (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) के समानांतर एक विपक्षी समूह बनाने से भाजपा और फासीवादी ताकतों को ही मजबूती मिलेगी। हालांकि ममता ने अपनी हालिया यात्रा के दौरान शिवसेना को लुभाने की कोशिश की, लेकिन शिवसेना अपनी सरकार नहीं खोना चाहती क्योंकि कांग्रेस महाराष्ट्र में उसकी गठबंधन सहयोगी है। राहुल गांधी 2004 से राजनीति में हैं, लेकिन उन्हें अभी तक विपक्ष के चेहरे के रूप में स्वीकार नहीं किया गया है। अखिलेश यादव जैसे दूसरी पीढ़ी के नेताओं से दोस्ती करने की राहुल की कोशिशें कामयाब नहीं हुई हैं. उसे एक छवि बदलाव की जरूरत है। चौथा और अधिक जटिल विकल्प उन सभी नेताओं को वापस बुलाना है, जिन्होंने कांग्रेस छोड़ दी थी। यह विचार चालू और बंद होता है। कांग्रेस एनसीपी, टीएमसी, वाईएसआरसीपी जैसे कई सत्तारूढ़ दलों की जनक रही है। ऐसे सुझाव दिए गए हैं कि ऐसी एकजुट पार्टी एक प्रेसीडियम और सामूहिक नेतृत्व के तहत काम कर सकती है। लेकिन पैरेंट पार्टी इस तरह का फैसला लेने से हिचकिचा रही है। विभाजित विपक्ष की तुलना में एक संयुक्त कांग्रेस, भाजपा के लिए अधिक प्रबल विरोधी है।

## आप की बात

### विपक्ष की दुविधा

**यह** पत्र विपक्ष की दुविधा से संबंधित है। एक समय था जब कांग्रेस विपक्ष की धुरी की तरह होती थी जिसके आस पास क्षेत्रीय दल घूमते थे परंतु आज स्थिति उसके बिल्कुल विपरीत हो गयी है। कांग्रेस ने 2014 के बाद से लगातार धरातल और जनाधार खोया है और इसके रिक्त किए हुए स्थान को क्षेत्रीय दलों ने भरा है। हाल ही में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के द्वारा लगातार तीसरी बार पश्चिम बंगाल चुनाव जीतने से उनके उत्साह में काफी हद तक वृद्धि हुई है और वह कांग्रेस को दरकिनार करते हुए गोआ, त्रिपुरा जैसे छोटे राज्यों मे अपने अवसर खोज रही हैं। क्या वह 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए विपक्ष का चेहरा बन पाएंगी यह तो समय के गर्भ मे छुपा हुआ है लेकिन एक चीज़ तय है की जितना जल्द विपक्ष एकजुट होकर अपने नेता और मुद्दों का चयन करेगा उतना उनके लिए अच्छा होगा वरना एक बार फिर वह हाथ माल्टा रह जाएगा। हालांकि किसी एक नेता का चयन करना और कांग्रेस को इस खेमे से बाहर रखना बहुत चुनौती भरा कार्य होने वाला है. क्यूंकी राजनेताओं का अहंकार सामान्यतः आसमान छूता है।

– **बाल गोविंद,** सेक्टर 44, नोएडा

### विनोद दुआ को श्रद्धांजलि

**लोकप्रिय** पत्रकार 67 वर्षीय विनोद दुआ का निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उनकी पहचान ना केवल एक बेबाक व निष्पक्ष पत्रकार के रूप में थी बल्कि तीक्ष्ण व नुकीले प्रश्नों के लिए भी जाने जाते थे। जब भी लोकसभा, विधानसभा के चुनाव परिणाम आते थे, तब वह दूरदर्शन पर बेबाक व निष्पक्ष जो सवाल जवाब दागते थे, तो कई नेताओं की बोलती बंद हो जाती थी। उनका हर विषय व मुद्दों पर पर विश्लेषण गंभीर होता था। चाहे सत्ता में किसी भी दल बल की सरकार हो उनकी पत्रकारिता पर निष्पक्षता की छाप साफ साफ देखी जा सकती थी। साहसिक, साफगोई व चुटीले अंदाज में वे अपनी बात कहते थे। भले ही आज के समय में उनकी निष्पक्षता को लेकर उंगली उठाई जाती हो, लेकिन यह तो स्वीकारना होगा कि उनकी पत्रकारिता में दम था, क्योंकि निष्पक्ष पत्रकार के लिए ना तो कोई अपना होता है ना कोई पराया, यही तो निष्पक्षता की पहचान है जो विनोद दुआ ने कायम की। चाहे कोई सहमत हो या असहमत यह अलग बात है। वह पत्रकारिता जगत के एक आधार स्तंभ तथा सशक्त हस्ताक्षर थे। वे हमेशा याद किए जाते रहेंगे।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

### बड़ी गलती के परिणाम

**नागालैंड** में हुई घटना के अंतर्गत जवानों की जरा सी चूक ने 14 घरों में अंधियारा पैदा कर दिया जहां फिर रोशनी संभव नहीं है। हालांकि, जवानों ने ऐसा जानबूझकर नहीं किया बल्कि यह एक मानवीय गलती थी। लेकिन इस भूल ने कुछ लोगों को मौत की नींद सुला दिया। इस मामले में राज्य और केंद्र सरकार जिस तरह की फुर्ती दिखा रही है यह स्वाभाविक है क्योंकि यह तो उनकी जवाबदारी है लेकिन अब संवेदनाएं ही बाकी बची हैं जो पीड़ितों के हरे जख्मों को कुछ हद तक भर सकती है। मृतकों को फिर से वापस लौटाया तो नहीं जा सकता है, हां उनके शोकग्रस्त परिवारों को उचित सहायता, स्नेह से उन्हें ढांढस जरूर बंधाया जा सकता है। जवानों की इस चूक को गंभीरता से लेने की जरूरत है और इस घटना से सबक लेने की भी, ताकि भविष्य में निर्दोष मौत की पीड़ा फिर न सहना पड़े। आवश्यक है कि इस मामले में राज्य और केंद्र सरकार अपनी जवाबदारी का उचित निर्वहन करें ताकि पीड़ित परिवारों की मानसिकता भी सकारात्मक बनी रहे जिसकी इस समय बड़ी जरूरत है।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**घबराने** की जरूरत नहीं है। मैं आप सभी से सामाजिक दूरी बनाए रखने और मास्क पहनने का अनुरोध करता हूं।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**अभी,** दवा कंपनियों ने बाजार में जो कुछ भी वहन करेगा उस पर कीमतें तय की हैं।

– **जो बिडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**भाजपा** ने देश को आर्थिक रूप से कमजोर बना दिया है और अलग-अलग समुदायों के लोगों के बीच दरार पैदा कर दी है।

– **अखिलेश यादव**
सपा प्रमुख

# सामाजिक ताने-बाने को तोड़ रहीं विघटनकारी शक्तियां: स्वतंत्र देव

## मोदी-योगी सरकार ने वंचित वर्ग को मुख्यधारा में लाने का भगीरथी प्रयास किया: प्रदेश अध्यक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



भाजपा का सामाजिक संवाद कार्यक्रम

**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व केंद्रीय शहरी एवं आवासन राज्यमंत्री कौशल किशोर ने पार्टी मुख्यालय पर बुधवार को अनुसूचित वर्ग के सामाजिक संवाद कार्यक्रम में प्रतिभागिता की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र की मोदी व राज्य की योगी सरकार ने वंचित वर्ग के लोगों को समाज की मुख्यधारा में लाने का भागीरथी प्रयास किया है। जिसकी आज हर तरफ चर्चा हो रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य ही राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समानता, सदभाव और अंत्योदय का नया भारत बनाने का है लेकिन परिवर्तन की इस प्रक्रिया में विघटनकारी शक्तियां भी सक्रिय हैं जो मौके-बेमौके समाज के विभिन्न वर्गों को जाति, धर्म, सम्प्रदाय में बांटने और हमारे सामाजिक ताने बाने को तोड़ने का काम भी कर रही हैं। हमें खुली और सार्थक बहसों के जरिए ऐसी अफवाह और गलतफहमी गैंग का पर्दाफाश करना है। उन्होंने कुंभ का जिक्र करते हुए कहा कि यह संस्कृति का ऐसा विशेष पर्व है जिसमें बिना भेदभाव के समाज के सभी वर्गों के लोग एकजुट होते हैं और सामाजिक बदलाव के न जाने कितने ही संदेश यहां से निकलते हैं। कौशल किशोर ने कहा कि बीजेपी सरकार ने अंत्योदय की संकल्पना को आज जमीन पर चरितार्थ किया है। सरकार की योजनाओं से आज समाज के सभी वर्गों के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। युवा जहां स्वरोजगार से आत्मनिर्भर हो रहे हैं, वहीं सरकार वंचित वर्ग के युवाओं, महिलाओं और उद्यमियों को आगे बढ़ने के लिए बहुत से मौके दिला रही है। संवाद कार्यक्रम में अवध क्षेत्र के 13 जिलों के अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग से प्रतिष्ठित डॉक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता, उद्यमी, शोध छात्र सहित विशिष्ट लोगों ने प्रतिभाग किया। द्वितीय तकनीकी सत्र में डॉ अभिनव प्रकाश राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा ने सामाजिक संवाद अभियान के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला। तृतीय सत्र में सरकार की उपलब्धियों के अंतर्गत केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने मोदी एवं योगी सरकार की उन उपलब्धियों के बारे में चर्चा की जो अनुसूचित जाति जनजाति के लिए विशेष कल्याणकारी रहीं।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया प्रदेशव्यापी स्वच्छता अभियान का शुभारंभ



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने बुधवार को दिव्य काशी भव्य काशी अभियान के तहत प्रदेशव्यापी स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। राजधानी के पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के पश्चिम मंडल 1 स्थित रामजानकी मंदिर में उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ मंदिर की साफ-सफाई में अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से काशी के पुराने गौरव की पुनर्स्थापना हो रही है। 13 दिसंबर को उनके कर कमलों द्वारा काशी विश्वनाथ धाम में बने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण किया जा रहा है। जिसके तहत 12 दिसंबर तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

# काशी विश्वनाथ कारिडोर के लोकार्पण के जरिए बीजेपी चुनावी अभियान को देगी धार

- यूपी में होगा तीन दिवसीय दीपोत्सव का आयोजन, गांव-गांव किया जाएगा सीधा प्रसारण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**वाराणसी** में बाबा दरबार से गंगधार तक विस्तारित श्रीकाशी विश्वनाथ धाम कारिडोर का लोकार्पण 13 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। इस कार्यक्रम के जरिए बीजेपी अपने चुनावी अभियान को धार देगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि लोकार्पण समारोह का सीधा प्रसारण प्रदेश के हर गांव, मठ-मंदिर में कराया जाएगा। इसके साथ ही 12, 13 और 14 दिसंबर को प्रदेशभर में दीपोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा।

पार्टी मुख्यालय पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि 14 दिसम्बर को पार्टी के वर्तमान मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जगत प्रकाश नड्डा, बीएल संतोष राष्ट्रीय महामंत्री संगठन सम्मिलित रहेगें। सभी मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री तीन दिन का धार्मिक व सांस्कृतिक 13, 14, 15 दिसम्बर तक प्रवास भी होगा। सभी दिनांक 13 दिसम्बर की दोपहर काशी पहुंचेगे। 17 दिसम्बर को केन्द्रीय शहरी विकास मंत्रालय द्वारा एवं उत्तर प्रदेश सरकार की शहरी विकास मंत्रालय महापौरों का सम्मेलन काशी में किया जाएगा। 23 दिसम्बर को काशी में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में देश के कृषि वैज्ञानिक, उन्नत किसान सहित कृषि विशेषज्ञ भाग लेंगे। इसे नरेंद्र मोदी सम्बोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस दिन देश भर से धर्माचार्य, साधुसंत, प्रबुद्धजन, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री श्रद्धालुगण प्रत्यक्ष रूप से काशी में इस भव्य कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कालजयी कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व बनाने के लिए बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी स्तर पर कई कार्यक्रमों की रचना की है। ये कार्यक्रम एक महीने तक पूरे देश में आयोजित किये जाएंगे जो 13 दिसम्बर से शुरू होकर मकर संक्रान्ति तक 14 जनवरी 2022 तक चलेंगे। प्रदेश के सभी 27700 शक्तिकेन्द्रों में शिवालय तथा प्रमुख मठ मंदिरों में व्यवस्थित रूप से स्क्रीन लगा कर 13 दिसम्बर के अभूतपूर्व कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा। जिसमें पार्टी कार्यकर्ता श्रद्धालुओं, प्रबुद्धजनों, पुजारियों, महंतो तथा साधु-संतो के साथ भाग लेंगे। प्रदेश के सभी गांवों में भी इस कार्यक्रम के सीधा प्रसारण की व्यवस्था की जाएगी जिसमें गांव के लोगों के साथ पार्टी कार्यकर्ता भाग लेंगे। इस दिन सभी जिलो में किसी न किसी मंदिर, मठ, आश्रम या अन्य धार्मिक स्थल पर आयोजित होगा जिसमें साधु-संतों धर्माचार्यों, प्रबुद्धजनों, पार्टी के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ पार्टी कार्यकर्ता भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में दिव्य काशी-भव्यकाशी पर साहित्य भी दिया जाएगा। इन सभी कार्यक्रमों में धर्माचार्यों एवं साधु संतो को पार्टी द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बुधवार से प्रदेश के सभी 1918 सांगठनिक मंडलों में विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया है। यह अभियान 12 दिसंबर तक चलेगा। इसके तहत सभी प्रमुख मंदिरों, मठों, आश्रमों, धार्मिक स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 13 दिसम्बर के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए 8 दिसम्बर से संवाद कार्यक्रम शुरू किया गया है जो 12 दिसम्बर तक चलेगा। इसमें महानगर एवं काशी जिला से 300 वालंटियरों की टीम तैयार की गई है। 12 से 14 दिसंबर तक काशी में लेजर शो, आतिशबाजी के साथ रोशनी से समस्त मंदिर, शहर की गलियां, चौराहे और अन्य सार्वजनिक स्थान रोशनी से नहाएंगे। श्रीकाशी विश्वनाथ के लोकार्पण के दिन सभी नावें सजेंगी। नाव पर लाइट की भी व्यवस्था होगी। काशी में दिव्य काशी-भव्यकाशी के संबंध में सरकारी पुस्तिका और प्रसाद का वितरण 5 लाख घरों में किया जाएगा। 12 जनवरी 2022 को स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस पर काशी में युवा सम्मेलन का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम को करने के लिए अलग अलग समितियों का गठन प्रदेश व जिला स्तर पर किया गया है।

## राज्यपाल ने जनरल बिपिन रावत के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भारतीय सशस्त्र बलों के सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है। अपने शोक संदेश में उन्होंने कहा कि सीडीएस बिपिन रावत सच्चे देश भक्त थे। उनका निधन देश के लिए अपूर्णीय क्षति है। मैं अपनी शोक संवेदनाएं हेलीकॉप्टर दुर्घटना के सभी मृतकों के परिजनों से सम्बद्ध करती हूँ।

## पूर्व सेना प्रमुख की मौत पर मायावती ने जताया दुख

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने देश के सर्वोच्च 5 स्टार रैंक के पहले चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ व पूर्व सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत सहित कई सैन्य अफ्सरों की तमिलनाडु में हुई हेलीकाप्टर दुर्घटना में मौत को अति दुखद व जबरदस्त क्षति बताया है। उन्होंने गहरी संवेदना जताते हुए कुदरत से उनके परिवार व अन्य सभी को इस क्षति को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# यूपी में महिलाओं की भागीदारी हर स्तर पर कमजोर: प्रियंका

## 40 फीसदी नौकरियां भी महिलाओं को देने का किया वादा



- कांग्रेस महासचिव और यूपी प्रभारी ने यूपी में महिलाओं के लिए अलग से जारी किया कांग्रेस का घोषणापत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** महासचिव और यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में महिलाओं के लिए अलग से कांग्रेस का घोषणापत्र और थीम सांग जारी किया । शक्ति विधान नाम से जारी इस घोषणा पत्र में सरकारी नौकरियों में 40 प्रतिशत आरक्षण के साथ-साथ महिलाओं के स्वाभिमान, स्वालम्बन, शिक्षा, सम्मान, सुरक्षा और सेहत के लिए कई महत्वपूर्ण ऐलान किए गए हैं।

इस मौके पर आयोजित प्रेस वार्ता में प्रियंका गांधी ने आशा जतायी की उत्तर प्रदेश की महिलाएं आने वाले चुनाव में जाति और धर्म की ज़हरीली राजीनीति को नकारेंगी और आधी आबादी के अधिकार का मुद्दा बुलंद करेंगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में महिलाओं की भागीदारी हर स्तर पर कमज़ोर हैं और वे असुरक्षित भी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महिलाओं को 40 फीसदी टिकट देकर एक नयी राजनीति शुरू करने जा रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को कांग्रेस 40 फीसदी टिकट ही नहीं देगी, रोज़गार में भी आरक्षण प्रावधानों के तहत 40 फीसदी नौकरियां भी महिलाओं को दी जाएंगी। कांग्रेस ने सरकार बनने के बाद 20 लाख नौकरियां देने का वादा किया हैए यानी 8 लाख नौकरियां महिलाओं को दी जाएंगी। महिला स्वयं सहायता समूहों को कम ब्याज़ दर पर कर्ज मुहैया कराया जाएगा। 50 फीसदी महिलाओं को नौकरी पर रखने वाले संस्थानों को टैक्स में छूट दी जाएगी। टैक्स वापसी देकर मदद के लिए एक फण्ड की स्थापना की जायेगी। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिहाज़ से इंटर में पढ़ रही प्रत्येक लड़की को स्मार्टफोन दिया जाएगा ताकि वह डिजिटल शिक्षा से वंचित न रह जाए और और स्नातक कक्षा में पहुँचने पर स्कूटी दी जाएगी ताकि उसका आवागमन सुरक्षित हो सके।

### मुझे मेरे धर्म व आस्था के लिए योगी जी के प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं

**प्रियंका** गांधी से मुख्यमंत्री द्वारा हाल में दिए गए उस बयान के बारे में पूछा गया जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रदेश में भाजपा की सरकार एक बार फिर बनने पर सभी विपक्षी दलों के नेता मंदिर के बाहर कारसेवा करते नजर आएंगे। इसके जवाब में कांग्रेस महासचिव ने कहा इस बारे में मैं सिर्फ एक ही बात कहना चाहूंगी। क्या योगी जी यह जानते हैं कि मैं कहां जाती हूं। मैं किस मंदिर में गई और कब से जा रही हूं। क्या वह जानते हैं कि मैं 14 साल की उम्र से व्रत रख रही हूं। वह फिर क्या जानते हैं, क्या वह मुझे मेरे धर्म और आस्था का प्रमाण पत्र देंगे, मुझे उनके प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है। मेरी आस्था मेरी ही आस्था रहेगी।

# मिशन शक्ति से प्रेरित है प्रियंका का व्यक्तिगत घोषणा पत्र: सुरेश खन्ना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



- योगी सरकार ने प्रदेश के इतिहास में महिलाओं के स्वाभिमान, स्वावलंबन, शिक्षा, सम्मान, सुरक्षा और सेहत के लिए किए हैं ऐतिहासिक कार्य

**संसदीय** कार्य मंत्री और कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रियंका गांधी वाड्रा पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने कहा कि प्रियंका का यह व्यक्तिगत घोषणा पत्र मिशन शक्ति से प्रेरित है। कांग्रेस का घोषणा पत्र होता, तो पहले कांग्रेस शासित राज्यों में लागू होता, लेकिन प्रियंका को पता है कि न नौ मन तेल होगा और न राधा नाचेगी। प्रियंका का नाम प्रियंका घोषणा वाड्रा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने प्रदेश के इतिहास में पहली बार महिलाओं के स्वाभिमान, स्वावलंबन, शिक्षा, सम्मान, सुरक्षा और सेहत के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। यह बातें उन्होंने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, प्रियंका गांधी वाड्रा को ही गंभीरता से नहीं लेती है। इसीलिए महिलाओं को लेकर उनकी पार्टी में घोषणाओं को गंभीरता से नहीं लिया जाता है। बेहतर होगा कि पहले प्रियंका कांग्रेस शासित राज्यों में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर सख्त कदम उठाएं और फिर महिलाओं के स्वाभिमान, स्वावलंबन, शिक्षा, सम्मान, सुरक्षा और सेहत की बात करें। उन्होंने कहा कि जहां तक बात उत्तर प्रदेश की रही, तो योगी सरकार में महिलाओं के स्वाभिमान, स्वावलंबन, शिक्षा, सम्मान, सुरक्षा और सेहत को लेकर अनेक योजनाएं धरातल पर काम कर रही हैं। सरकारी नौकरियों से लेकर निजी क्षेत्र में भी महिलाओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाने के लिए प्राथमिकता के आधार पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देशभर में मिशन शक्ति पहले, दूसरे और तीसरे चरण की सफलता की चर्चा है। इसी से प्रेरित होकर प्रियंका चुनावी लालीपॉप लाई हैं। खन्ना ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं, इसके सैकड़ों उदाहरण हैं। दर्जन भर से ज्यादा योजनाएं प्रदेश में महिलाओं के लिए चल रही हैं, जो उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में सशक्त बना रही हैं।

# भाजपा को राजनीतिक अस्तित्व का खतरा महसूस होने लगा है

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि लाल टोपी का डर भाजपा नेताओं में घर कर गया है। उनको अब अपने राजनीतिक अस्तित्व का खतरा महसूस होने लगा है। भाजपा की लाल बत्ती गुल होने वाली है। इस सच्चाई से भाजपा अच्छी तरह परिचित हो गई है तभी वह समाजवादी पार्टी पर अनर्गल आरोप लगाने लगी है। अखिलेश ने कहा कि भारतीय संस्कृति का जब तब दम भरने वाले भाजपा नेताओं को पता नहीं यह जानकारी है कि नहीं कि हनुमान जी का रंग लाल है। सूरज का रंग लाल है। हर एक के जीवन में लाल रंग है। लाल रंग बदलाव का भी है। खून का भी रंग लाल है। इस सबकी भाजपा को समझ नहीं है क्योंकि उसकी नीतियां तो नफरत फैलाने वाली हैं। काली टोपी वाले यह नहीं समझ पाएंगे क्योंकि उनकी सोच संकीर्ण है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा नेताओं को देश की भावनाओं से कोई लेना देना नहीं। किसानों-नौजवानों की समस्याओं के प्रति उसका रूख उपेक्षापूर्ण है। किसानों से किए गए वादों को भाजपा भूल गई है। यही नहीं उसने अपने चुनाव संकल्प पत्र में जो वादे किए थे उन्हें भी वह कूड़े के ढेर में डाल चुकी है। नौजवानों को रोजगार के झूठे आंकड़ों से भ्रमित किया जाता है। संसदीय जनतंत्र में भाषा और व्यवहार की मर्यादा से दल और व्यक्ति का परिचय होता है। भाजपा नेतृत्व में भाषा का संयम मिटता जा रहा है। उसका आचरण भी मर्यादा लांघता नज़र आने लगा है। लोकतंत्र का एक प्रमुख अंग सत्तापक्ष के बाद विपक्ष होता है। भाजपा सत्ता के अहंकार में इतना डूब गई है कि वह विपक्ष को लांछित करने से नहीं चूकती है। सत्ताशीर्ष से विपक्षी नेताओं के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग कर व्यक्तिगत आरोप लगाया जाना लोकतंत्र में अवांछनीय है। सच तो यह है कि भारतीय जनता पार्टी वर्ष 2022 के चुनावों में हार की आशंका से इतना भयभीत है कि वह अपना विवेक और संयम दोनों खो चुकी है। उसने लोकलाज भी छोड़ दी है। जनता ने तय कर लिया है कि वह भाजपा के अब तक के जनविरोधी कामों के लिए मतदान में उसका सफाया करके ही दम लेगी।

# विधानसभा की समितियां सदन का लघु स्वरूप होती हैं: नितिन अग्रवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उप्र** विधानसभा के उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने बुधवार को विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ, आवास संबंधी संयुक्त समिति, विशेषाधिकार व विधान पुस्तकालय समिति का उद्घाटन किया। उपाध्यक्ष विधान सभा ने समिति के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विधान सभा की समितियाँ सदन का लघु स्वरूप होती हैं। जिस प्रकार सदन चलता हैं उसी प्रकार समितियां भी अपना कार्य संचालन करती है। विधान सभा के विशेषाधिकार एवं उन्मुक्तियाँ इन समितियों में भी लागू होती है। समिति के सदस्यों को विशेषाधिकार प्राप्त होता है जो सदन के चलने पर ही प्राप्त होता है। विधान सभा उपाध्यक्ष ने कहा कि यहां पर सत्ता और विपक्ष में विभेद नहीं होता है।

# राजधानी में बढ़ता वायु प्रदूषण घोल रहा मिट्टी में जहर

- लखनऊ विश्वविद्यालय के शोध में हुआ खुलासा, मिट्टी की उर्वरता हो रही प्रभावित

**सतीश सिंह।** लखनऊ



**राजधानी** में बढ़ता वायु प्रदूषण मिट्टी में जहर घोल रहा है। जिसके चलते मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाने वाले जैविक तत्वों की कमी पाई जा रही है। यह खुलासा लखनऊ विश्वविद्यालय के भूगर्भ विभाग की तरफ से मिट्टी की उर्वरता को लेकर कराये गए शोध के दौरान हुआ है। शोध में इस बात का उल्लेख किया गया है कि मिट्टी के ऊपरी सतह पर पाए जाने वाले प्रदूषण तत्व मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने वाले सूक्ष्म जीवों के विकास का प्रभावित कर रही है। जिससे उर्वरता में कमी आ रही है।

विश्वविद्यालय की तरफ से यह रिसर्च कुकरैल फॉरेस्ट रिजर्व क्षेत्र की एरिया में किया गया है जो ग्रीन बेल्ट में आता है। भूगर्भ विभाग के प्रो अजय आर्या के निर्देशन में पीएचडी छात्रा नौशी अनीस ने अपने रिसर्च पेपर द इफैक्ट ऑफहैवी मेटल ऑप माइक्रोबियल बायोमास ऑफ फॉरेस्ट स्वॉयल फ्रॉम टॉपिकल फॉरेस्ट ऑफ सेंट्रल गंगा प्लेन में इस अध्ययन को लिखा है। उनका यह रिसर्च रिसर्च जर्नल ऑफ केमेस्ट्री एंड इंवायमेंट में प्रकाशित हुआ है। शोध के अनुसार कुकरैल रिजर्व फॉरेस्ट एरिया की मिट्टी में जून से जुलाई माह के दौरान लेड और कैडमियम जैसे हैवी मेटल काफी मात्रा में पाये गए हैं। इसका मु य कारण बढ़ता प्रदूषण है। प्रो आर्या ने बताया कि राजधानी के वन क्षेत्र का एयर पॉल्यूशन से जब यह हाल है तो खुद ही अनुमान लगाया जा सकता है कि यहां की कृषि भूमि की स्थिति क्या होगी।

### मानक से कहीं ज्यादा हैवी मेटल

प्रो. अजय आर्या ने बताया कि इस रिसर्च के लिए कुकरैल के शिवपुरी एरिया से मिट्टी ली गई है। वन क्षेत्र की मिट्टी में बीएसआई स्टैंडर्ड 400 से अधिक नहीं होना चाहिए (यह मिट्टी को जांचने की विधि है)। वहीं इस एरिया की मिट्टी का बीएसआई स्टैंडर्ड 581 से 600 माइक्रोग्राम प्रति मिलीग्राम पाया गया है। यह संकेत चौंकाने वाले हैं। अगर बढ़ते प्रदूषण पर काबू नहीं पाया गया तो इस एरिया की मिट्टी उपनी उपजाऊ क्षमता खोती जाएगी। प्रो आर्या ने बताया कि इस मिट्टी पर रिसर्च के बाद लैब में ही इसे ठीक करने की पूरी प्रक्रिया की गई। मिट्टी को सूक्ष्म जीवों के लिए सुरक्षित बनाने के लिए नाइट्रोजन और कार्बन डाली जाती है। लैब में लगातार आठ सप्ताह तक इस पर काम किया गया। पहले सप्ताह में जो एक ग्राम स्वॉयल में 581 माइक्रोग्राम हैवी मेटल मिला था, वह आठवें सप्ताह में एक ग्राम स्वॉयल में 380 माइक्रोग्राम पहुंचा।

### बरसात व बाढ़ ही बचा सकते हैं इसे

मिट्टी पर एक के बाद एकत्र हो रहे प्रदूषण तत्वों के उपचार को लेकर प्रो आर्या का कहना है कि मिट्टी पर जमा प्रदूषण से सिर्फ बरसात व बाढ़ से ही जा सकता है। बरसात के चलते मिट्टी पर जमा प्रदूषण बह जाता है। वहीं बाढ़ भी इसे रोकने में सहायक साबित होगी। क्योंकि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की मिट्टी काफी उपजाऊ होती है।

# आश्रय स्थलों में अब तक संरक्षित किए गए 661586 गोवंश

- गोवंश का निरन्तर संरक्षण व सवंर्धन किया जा रहा: सुधीर गर्ग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

पशुधन विभाग के प्रमुख सचिव सुधीर गर्ग ने बताया कि अब तक प्रदेश के 18 मण्डलों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को मिलाकर कुल 5421 अस्थायी-स्थाई गोआश्रय स्थल, कान्हा उपवन, कांजी हाउस व वृहद् गोसंरक्षण केन्द्रों में कुल 661586 गोवंश के पशुओं को संरक्षित किया गया है।

प्रदेश में गोशालाओं का पंजीकरण आन लाईन किया जा रहा है। अभी तक 569 गोशालायें पंजीकृत हुयी हैं। प्रमुख सचिव सुधीर गर्ग ने बताया कि गोवंश की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है और प्रदेश के निराश्रित, बेसहारा गोवंश के निरन्तर संरक्षणए सवंर्धन के साथ साथ ही मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत 104257 गोवंश को गो.पालन हेतु इच्छुक पशुपालकों की सुपुर्दगी में दिया गया है जिससे 57067 पशुपालक लाभान्वित हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश की ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों, जिला पंचायतों, नगर पंचायतों, नगर पालिकाओं एवं नगर निगमों में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल की स्थापना व संचालन नीति लागू की गई है। इस नीति के अनुपालन में समस्त जिलों में निराश्रित व बेसहारा गोवंश को गो आश्रय स्थलों में संरक्षित कर उनकी सुरक्षा हेतु शेड का निर्माण कराया गया है। साथ ही सुरक्षा, चारे की व्यवस्था, प्रकाश, पशु चिकित्सा व हरा चारा उत्पादन जैसे आदि कार्य कराये जा रहे हैं।

# अयोध्या के श्रीराम मंदिर के साथ ही लखनऊ में होगा भव्य लक्ष्मण मंदिर का निर्माण: रामभद्राचार्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पद्मविभूषण** से सम्मानित एवं दिव्यांग विवि चित्रकूट के कुलाधिपति संत रामभद्राचार्य ने बुधवार को लखनऊ में कहा कि रामनगरी अयोध्या में हो रहे प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण के साथ ही लक्ष्मण जी की नगरी लखनऊ में भी भव्य लक्ष्मण मंदिर का निर्माण होगा। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि अयोध्या हमें मिल चुकी है, अब जल्द ही काशी और मथुरा में अवैध ढंग से मस्जिद बनाकर कब्जा की गयी मंदिरों की पवित्र भूमि भी हमें वापस की जानी चाहिए। साथ ही अवैध धर्मांतरण पर पूरी तरह रोक लगायी जाय तथा इसको अक्षम्य अपराध की श्रेणी में रखने के लिए कानून बने।

लव जिहाद जैसा कुत्सित कार्य करने वालों और भोली भाली बेटियों को बहकाने वालों को अब क्षमा नहीं किया जा सकता। संत रामभद्राचार्य ने उपरोक्त बातें कानून मंत्री ब्रजेश पाठक के आवास पर आयोजित एक प्रेसवार्त्ता के दौरान कहीं। संत रामभद्राचार्य ने एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना के दौरान दिवंगत हुए देश के सीडीएस जनरल विपिन रावत, उनकी पत्नी एवं अन्य सैन्य अधिकारियों के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की, रामभद्राचार्य ने कहा कि 14 दिसम्बर से चित्रकूट में तीन दिवसीय भव्य हिन्दू एकता महाकुंभ का आयोजन हो रहा है।

इस आयोजन में देश भर के हिन्दू धर्म मे आस्था रखने वाले साधु संत तथा विद्वान शामिल होंगे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। 15 दिसम्बर को मुख्य कार्यक्रम होगा। जिसमें मथुरा, काशी के साथ ही लक्ष्मण नगरी, लखनऊ में लक्ष्मण जी का मंदिर बनाने पर भी निर्णय होगा। इसी के साथ धर्मांतरण, जनसंख्या नियंत्रण, लव जिहाद, सामाजिक समरसता, पर्यावरण एवं गंगा, यमुना, गोमती का पुनरुद्धार भी प्रमुख मुद्दा होगा। जाति आधारित आरक्षण के स्थान पर आर्थिक आरक्षण, मैकाले की सोच पर आधारित शिक्षा के बजाय वैदिक शिक्षा नीति लागू करने के विषय को भी प्रमुख रूप से इस एकता महाकुंभ में उठाया जाएगा।

संत रामभद्राचार्य ने पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में कहा कि साधु संत शास्त्रजीवी होते हैं चिलमजीवी नहीं। उन्होंने कहा कि संतो को चिलमजीवी कहने वाले बहुत बड़ी भूल कर रहे हैं देश का हिन्दू समाज उन्हें क्षमा नहीं करेगा।

# जलवायु परिवर्तन पर कारगर कदम उठाने की मांग, भाजपा ने कहा-भारत पूरी तरह सजग

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस और द्रमुक** ने बुधवार को सरकार पर जलवायु परिवर्तन के असर से निपटने के लिए कारगर कदम नहीं उठाने का आरोप लगाया और कहा कि सरकार को भाषण की बजाय ठोस कदम उठाने पर ध्यान देना चाहिए। वहीं, भाजपा ने कहा कि भारत इस अहम वैश्विक चुनौती को लेकर पूरी तरह से सजग है और जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों की पूरे विश्व में प्रशंसा हो रही है।

लोकसभा में नियम 193 के अधीन जलवायु परिवर्तन पर चर्चा की शुरुआत करते हुए द्रमुक सांसद कनिमोझी ने कहा कि ग्रीनहास गैस के उत्सर्जन में कटौती को लेकर सरकार ने जो लक्ष्य रखा है, उसको



पूरा करने की दिशा में उठाए गए कदम पर्याप्त नहीं दिखाई देते। उन्होंने कहा कि देश के कई राज्यों में बहुत अधिकार बारिश हो रही है और इसे भी जलवायु परिवर्तन के प्रभाव देखा जा सकता है। द्रमुक सदस्य ने कहा कि चेन्नई जैसे शहरों में बाढ़ आ रही है और ऐसे में सरकार को बताना चाहिए ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कोई योजना है। कनिमोझी ने कहा कि सरकार को ऐसे कदम उठाने चाहिए जो कारपोरेट हितैषी नहीं, बल्कि आम लोगों के हित में हों।

प्रधानमंत्री ग्लासगो शिखर सम्मेलन में गए और बहुत सारे वादे किए, जबकि राज्यों और मुख्यमंत्रियों से इस बारे में पहले कोई चर्चा नहीं की गई। कनिमोझी ने कहा कि सरकार को जलवायु परिवर्तन को लेकर कारगर कदम उठाने चाहिए। चर्चा में हिस्सा लेते हुए भाजपा के संजय जायसवाल ने कहा कि देश हमेशा से जलवायु परिवर्तन को लेकर सजग रहा है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन को लेकर सबसे पहले ठोस कदम गुजरात में उठाए गए थे जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वहां के मुख्यमंत्री थे।

जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार विकास के साथ ही पर्यावरण के संरक्षण पर पूरा ध्यान दे रही है। यही वजह है कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि आज इस सरकार के कदमों की पूरी दुनिया में सराहना हो रही है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि देश को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाने के साथ ही पृथ्वी और पर्यावरण के संरक्षण में जरूर सफलता मिलेगी। चर्चा में भाग लेते हुए लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन के असर का अनुभव कर रहे हैं। कहीं जल का संकट हो रहा है तो कहीं भारी बारिश हो रही है और कई स्थानों पर समुद्रों का स्तर बढ़ रहा है। यह सब सजग होने के संकेत हैं। जलवायु परिवर्तन के असर को कम करने के लिए कारगर कदम उठाने की जरूरत है। इस बारे में सबको मिलकर विचार करना चाहिए।

## भावना के उल्लंघन के लिए 71 बहु-राज्य सहकारी समितियों के खिलाफ कार्रवाई : शाह

**नई दिल्ली।** सरकार ने सहकारी आंदोलन की भावना के उल्लंघन के कारण 71 बहु-राज्य सहकारी समितियों को बंद करने पर कार्वाई की है। गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को संसद को इसकी जानकारी दी। केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि कुछ बहु-राज्य सहकारी समितियों के खिलाफ नियमों के उल्लंघन के लिए शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमें चुनाव से संबंधित विवाद भी शामिल हैं बहुराज्य सहकारी समितियों द्वारा परिपक्वता अवधि के बाद जमा राशि का भुगतान न करने के खिलाफ भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं। भावना के उल्लंघन के कारण समितियों को बंद करने के लिए 71 सहकारी समितियों के खिलाफ कार्वाई की गई है। अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसार किसी भी उल्लंघन के खिलाफ कार्वाई करती है। अपराधी समितियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करना शामिल है।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुंगेर जिले में बुधवार को तारापुर में एक बैठक के दौरान लोगों से मिलते हुए

# सरकारी नौकरियों के लिए स्थानीय भाषा का ज्ञान जरूरी: ममता

**मालदा ( पश्चिम बंगाल )।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार की नौकरियों में भर्ती के दौरान स्थानीय लोगों और स्थानीय भाषा जानने वालों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बनर्जी ने कहा कि यह चलन प्रशासनिक कार्य को सुचारू बनाएगा। मुख्यमंत्री ने यहां प्रशासनिक समीक्षा बैठक के दौरान कहा, यह मैं सभी राज्यों को कह रही हूं।

पश्चिम बंगाल में, अगर कोई व्यक्ति राज्य से है, तो उसे राज्य सरकार की नौकरियों में भर्ती के दौरान प्राथमिकता मिलनी चाहिए, भले ही उसकी मातृभाषा बंगाली न हो। मुझे इससे कोई आपत्ति नहीं है। बनर्जी ने कहा, लेकिन उस व्यक्ति को बंगाली आनी चाहिए और वह राज्य का निवासी होना चाहिए। अगर वह अधिक भाषाएं जानता है, तो यह अच्छा है। लेकिन स्थानीय भाषा का ज्ञान होना जरूरी है। उन्होंने बिहार और उत्तर प्रदेश के उदाहरणों का हवाला दिया। राज्यों की सरकारी नौकरियों में स्थानीय लोगों की भर्ती नहीं की जाती है, तो राज्य के निवासी अपनी-अपनी सरकारों के समक्ष इस मामले को उठाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, हर राज्य में हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्थानीय लोगों को नौकरी मिले। बनर्जी ने कहा कि कई मामलों में, परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के कारण अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों का स्थानीय लोगों के बजाय चयन कर लिया जाता है।

लेकिन बंगाली की जानकारी की कमी के कारण उन्हें स्थानीय लोगों के साथ संवाद करने में समस्या का सामना करना पड़ता है समाधान में नाकाम रहते हैं। बनर्जी ने कहा, एसडीओ और बीडीओ बंगाली में लिखे गए पत्रों को पढ़ने या उनका जवाब देने में असमर्थ हैं। इसलिए, स्थानीय भाषा का ज्ञान जरूरी है अन्यथा वे लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं कर सकते हैं।

## ओमीक्रोन के मद्देनजर टीकाकरण में तेज़ी लाने का निर्देश दिया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने बुधवार को कोरोन वायरस रोधी टीकाकरण तेज़ करने का आदेश दिया। वहीं राज्य मंत्रिमंडल ने दुनिया भर में कोविड के नए स्वरूप ओमीक्रोन के तेजी से प्रसार पर चिंता व्यक्त की। एक सरकारी बयान के मुताबिक, मंत्रिमंडल की बैठक में, ठाकरे ने अधिकारियों को टीकाकरण में तेजी लाने का निर्देश दिया, खासकर उन क्षेत्रों में जहां पात्र आबादी में टीका लगवाने वाले लोगों का अनुपात कम है। बयान के मुताबिक, राज्य में अबतक कोविड रोधी टीके की 12,03,18,240 खुराकें लगाई जा चुकी हैं। उसमें बताया गया है कि अबतक 4,37,46,512 लोगों का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है जबकि 7,65,71,728 लोगों के टीके की एक खुराक लगाई गई है। बयान के मुताबिक, 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के 76.69 प्रतिशत लोगों ने कम से कम एक खुराक लगवा ली है जबकि 45 वर्ष से अधिक उम्र के समूह में 85.25 प्रतिशत लोगों को कम से कम एक खुराक लगा दी गई है।

# राष्ट्रपति ने नौसेना की 22वीं मिसाइल वेसल स्क्वाड्रन को राष्ट्रपति मानक प्रदान किया

**मुंबई।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बुधवार को 22वीं मिसाइल वेसल स्क्वाड्रन को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति मानक से सम्मानित किया। इसी इकाई ने 1971 के युद्ध में पाकिस्तानी नौसेना के जहाजों पर बमबारी की थी और उन्हें डुबो दिया था। राष्ट्रपति ने कहा कि यह सम्मान स्क्वाड्रन के पूर्व और वर्तमान अधिकारियों द्वारा की गई सेवाओं का प्रमाण है। यह वर्ष मिसाइल वेसल स्क्वाड्रन की स्थापना के पचास वर्षों का भी प्रतीक है। इस स्कवाड्रन को किलर्स के रूप में भी जाना जाता है। इस स्क्वाड्रन ने पिछले पांच दशकों में समुद्र से विश्वसनीय आक्रामक युद्धक क्षमता बनाए रखी है। राष्ट्रपति कोविंद ने कहा, इस पुरस्कार का समय इससे अधिक उपयुक्त नहीं हो सकता था क्योंकि हमारा देश स्वर्णिम विजय वर्ष मना रहा है। मानक सम्मान प्रदान किया जाना हमारे देश के लिए इस स्क्वाड्रन के अतीत और वर्तमान के



अधिकारियों और नाविकों द्वारा प्रदान की गई असाधारण सेवा का प्रमाण है। मिसाइल वेसल स्क्वाड्रन ने ऑपरेशन विजय और ऑपरेशन पराक्रम में भाग लिया है और 2019 में पुलवामा हमले के बाद बढ़ाई गई सुरक्षा के दौरान पाकिस्तान तट से हमलों की आशंका के मद्देनजर जवाबी कार्वाई के लिए भी इसकी तैनाती की गई। अक्टूबर 1991 में मुंबई में 22वीं मिसाइल वेसल स्क्वाड्रन को औपचारिक रूप से दस वीर श्रेणी और तीन प्रबल श्रेणी की मिसाइल युक्त नौकाओं के साथ स्थापित किया गया था। किलर्स की शुरुआत वर्ष 1969 में हुई, जब भारतीय नौसेना की ताकत को बढ़ाने के लिए तत्कालीन यूएसएसआर (सोवियत संघ) से ओएसए एक श्रेणी मिसाइल पोत को शामिल किया गया था।

## क्विक न्यूज

### भाजपा ने ओबीसी आरक्षण का मुद्दा हल होने तक स्थानीय निकाय चुनाव नहीं कराने का आग्रह किया

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक आशीष शेलार ने बुधवार को महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग से 21 दिसंबर को होने वाले स्थानीय निकायों के चुनावों पर आगे नही बढ़ने का आग्रह किया और कहा कि चुनाव कराना अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के साथ अन्याय होगा।शेलार का आग्रह उच्चतम न्यायालय द्वारा उन सीटों पर इन चुनावों पर रोक लगाने की पृष्ठभूमि मे आया है जहां ओबीसी के लिए 27 फीसदी तक आरक्षण दिया जाना है। महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयुक्त यू पी एस मदान ने मंगलवार को घोषणा की थी कि उच्चतम न्यायालय के फैसले के आलोक में ओबीसी के लिए आरक्षित सीटों को छोड़कर जिला परिषदों, पंचायत समिति और ग्राम पंचायतों के चुनाव निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होंगे। चुनाव आयोग के इस फैसले की विभिन्न राजनीतिक दलों ने आलोचना की है। उच्चतम न्यायालय ने ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत तक आरक्षण वाली सीटों पर चुनाव कराने पर रोक लगाते हुए यह भी स्पष्ट कर दिया था कि अन्य सीटों के लिए चुनाव प्रक्रिया जारी रहेगी। महाराष्ट्र विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक और पूर्व मंत्री शेलार ने बुधवार को राज्य चुनाव आयुक्त को चुनाव पर रोक लगाने के लिए एक लिखित अनुरोध सौंपा। कुछ सीटों पर (स्थानीय निकायों मे) चुनाव नही होने जा रहा है क्योंकि ओबीसी के आंकड़े उपलब्ध नही हैं। कुछ सीटों को छोड़कर बाकी सीटों पर चुनाव कराना ओबीसी समुदाय के साथ अन्याय होगा।

### योजनाओं के प्रचार के लिए धामी ने किए विकास रथ रवाना

**देहरादून।** उत्तराखंड में नजदीक आ रहे विधानसभा चुनावों से पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों के प्रचार-प्रसार के लिए प्रदेश के विभिन्न स्थानों के लिए विकास रथ और एलईडी वाहनों को रवाना किया। सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रदेश के 300 प्रमुख स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों एवं एलईडी द्वारा फिल्मों के माध्यम से प्रचार किया जाएगा। संबंधित जिलों के जिला सूचना अधिकारियों के साथ समन्वय कर योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा। दिसंबर भर चलाए जाने वाले इस प्रचार अभियान के लिए सात रूट तय किए गए है जिनमें देहरादून-हरिद्वार, नैनीताल- ऊधमसिंह नगर, टिहरी-उत्तरकाशी, पौड़ी, चमोली-रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़-चम्पावत एवं अल्मोड़ा-बागेश्वर शामिल है। सरकार की योजनाओं के प्रचार के लिए संबंधित जनपदों के जिला सूचना अधिकारी द्वारा समन्वय स्थापित करते हुए प्रचार एवं प्रसार करवाया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक पहुंचाने की दृष्टि से उनका व्यापक प्रचार एवं प्रसार किया जा रहा है।

### उत्तराखंड के खदरी क्षेत्र में एक और तेंदुआ पिंजरे में कैद

**ऋषिकेश।** ऋषिकेश देहात के खदरी क्षेत्र मे आतंक की वजह बने एक तेंदुए परिवार के एक और सदस्य को बुधवार को पिंजरे में कैद कर लिया गया। सुबह पिंजरे में कैद हुआ एक वर्षीय मादा तेंदुआ इस वर्ष मई महीने के बाद से खदरी क्षेत्र में पकड़ा गया चौथा तेंदुआ है। सबसे पहले तीन अल्प वयस्क तेंदुए की मां पकड़ी गई थी। ऋषिकेश के वन रेंज अधिकारी महेंद्र सिंह रावत ने बताया कि साढ़े सात महीने पहले मां तेंदुए के पकड़े जाने के बाद से उसके बच्चे प्रायः खदरी गांव के आबादी वाले क्षेत्र में घूमते रहने के कारण दहशत की वजह बने हुए थे। उन्होंने कहा कि चौथा तेंदुआ पकड़े जाने के बाद आबादी क्षेत्र मे उनकी दहशत समाप्त होने की उम्मीद है। तेंदुओ मे प्रायः अधिकतम पाच शावकों के जन्म देने का वैज्ञानिक अध्ययन है लेकिन इस मामले में सीसीटीवी फुटेज में मां तेंदुए के साथ तीन शावकों के ही होने की पुष्टि हुई थी। देहरादून के प्रभागीय वन अधिकारी नीतीशमणि त्रिपाठी ने आबादी क्षेत्र मे स्थित बंद पड़ी आइडीपीएल फैक्ट्री के वीरान परिसर मे तेंदुओं के आश्रय लेने के बारे में कहा कि जल्द ही इस समस्या का समाधान हो जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले माह आइडीपीएल की लीज खत्म हो चुकी है और अगले करीब 10 दिन मे उस पर कब्जा कर लेने के बाद वन विभाग पूरे परिसर की छानबीन कर वहां से तेंदुओं को जंगल में शि2398ट कर देगा जिससे समस्या का समाधान हो जाएगा।

### कांग्रेस अधिसूचना वापस लेने की मांग लोकसभा में उठाई

**नई दिल्ली।** सांसद मनीष तिवारी ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि पंजाब में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का अधिकार क्षेत्र 50 किलोमीटर तक बढ़ाए जाने संबंधी अधिसूचना को वापस लिया जाए क्योंकि यह देश के संघीय ढांचे पर हमला है। शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया। पंजाब के आनंदपुर साहिब से लोकसभा सदस्य तिवारी ने कहा, 11 अक्टूबर, 2021 को केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी की थी। यह बीएसएफ से संबंधित कानून के विरुद्ध है।ऐसे मे हम जब 50 किलोमीटर की बात करते है तो फिर आधा पंजाब इसके दायरे में आ जाता है। उन्होंने कहा, यह अधिसूचना संघीय ढांचे पर हमला है। भाजपा के प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने दिल्ली में अनुबंधित शिक्षकों को नियमित करने की मांग से जुड़ा विषय सदन में मुद्दा उठाया।



मुर्शिदाबाद में बुधवार को प्रशासनिक समीक्षा बैठक के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

# केरल के मुख्यमंत्री ने लिखा प्रधानमंत्री को पत्र सिल्वर लाइन परियोजना के लिए मंजूरी मांगी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सिल्वर लाइन सेमी हाईस्पीड रेल परियोजना को मंजूरी देने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि तिरुवनंतपुरम से कासरगोड के बीच बनने वाली इस रेलवे लाइन से न केवल केरल बल्कि राष्ट्र को भी फायदा होगा।

मुख्यमंत्री ने छह दिसंबर, 2021 को लिखे पत्र में कहा है कि केरल सरकार 13,700 करोड़ रुपए की पूरी भूमि अधिग्रहण लागत को वहन करने पर सहमति पहले ही जता चुकी है। विजयन ने यह भी कहा कि राज्य सरकार केरल रेल विकास निगम लिमिटेड परियोजना के लिए किए गए बाहरी ऋण प्रबंध को लेकर किसी भी चूक से उत्पन्न होने वाली देयता को पूरा करने के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमति व्यक्त कर चुकी है। पत्र में कहा गया है कि इस परियोजना पर जुलाई में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ चर्चा की गई थी, जिन्होंने भारतीय रेलवे की वर्तमान वित्तीय स्थिति के कारण इसे मंजूरी देने पर चिंता व्यक्त की थी।

उन्होंने पत्र में कहा, मैं आपसे व्यक्तिगत हस्तक्षेप का अनुरोध करता हूं कि कृपया इस महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी दें, जो केरल की प्रगति में मील का पत्थर साबित होगी। इस परियोजना के अर्थव्यवस्था और पर्यावरण दोनों में योगदान से न केवल केरल राज्य बल्कि देश को भी फायदा होगा। सिल्वर लाइन परियोजना से तिरुवनंतपुरम से कासरगोड तक यात्रा का समय लगभग चार घंटे तक कम होने की उम्मीद है। कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्षी गठबंधन यूडीएफ विरोध कर रहा है। उसका आरोप है।

## जम्मू में इस साल आतंकवादी गतिविधियों में इस्तेमाल 75 वाहनों को जब्त किया गया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल किए गए एक ट्रक को जब्त करने की बुधवार को मंजूरी दे दी। इस साल गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के तहत अब तक 75 वाहन जब्त किए जा चुके हैं। पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि इस कानून के तहत अब तक पांच रिहाइशी घरों, छह दुकानों, भूमि और नकदी को भी जब्त किया जा चुका है। प्रवक्ता ने यहां पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आदेश का हवाला देते हुए कहा कि एक ट्रक को जब्त करने के लिए मंजूरी दे दी गई है, जिसका इस्तेमाल उसके मालिक ने एक आतंकवादी को आश्रय देने के लिए किया था। श्रीनगर के बाहरी इलाके में वाहन से भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ, हथियार और गोला-बारूद बरामद होने के बाद गिरफ्तार किया गया था। प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवादी की गिरफ्तारी के बाद जांच के दौरान एकत्र किए गए सबूतों से पता चला है।

# महाराष्ट्र सरकार स्थानीय निकायों की सभी सीटों पर मतदान के लिए हलफनामा दाखिल करेगी: भुजबल

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार उच्चतम न्यायालय में एक हलफनामा दायर कर 21 दिसंबर को प्रस्तावित स्थानीय निकायों की सभी सीटों पर या तो मतदान की अनुमति देने या इसे पूरी तरह स्थगित करने का अनुरोध करेगी। राज्य के कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल ने यह बयान ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण वाली सीटों पर मतदान पर रोक लगाने के शीर्ष अदालत के आदेश के दो दिन बाद बुधवार को दिया।

राज्य सरकार शीर्ष अदालत से सभी सीटों पर चुनाव की अनुमति देने का अनुरोध करेगी अनुभूतिमूलक डेटा न्यायालय में दाखिल किया जाएगा। अदालत ने सोमवार को अपने आदेश में स्पष्ट किया था कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षित सीटों को छोड़कर अन्य सीटों के लिए चुनाव प्रक्रिया जारी रहेगी। अदालत ने दो याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए आदेश पारित किया था स्थानीय निकायों में पूरे महाराष्ट्र में ओबीसी के लिए समान रूप से 27 प्रतिशत तक आरक्षण की अनुमति देने वाले अध्यादेश को चुनौती देने वाली एक याचिका भी शामिल है।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कैबिनेट की बैठक के बाद अलग से पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अदालत में हलफनामा दायर करके टुकड़ों में चुनाव नहीं कराने का अनुरोध करेगी। राकांपा के प्रमुख ओबीसी नेता भुजबल ने यह भी कहा सरकार मुकुल रोहतगी जैसे वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करेगी बुधवार शाम को दिल्ली में एक बैठक में भाग लेंगे। महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग ने ओबीसी के लिए आरक्षित सीटों को छोड़कर सभी सीटों पर जिला पंचायतों और पंचायत समितियों के चुनाव 21 दिसंबर को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होंगे।

# गतिविधियों के तहत शिक्षा पर व्यय में वृद्धि के लिए आम सहमति बनाने की जरूरत : प्रधान

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय शिक्षा मंत्री** धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को कहा कि निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) गतिविधियों के तहत शिक्षा और अनुसंधान पर खर्च बढ़ाने के संबंध में आम सहमति बनाने की आवश्यकता है। प्रधान ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों का जवाब देते हुए कहा कि सरकार शिक्षा से संबंधित बुनियादी ढांचे के प्रसार के लिए आकांक्षी जिलों पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। सीएसआर के दायरे में शिक्षा शामिल है लेकिन हमें ऐसा माहौल और आम सहमति बनाने की आवश्यकता है कि सीएसआर का अधिकांश खर्च शिक्षा व अनुसंधान पर हो।

हमारा भविष्य इससे जुड़ा है। प्रधान ने कहा कि कई निजी संस्थाएं बड़े पैमाने पर शिक्षा पर जोर दे रही हैं। उन्होंने इसे सकारात्मक कदम बताते हुए निजी कंपनियों से शिक्षा



पर अपना खर्च बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कुछ ही दिनों में सरकार द्वारा राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अभियान (रूसा) तीन शुरू किया जाएगा जिसमें पिछड़े और आकांक्षी जिलों में शिक्षा को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें अगले पांच वर्षों में स्कूली शिक्षा पर तीन लाख करोड़ रुपए का निवेश करेंगी और उनमें नवाचार तथा प्रयोगशालाओं पर जोर दिया जाएगा। उच्चतर शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात कम, वृद्धि के लिए रोडमैप बनाया गया : केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को संसद में कहा कि उच्चतर शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात कम है और 2050 तक इसमें 50 प्रतिशत तक की वृद्धि के लिए रोडमैप बनाया गया है।

प्रधान ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जवाब दिया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति को डिग्री आधारित नहीं बल्कि रोजगारोन्मुखी बनाया गया है और इसका मूल मकसद है कि शिक्षा को डिग्री आधारित नहीं बल्कि कौशल विकास और रोजगारोन्मुखी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षा के लक्ष्य को उत्कृष्टता के साथ प्राप्त करने और इसके अनुरूप लाभों को बढाने के लिए केंद्र सरकार और सभी राज्य सरकारों, दोनों के द्वारा शिक्षा में सार्वजनिक निवेश में पर्याप्त इजाफा करने का स्पष्ट रूप से समर्थन और परिकल्पना की गई है।



आगरा में बुधवार को ताजमहल की पृष्ठभूमि में फोटो खिंचवाने के लिए पोज देती एक महिला।

# रिजर्व बैंक ने लगातार नौवीं बार रेपो दर 4% पर कायम रखी

## मौद्रिक समीक्षा के बाद सेंसेक्स ने लगाई 1,016 अंक की छलांग

**भाषा। मुंबई**



**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को उम्मीद के अनुरूप प्रमुख नीतिगत दर रेपो को चार प्रतिशत पर बरकरार रखा। कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन को लेकर अनिश्चितता के बीच आर्थिक वृद्धि को गति देने के इरादे से केंद्रीय बैंक ने लगातार नौवीं बार नीतिगत दर को रिकॉर्ड निचले स्तर पर कायम रखने का फैसला किया। छह सदस्ईय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आम सहमति से मानक ब्याज दर को चार प्रतिशत पर बरकरार रखने का निर्णय किया।

एमपीसी के पांच सदस्यों ने जबतक जरूरत हो, उदार रुख को बनाए रखने के पक्ष में मतदान किया। यह बताता है कि मुद्रास्फीति के चिंताजनक स्तर पर नहीं होने से आरबीआई के लिए आर्थिक वृद्धि को गति देना फिलहाल ज्यादा महत्वपूर्ण है। एमपीसी ने पिछले साल अगस्त से नीतिगत दर में बदलाव नहीं किया है। इसके साथ ही रिवर्स रेपो दर को 3.35 प्रतिशत पर कायम रखा गया है। रेपो दर वह दर है, जिस पर केंद्रीय बैंक फौरी जरूरतों के लिए वाणिज्यिक बैंकों को सरकारी प्रतिभूतियों के एवज में कर्ज देता है। वहीं वाणिज्य बैंकों द्वारा रिजर्व बैंक पर जो जमा रखी जाती है, उस पर दिए जाने वाले ब्याज को रिवर्स रेपो दर कहा जाता है। केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2021-22 के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर के लक्ष्य को 9.5 प्रतिशत पर और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के अनुमान को 5.3 प्रतिशत पर कायम रखा है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि महामारी की दूसरी लहर से प्रभावित पुनरुद्धार फिर से गति पकड़ रहा है, लेकिन यह अभी आत्मनिर्भर और भरोसेमंद होने के लिहाज से मजबूत नहीं है। गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समीक्षा के बारे में जानकारी देते हुए कहा, अर्थव्यवस्था में सुस्ती अभी दूर नहीं हुई है और विशेष रूप से निजी खपत और अन्य कई गतिविधियां अब भी महामारी-पूर्व के स्तर से नीचे हैं। ऐसे में मजबूत और व्यापक-आधार पर पुनरुद्धार के लिए के लिए निरंतर नीतिगत समर्थन की आवश्यकता है। आर्थिक वृद्धि के संदर्भ में केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर अनुमान को 9.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। महंगाई दर के बारे में आरबीआई ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर उत्पाद शुल्क और वैट (मूल्य वर्धित कर) में कटौती तथा खाद्य तेल और दाल के मामले में सरकार की तरफ से उठाए गए कदमों को लेकर संतोष जताया। केंद्रीय बैंक ने 2021-22 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के अनुमान को 5.3 प्रतिशत पर कायम रखा है। दास ने कहा कि आरबीआई नकदी की स्थिति को संतुलित करना जारी रखेगा और वीआरआरआर (परिवर्तनीय दर रिवर्स रेपो) नीलामी का उपयोग नकदी प्रबंधन के लिए प्राथमिक उपाय के रूप में करेगा। यह व्यवस्था निर्धारित रिवर्स रेपो दर से हटकर होगी। आरबीआई 14-दिवसीय वीआरआरआर के माध्यम से वापस ली जाने वाली नकदी की मात्रा को बढ़ाकर 17 दिसंबर को 6.5 लाख करोड़ रुपए और बाद में 31 दिसंबर को 7.5 लाख करोड़ तक करेगा। बैंकों में अतिरिक्त नकदी करीब 9.2 लाख करोड़ रुपए के आसपास है, जो रिकॉर्ड स्तर के करीब है।

अतिरिक्त नकदी को उपभोक्ता कीमतों के लिए जोखिम के रूप में देखा जा रहा है। सब्जियों की कीमतें और ईंधन लागत बढ़ने से इस पर पहले से दबाव है। अतिरिक्त नकदी को सामान्य स्तर पर लाने के लिए सीमांत स्थाई सुविधा (एमएसएफ) के तहत पात्र अतिरिक्त मात्रा को कम करने को लेकर और कदम उठाए जा रहे हैं। इसके अलावा बैंकों को उनकी तरलता की स्थिति को अनुकूलतम स्तर पर लाने के लिए किसी भी लक्षित दीर्घकालिक रेपो परिचालन (टीएलटीआरओ) निकासी का पूर्व भुगतान करने की अनुमति दी गई है। दास ने यह भी कहा कि ओमीक्रोन के सामने आने और कई देशों में संक्रमण के मामले बढ़ने के साथ परिदृश्य को लेकर जोखिम बढ़ा है।

### खुदरा मुद्रस्फीति अगले वित्त वर्ष में नरम पड़कर पांच प्रतिशत पर आने का अनुमानः आरबीआई

**भाषा। मुंबई**

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि आपूर्ति में सुधार के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों, ईंधन की कीमतों में नरमी के साथ कृषि उत्पादन अच्छा रहने की संभावना के बीच महंगाई दर अगले वित्त वर्ष में नरम पड़कर पांच प्रतिशत पर आ सकती है। आरबीआई ने कहा कि खुदरा मुद्रास्फीति चालू वित्त वर्ष 2021-22 में करीब 5.3 प्रतिशत रह सकती है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की जानकारी देते हुए कहा कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क तथा मूल्य वर्धित कर (वैट) को कम किए जाने से प्रत्यक्ष प्रभाव के रूप में महंगाई दर में टिकाऊ आधार पर कमी आएगी। परोक्ष रूप से ईंधन और परिवहन लागत कम होने का भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, मुद्रास्फीति का अनुमान पूर्व के अनुमान के लगभग अनुरूप है। अल्पकाल में कीमत संबंधी दबाव बने रहने की आशंका है। रबी फसल बेहतर रहने की उम्मीद है। ऐसे में जाड़े में नई फसल की आवक के साथ मौसमी आधार पर सब्जियों के दाम में सुधार की उम्मीद है। दास ने कहा, मुख्य मुद्रास्फीति पर लागत आधारित दबाव जारी है...।

### ऋण वृद्धि काफी धीमी, आउटपुट गैप को पूरा करने में कई साल लगेंगेः रिजर्व बैंक

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था के आकार और वृद्धि दर के लिहाज से ऋण वृद्धि को बहुत कम बताते हुए बुधवार को कहा कि इन दोनों आंकड़ों के मेल के लिए बहुत ज्यादा बड़े आउटपुट गैप या अंतर को दूर करना होगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मौद्रिक समीक्षा के बाद यह भी साफ किया कि निम्न ऋण वृद्धि का यह कोई अनिवार्य अर्थ नहीं है कि अर्थव्यवस्था को कम ऋण प्रवाह हो रहा है या प्रणाली को ऋण बाधित हो रहा है। आउटपुट गैप से मतलब है कि कमजोर मांग होने से कंपनियां अपने संयंत्रों का अपनी पूरी क्षमता से संचालन नहीं कर पा रही हैं। इस तरह अर्थव्यवस्था मांग न रहने से अपनी क्षमता से काम नहीं कर पा रही है। रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल पात्रा ने यह स्वीकार किया कि ऋण की मांग अर्थव्यवस्था में अब भी नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे आकार वाली अर्थव्यवस्था के लिए निश्चित रूप से यह काफी नहीं है।

## बैंकरों ने रिजर्व बैंक के उदार नीतिगत रुख डिजिटल भुगतान पर उपायों का स्वागत किया

**भाषा। मुंबई**

**बैंकरों** ने मौद्रिक नीति की समीक्षा में नरम रुख जारी रखने के रिजर्व बैंक के फैसले को सही ठहराया है। इसके साथ ही विभिन्न बैंकों के शीर्ष अधिकारियों ने कोविड-19 के ओमीक्रोन स्वरूप की चिंता के बीच सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वृद्धि दर के अनुमान को 9.5 प्रतिशत पर कायम रखने और डिजिटल भुगतान के लिए नियामकीय उपायों की घोषणा का भी स्वागत किया है। केंद्रीय बैंक की द्विमासिक नीतिगत समीक्षा पर इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक और यूको बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ए के गोयल ने कहा कि ए उपाय उम्मीदों के अनुरूप हैं।

उन्होंने कहा, वृहद आर्थिक परिदृश्य में बदलाव के बावजूद चालू वित्त वर्ष के लिए आरबीआई के वृद्धि और मुद्रास्फीति अनुमानों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। यह वास्तव में एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान पर अपनी पहल के माध्यम से केंद्रीय बैंक लोगों को डिजिटल माध्यम के इस्तेमाल को प्रोत्साहन दे रहा है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश खारा ने कहा कि केंद्रीय बैंक की पूर्व मंजूरी के बिना विदेशी शाखाओं में पूंजी डालने की घोषणा से परिचालन में लचीलापन आएगा। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी दिलीप अस्बे ने ट्वीट कर कहा कि एक दिन में एक अरब लेनदेन का लक्ष्य अब बहुत दूर नहीं है। आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए यूपीआई सीमा बढ़ाने पर उन्होंने कहा कि एनपीसीआई के मंच ने आईपीओ बाजार का विस्तार किया है और घोषित उपाय आईपीओ निवेश के लिए काफी सकारात्मक साबित हो सकते हैं।

निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री अभीक बरुआ ने कहा कि रिजर्व बैंक का नीतिगत रुख उम्मीद से अधिक उदार है। भारत और दक्षिण एशिया के बाजारों के लिए स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की मुख्य कार्यपालक अधिकारी जरीन दारूवाला ने कहा कि एमपीसी का वृद्धि समर्थक रुख बहुत स्पष्ट रूप में सामने आया है और यह अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है। गैर-बैंकिंग ऋणदाताओं में टाटा कैपिटल के राजीव सभरवाल ने कहा कि अर्थव्यवस्था ने पिछले छह माह में रफ्तार हासिल की है, लेकिन केंद्रीय बैंक एक अधिक व्यापक पुनरुद्धार चाहता है। रेलिगेयर एंटरप्राइजेज की कार्यकारी चेयरपर्सन रश्मि सलूजा ने कहा कि रेपो दर को यथावत रखने का फैसला घर खरीदारों और छोटे व्यवसायों के लिए अच्छा है।

## स्मार्टफोन पर सब्सिडी देने के लिए यूएसओ फंड का इस्तेमाल करें

**भाषा। नई दिल्ली**



**रिलायंस** इंडस्ट्रीज लि. के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने डिजिटल क्रांति में मदद के लिए चुनिंदा समूहों को स्मार्टफोन पर सब्सिडी देने के लिए यूएसओ (यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन) फंड का इस्तेमाल करने की वकालत की। उन्होंने साथ ही कहा कि कि देश में ब्रॉडबैंड सेलुलर नेटवर्क के लिए राष्ट्रीय प्राथमिकता के तौर पर 5जी या पांचवीं पीढ़ी के प्रौद्योगिकी मानक पेश किए जाने चाहिए। दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों द्वारा भुगतान किए जाने वाले लाइसेंस शुल्क का पांच प्रतिशत यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड में जाता है। इसे ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में टेलीफोन सेवाओं तक पहुंच प्रदान करके सार्वभौमिक सेवा उद्देश्यों को प्राप्त करने तथा इन क्षेत्रों में मोबाइल सेवाओं एवं ब्रॉडबैंड की खातिर ढांचे के निर्माण के लिए अप्रैल 2002 में स्थापित किया गया था।

हालांकि, नियंत्रक और महालेख परीक्षक (कैग) के अनुसार, इस प्रकार एकत्र किए जाने वाले धन के आधे से भी कम हिस्से का इस्तेमाल इन उद्देश्यों के लिए किया जाता है। अंबानी ने बुधवार को इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को 2जी से 4जी और 5जी तक बढ़ने का काम जल्द से जल्द पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक-आर्थिक स्थिति के लिहाज से सबसे नीचे आने वाले लाखों भारतीयों को 2जी तक सीमित रखने का मतलब उन्हें डिजिटल क्रांति के लाभों से वंचित करना है। रिलायंस इंडस्ट्रीज की अनुषंगी जियो ने 2016 में सस्ते मोबाइल डेटा और कनेक्टिविटी की शुरूआत कर क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाया था। वह अब 4जी एवं 5जी के कार्यान्वयन और ब्रॉडबैंड बुनियादी ढांचे के विस्तार पर ध्यान दे रही है। 4जी और 5जी नेटवर्क के लिए स्मार्टफोन की जरूरत होती है। देश में अनुमानित 28 करोड़ मोबाइल फोन उपयोगकर्ता अभी भी बेसिक या फीचर फोन का इस्तेमाल करते हैं। उन लोगों के लिए शुरूआती स्तर के स्मार्ट फोन अब भी महंगे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, अंबानी ने कहा कि भारत में मोबाइल ग्राहक आधार के अभूतपूर्व तेजी से विस्तार में चीजों के किफायती होने से सबसे बड़ी मदद मिली है। शीर्ष उद्योगपति ने कहा कि हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि भारत में मोबाइल ग्राहक आधार के अभूतपूर्व तेजी से विस्तार में चीजों का किफायती होना महत्वपूर्ण साबित हुआ है। भारत को अधिक से अधिक डिजिटल समावेश की ओर बढ़ना चाहिए, न कि अधिक से अधिक डिजिटल अलगाव की ओर। उन्होंने कहा, भारत को यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि न केवल सेवाएं बल्कि उपकरण और अनुप्रयोग भी किफायती हों। अंबानी ने कहा कि व्यापक स्तर पर चीजों को सस्ता बनाने का सबसे अच्छा तरीका सेवाओं के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए यूएसओ फंड के उपयोग जैसे सहायक नीति उपकरणों और भविष्य की प्रौद्योगिकी को अपनाना है। यूएसओ फंड का उपयोग चुनिंदा लक्षित समूहों को उपकरणों पर सब्सिडी प्रदान करने के लिए किया जा सकता है।

## फिच ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर अनुमान घटाकर 8.4 प्रतिशत किया

**भाषा। नई दिल्ली**

**साख** तय करने वाली एजेंसी फिच रेटिंग्स ने बुधवार को 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 8.4 प्रतिशत कर दिया। उसने कहा कि कोविड महामारी की दूसरी लहर के बाद पुनरुद्धार उम्मीद से कमतर रहने की वजह से ऐसा किया गया है।

हालांकि रेटिंग एजेंसी ने अगले वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 10.3 प्रतिशत कर दिया है। फिच ने इससे पहले अक्टूबर में वित्त वर्ष 2021-22 (अप्रैल 2021 से मार्च 2022) में जीडीपी वृद्धि दर 8.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2022-23 में 10 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। कोरोना वायरस संबंधित प्रतिबंधों के चलते कारोबारी गतिविधियों पर असर पड़ने से वित्त वर्ष 2020-21 में अर्थव्यवस्था में 7.3 प्रतिशत का संकुचन आया था।

फिच ने अपनी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था ने (कोरोना वायरस के) डेल्टा स्वरूप के चलते आए तेज संकुचन से वित्त वर्ष 2020-21 की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर 2021) में मजबूत वापसी की। अप्रैल-जून 2021 तिमाही की तुलना में तीसरी तिमाही में जीडीपी में 11.4 प्रतिशत की तेज वृद्धि हुई। दूसरी तिमाही में जीडीपी में 12.4 प्रतिशत की कमी आई थी। रिपोर्ट के मुताबिक कि हालांकि, पुनरुद्धार हमारे सितंबर के अनुमान से ज्यादा कमतर था। सेवा क्षेत्र में पुनरुद्धार हमारी उम्मीद से कमजोर था।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उसे उम्मीद है कि ज्यादातर प्रतिबंधों के हटने के साथ सेवा क्षेत्र बेहतर प्रदर्शन करेगा। फिच ने कहा हमने अपने वित्त वर्ष 2021-22 (मार्च 2022 में समाप्त होने वाले वित्त वर्ष) के जीडीपी वृद्धि के पूर्वानुमान को घटाकर 8.4 प्रतिशत कर दिया है। उपभोक्ताओं की अगुवाई में पुनरुद्धार और आपूर्ति व्यावधानों के नरम पड़ने के साथ जीडीपी वृद्धि की गति वित्त वर्ष 2022-23 में 10.3 प्रतिशत पर पहुंच जानी चाहिए।



गुवाहटी में बुधवार की सुबह एक सब्जी विक्रेता सब्जियां बेचता हुआ

### यूबीएल की सीसीआई के 752 करोड़ के जुर्माना आदेश के खिलाफ एनसीएलएटी में अपील

**नई दिल्ली।** बीयर कंपनी यूनाइटेड ब्रूवरीज लिमिटेड (यूबीएल) ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा उसपर लगाए गए 751.8 करोड़ रुपए के जुर्माने के खिलाफ राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) में अपील की है। सीसीआई ने 24 सितंबर, 2021 को बीयर की बिक्री और आपूर्ति में कथित तौर पर गुटबंदी को लेकर यूबीएल पर 751.8 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। यूबीएल ने शेयर बाजार को बताया, कंपनी ने सीसीआई के 24 सितंबर, 2021 के फैसले के खिलाफ एनसीएलएटी में अपील की है। एनसीएलएटी दरअसल सीसीआई द्वारा जारी किए गए किसी भी निर्देश या निर्णय के खिलाफ अपील की सुनवाई करता है।

## रियल्टी कंपनियों ने कहा, रेपो दर यथावत रहने से सस्ता आवास ऋण मिलना जारी रहेगा

**भाषा। नई दिल्ली**

**रियल** एस्टेट कंपनियों का मानना है कि रिजर्व बैंक के नीतिगत दरों को यथावत रखने के फैसले से आवास ऋण पर निम्न ब्याज दरें जारी रहेंगी और घरों की मांग में सुधार होगा। रिजर्व बैंक के बुधवार के नीतिगत फैसले का स्वागत करते हुए क्रेडाई के अध्यक्ष हर्षवर्धन पटोदिया ने कहा, रेपो और रिवर्स रेपो दर को अपरिवर्तित रखने का रिजर्व बैंक का उदार रुख निश्चित रूप से एक प्रगतिशील और सतर्क कदम है, खासकर ऐसे समय में जब पूरा उद्योग नई ओमीक्रोन लहर के संभावित प्रभाव का आकलन कर रहा है। उन्होंने कहा कि आवास ऋण पर निचली ब्याज दर व्यवस्था जारी रहने से घर खरीदारों में भरोसा पैदा होगा और इससे मौजूदा आर्थिक पुनरुद्धार में भी मदद मिलेगी। नारेडको के वाइस चेयरमैन और हीरानंदानी ग्रुप के प्रबंध निदेशक निरंजन हीरानंदानी ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र को निचली ब्याज दरों से लाभ होगा। उन्होंने कहा, घर खरीदार इस ऐतिहासिक निचली ब्याज दरों का सबसे अधिक लाभ उठाना चाहेंगे। टाटा रियल्टी एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संजय दत्त ने कहा कि ब्याज दरों में बदलाव नहीं करने के फैसले से आवास क्षेत्र के लिए दरें निचले स्तर पर बनी रहेंगी। इससे आवास बाजार को समर्थन मिलेगा। पूर्वांकर फर्म के प्रबंध निदेशक आशीष आर पूर्वांकर ने कहा कि पिछली कुछ तिमाहियों के दौरान विभिन्न संपत्ति वर्ग में अच्छी बिक्री देखी गई है। उन्होंने कहा, रिजर्व बैंक के नरम रुख से घर खरीदने के इच्छुक लोगों को प्रोत्साहन मिलेगा। वे सर्वकालिक निचली ब्याज दरों पर घर खरीदने के लिए कर्ज ले सकेंगे। ओमैक्स लि. के प्रबंध निदेशक मोहित गोयल ने कहा कि केंद्रीय बैंक के इस कदम से ब्याज दरों की दृष्टि से संवेदनशील कारोबार क्षेत्रों को प्रोत्साहन मिलेगा। सीबीआरई के चेयरमैन और सीईओ (भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया और अफ्रीका) अंशुमान मैग्जीन ने कहा कि रिजर्व बैंक का यह रुख आवास ऋण लेने के इच्छुक ग्राहकों तथा भारतीय रियल एस्टेट बाजार की दृष्टि से काफी अच्छा है।

## न्यायालय ने दस्तावेज पेश करने के तरीके और समय पर नाराजगी जताई

**अमेजन-फ्यूचर मामला**

**भाषा। नई दिल्ली**

**उच्चतम** न्यायालय ने अमेजन-फ्यूचर मामले में संबंधित पक्षों द्वारा पेश दस्तावेजों के समय और सामग्री को लेकर नाराजगी जताई है और फ्यूचर समूह की याचिका पर सुनवाई 11 जनवरी तक के लिए टाल दी है। फ्यूचर समूह ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें मध्यस्थता न्यायाधिकरण के फैसले पर रोक लगाने से इनकार किया गया था। मध्यस्थता न्यायाधिकरण ने सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र (एसआईएसी) द्वारा सुनाए गए आपात निर्णय में हस्तक्षेप से इनकार किया था। मुख्य न्यायाधीश एन वी रमण और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना तथा न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने पूर्व में इस मामले में संबंधित पक्षों से ट्रक भरकर दस्तावेजों के बजाय कम संख्या में दस्तावेज मांगे थे। पीठ ने बुधवार को एक बार फिर फ्यूचर ग्रुप द्वारा प्रस्तुत लिखित दस्तावेजों पर नाराजगी जताई। न्यायालय ने कहा, हमारे पिछले निर्देश का मकसद यह था कि आप अपनी ओर से लिखित दस्तावेज पहले ही पेश कर दें जिससे हम उन्हें पढ़ सकें। हमें एफआरएल से ए दस्तावेज रात 10 बजे मिले हैं। दूसरे पक्ष से हमें ए दस्तावेज आज सुबह मिलें हैं। इस पर फ्यूचर समूह की ओर से उपस्थिति वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने कहा, मैं सुझाव दे सकता हूं, मैं आज खुद एक नोट लिखवाऊंगा।

# पेज एक का शेष

### हेलीकॉप्टर दुर्घटना...

करीब एक घंटे बाद उधगमंडलम में वेलिंगटन स्थित डीएसएससी में उतरना था। हालांकि कुन्नूर दमकल केंद्र को दोपहर के करीब इस घटना को लेकर सूचना मिली। हेलीकॉप्टर नीलगिरि जिले के पर्वतीय क्षेत्र में कुन्नूर के निकट कातेरी-नंजप्पनचथिराम इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। हेलीकॉप्टर वन क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ जिससे पेड़ों को नुकसान पहुंचा और बाद में लगी आग के कारण वे जलकर राख हो गए। स्थानीय लोग घायलों को बचाने के लिए मदद के वास्ते सबसे पहले पहुंचे। हालांकि, वे आग की भीषण लपटों के कारण पीड़ितों की मदद नहीं कर सके और उन्होंने अधिकारियों को सूचित किया। यह त्रासदी और बड़ी हो सकती थी अगर हेलीकॉप्टर मानव बस्ती से कुछ दूर नहीं गिरा होता। दुर्घटनास्थल पर हेलीकॉप्टर और पेड़ों में लगी आग के कारण धुआं उठ रहा था और कर्मचारी बाल्टी और पाइप के जरिए पानी डालकर उसे बुझाने की कोशिश में जुटे थे। घटनास्थल पर कुछ जले हुए शव भी नजर आ रहे थे जबकि बचावकर्मी वहां मानवअवशेषों को इकट्ठा करते नजर आए।

### एमआई-17वी5...

(युद्धक घोड़ा) के रूप में जाना जाता है। यह हेलीकॉप्टर टैंक सहित भारी भार के साथ करीब 5,000 मीटर की ऊंचाई पर उड़ सकता है। वर्तमान में भारतीय वायुसेना के पास ऐसे करीब 140 हेलीकॉप्टर हैं। भारतीय वायु सेना ने उन्हें 2012 से सेवा में शामिल करना शुरू किया। सूत्रों के अनुसार सरकार पूरे बेड़े की गहन तकनीकी समीक्षा का आदेश दे सकती है। एमआई-17वी5 हेलीकॉप्टर की लगातार दुर्घटना ने विशेषज्ञों को आश्चर्य में डाल दिया है क्योंकि यह एक उन्नत सैन्य परिवहन हेलीकॉप्टर है। रूसी हेलीकॉप्टरों की सहायक कंपनी कज़ान द्वारा निर्मित, हेलीकॉप्टर में एक ऑनबोर्ड मौसम रडार है और यह नवीनतम पीढ़ी के नाइट विजन उपकरणों से लैस है। इसमें नया पीकेवी-8 ऑटोपायलट सिस्टम और केएनईआई-8 एवियोनिक्स सूट भी है। यह 13,000 किलोग्राम का अधिकतम टेक-ऑफ वजन और 4,000 किलोग्राम का अधिकतम पेलोड भार ले जा सकता है और 250 किमी प्रति घंटे की गति से उड़ सकता है। भारत ने 2008 में मानवीय और आपदा राहत मिशनों और परिवहन कार्यों के लिए अपने बेड़े को मजबूत करने के लिए 80 एमआई-17वी-5 मध्यम आकार के हेलीकाप्टरों को शामिल करने के लिए रूस के साथ समझौता किया था। बाद में 151 एमआई-17 वी-5 हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति के लिए अनुबंध का विस्तार किया गया था। इन हेलीकॉप्टरों का पहला बैच सितंबर 2011 में भारत आया था। फरवरी 2012 में भारतीय वायु सेना के पास औपचारिक रूप से रूस से एमआई-17 वी-5 हेलीकॉप्टर थे, जो सैनिकों और सामान को ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ले जाने सहित अपनी परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए थे। आत्मरक्षा प्रणाली से सुसज्जित हेलीकॉप्टर में मिसाइल दागने से लेकर भारी सामान ले जाने की सुविधा थी। उन्होंने कहा कि एमआई-17 वी-5 सैन्य परिवहन हेलीकॉप्टर को कार्गो केबिन के अंदर या बाहरी स्लिंग पर कर्मियों, कार्गो और उपकरणों को ले जाने, सामरिक हवाई हमले बलों और टोही और तोड़फोड़ समूहों को गिराने, जमीनी लक्ष्यों को नष्ट करने और घायलों को ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। हेलीकॉप्टर उन्नत टीवी3-117वीएम इंजन से लैस है। यह हेलीकॉप्टरों के एमआई -8/17 परिवार का सबसे तकनीकी रूप से उन्नत हेलीकॉप्टर है और पिछली पीढ़ी के हेलीकॉप्टरों से सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग का उदाहरण है।

### नरवणे हो...

किया। उन्हें 2019 के अंत में सेवानिवृत्त होना था, जब सरकार ने उन्हें सीडीएस के रूप में नियुक्त किया। सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) इस अभूतपूर्व घटना के रणनीतिक और रक्षा ढांचे पर पड़ने वाले प्रभाव पर फैसला करेगी। सीडीएस की तत्काल आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पिछले दो वर्षों से लद्दाख में तनावपूर्ण बनी हुई है और पाकिस्तान अफगानिस्तान में स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर सकता है और अफगान आतंकवादियों को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार से जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ करा सकता है। इसके अलावा, चीन रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के सुरक्षा हितों के लिए चुनौती पेश करते हुए हिंद प्रशांत क्षेत्र में अपनी ताकत बढ़ा रहा है। सूत्रों के अनुसार इस परिदृश्य को देखते हुए सरकार सीडीएस के पद को लंबे समय तक खाली नहीं छोड़ सकती। जब तक सरकार अंतिम निर्णय नहीं ले लेती, तब तक डिप्टी चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ सीडीएस की संस्था के मामलों को देखेंगे।

### हर तरफ...

मोदी ने कहा कि रावत ने अत्यंत कर्मठता से भारत की सेवा की। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। भारत कभी उनकी असाधारण सेवा को नहीं भूलेगा। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि देश ने अपने एक 'बहादुर सपूत' को खो दिया है। उनकी असमय मौत पर स्तब्ध और क्षुब्ध हूं। लगभग चार दशक से मातृभूमि की नि:स्वार्थ सेवा उनके अद्वितीय शौर्य एवं बहादुरी से परिपूर्ण रही। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी कहा कि उनका असामयिक निधन सशस्त्र बलों और देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) रावत की इस तरह मौत पर शोक प्रकट किया और कहा कि देश के लिए आज का दिन बहुत दुखद है। उनके उत्कृष्ट योगदानों और प्रतिबद्धता को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सीडीएस रावत की मौत पर गहरा दुख जताया और कहा कि वह बृहस्पतिवार को अपना जन्मदिन नहीं मनाएंगी। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से यह अपील भी की है कि वे किसी भी तरह के जश्न से पूरी तरह दूर रहें। सोनिया गांधी बृहस्पतिवार को वह 75 साल की हो जाएंगी।

### केंद्र के...

बयान में कहा कि एसकेएम की गुरुवार दोपहर बारह बजे सिंघु सीमा पर फिर से बैठक होगी जिसमें मोर्चा को उठाने के लिए निर्णय लिया जाएगा। केंद्र ने अपने दूसरे मसौदे में सहमति व्यक्त की कि आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ दर्ज मामले केंद्रीय एजेंसियों द्वारा तत्काल प्रभाव से वापस ले लिए जाएंगे। राज्य सरकारें- उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और मध्य प्रदेश किसानों के खिलाफ मामले वापस लेने पर सहमत हो गए हैं। यह अन्य राज्य सरकारों से भी अपील करेगा कि वे अपने खिलाफ मामले वापस लें।

### केन एवं...

की जा सकेगी। इसके तहत उत्तर प्रदेश में दो बराज का निर्माण किया जाएगा। केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना दो राज्यों उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच नदियों को जोड़ने की अहम परियोजना है। इस परियोजना से मध्य प्रदेश में छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, सागर, दमोह, दतिया, विदिशा, शिवपुरी जिलों को पानी मिलेगा, वहीं उत्तर प्रदेश के बांदा, महोबा, झांसी और ललितपुर जिलों को राहत मिलेगी। इस परियोजना के तहत केन नदी से बेतवा नदी में पानी भेजा जाएगा। इसे दाऊधाम बांध के निर्माण तथा दोनों नदियों से नहर को जोड़ने, लोअर उर परियोजना, कोठा बैराज और बीना कॉम्प्लेक्स परियोजना के जरिए पूरा किया जाएगा। सरकार का मानना है कि यह परियोजना भारत में नदियों को आपस में जोड़ने की अन्य परियोजनाओं का भी मार्ग प्रशस्त करेगी तथा विश्व के सामने हमारी बुद्धिमत्ता और दृष्टिकोण का परिचय देगी।

### प्रधानमंत्री आवास...

कि 2.95 करोड़ लोगों के पक्के मकान की जरूरत होगी। इसमें बड़ी संख्या में परिवारों को आवास प्रदान किए गए हैं। ठाकुर ने कहा कि शेष परिवारों को भी आवास मिल सके, इसके लिए इस योजना को 2024 तक जारी रखने का निर्णय किया गया है। सरकारी बयान के अनुसार, इस योजना के तहत शेष 1.55 करोड़ मकानों के निर्माण के लिए वित्तीय प्रभाव 2.17 करोड़ रूपए आएगा जिसमें केंद्र की हिस्सेदारी 1.25 लाख करोड़ रूपए तथा राज्य की हिस्सेदारी 73,475 करोड़ रूपए होगी। इसके तहत नाबार्ड को अतिरिक्त ब्याज के पुन:भुगतान के लिए 18,676 करोड़ की अतिरिक्त जरूरत होगी।

### ओमीक्रोन पर...

एंटीबॉडी शामिल होता है। लेकिन यह प्रयोग इस बात की अधूरी तस्वीर पेश करते हैं कि वैक्सीन अस्पताल में भर्ती होने या ओमीक्रोन से होने वाली मौत से कितनी मदद करता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि वैक्सीन लेने वाले सभी वांलिटयर के एंटीबॉडी ने ओमीक्रोन के खिलाफ कोरोनो वायरस के पुराने वैरिएंट की तुलना में खराब प्रदर्शन किया।

# रोहित शर्मा बने वनडे टीम के कप्तान

## दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारत की 18 सदस्यीय टेस्ट टीम घोषित

● रहाणे व पुजारा को मिला एक और मौका

● हनुमा विहारी की वापसी, यूपी के सौरभ स्टैंडबाई में शामिल

**भाषा**। नई दिल्ली




**रोहित** शर्मा को दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारत की एक दिवसीय क्रिकेट टीम का कप्तान बनाया गया है और 26 दिसंबर से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला में वह अजिंक्य रहाणे की जगह टेस्ट टीम के उपकप्तान भी होंगे। इंग्लैंड दौरे के बाद रहाणे से उपकप्तानी छीने जाने के पूरे आसार थे और न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में मुंबई टेस्ट में जब फिटनेस कारण से उन्हें टीम से बाहर किया गया तो तस्वीर साफ हो गई थी।

टेस्ट टीम में रोहित को उपकप्तान बनाए जाने के मायने हैं कि निकट भविष्य में वह सभी प्रारूपों में कप्तान हो सकते हैं। रहाणे बतौर बल्लेबाज भी पिछले दो साल में कामयाब नहीं रहे हैं और उनकी उपलब्धि आस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत की जीत में शतक जड़ना ही रही। उस श्रृंखला के बाद उनका फॉर्म लगातार गिरता गया और इस साल 12 टेस्ट में उनका औसत 20 से भी कम रहा।

उनके टीम में बने रहने का एक कारण यह भी हो सकता है कि नए कोच राहुल द्रविड़ उन्हें एक आखिरी मौका देना चाहते होंगे जो दक्षिण अफ्रीका का दौरा होगा। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया कि रहाणे के टीम में बने रहने की एक वजह यह भी हो सकती है कि कोहली और चेतेश्वर पुजारा भी काफी समय से रन नहीं बना पा रहे हैं। ऐसे में किसी एक को बाहर करके बाकी दोनों को टीम में बनाए रखना गलत होता।

उन्होंने कहा कि कोहली अलग ही श्रेणी का खिलाड़ी है लेकिन रहाणे और पुजारा के लिए यह आखिरी मौका होगा। उन्होंने कहा कि रहाणे को 26 दिसंबर से शुरू हो रहे सेंचुरियन टेस्ट में टीम में जगह मिलना मुश्किल है। बीसीसीआई ने तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए 18 सदस्यीय टीम का ऐलान किया जिसमें रविंद्र जडेजा, स्पिनर अक्षर पटेल और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल फिटनेस समस्याओं के कारण नहीं है।

हनुमा विहारी ने टीम में वापसी की है जबकि खराब फॉर्म के बावजूद तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा और बल्लेबाज चेतश्वर पुजारा टीम में हैं। स्टैंडबाय में उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार शामिल हैं जो इस समय भारत ए टीम के साथ दक्षिण अफ्रीका में ही हैं।





### टीम

विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा(उपकप्तान), केएल राहुल, मयंक अग्रवाल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, श्रेयस अय्यर, हनुमा विहारी, ऋषभ पंत, रिधिमान साहा, आर अश्विन, जयंत यादव, ईशांत शर्मा, मोहम्मद शमी, उमेश यादव, जसप्रीत बुमराह, शारदुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज।

**स्टैंडबाय** : नवदीप सैनी, सौरभ कुमार, दीपक चाहर, अर्जन नागवासवाला।




## विराट कोहली के इनकार के बाद बीसीसीआई ने कप्तानी से हटाया




**नई दिल्ली**। विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद ऐसा होना ही था और बुधवार को बीसीसीआई ने विराट कोहली को भारत की एक दिवसीय टीम के कप्तान पद से हटाकर बागडोर रोहित शर्मा को सौंप दी। कोहली पहले ही टी-20 कप्तानी छोड़ चुके थे। पता चला है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन्हें स्वेच्छा से वनडे टीम की कप्तानी से हटने के लिए पिछले 48 घंटों का इंतजार किया लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। लेकिन 49वें घंटे में रोहित शर्मा को यह पद गंवा बैठे जो होना ही था। शायद किसी को यह बताने के लिए उसका समय हो चुका है, कोहली की बर्खास्तगी के बारे में बीसीसीआई के बयान में जिक्र भी नहीं किया गया जिसमें सिर्फ कहा गया कि चयन समिति ने आगे बढ़ने के दौरान रोहित को वनडे और टी-20 अंतरराष्ट्रीय टीमों का कप्तान बनाने का फैसला किया है। कोहली ने बस यूं ही अपनी कप्तानी गंवा दी। बीसीसीआई और राष्ट्रीय चयन समिति ने कोहली को कप्तानी से हटा दिया जिनकी महत्वाकांक्षा शायद 2023 वनडे विश्व कप में घरेलू सरजमीं पर भारतीय टीम की अगुआई करने की होगी। जिस क्षण भारत टी-20 विश्व कप के ग्रुप चरण से बाहर हुआ, कोहली को कप्तानी से हटाया जाना तय हो गया था लेकिन बीसीसीआई अधिकारी पिछले साढ़े चार वर्षों से टीम के कप्तान को सम्मानजनक रास्ता देना चाहते थे। अंत में ऐसा लगता है कि कोहली ने बीसीसीआई से कहा कि उन्हें बर्खास्त करके दिखाओ और खेल की शीर्ष संस्था ने आगे बढ़कर ऐसा ही किया और फिर उनके सामने इसे स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। कोहली की कप्तानी का दौर खुद में एक शानदार दास्तां रहा है। कूल महेंद्र सिंह धोनी ने अपने नेतृत्व में कोहली को तैयार किया और फिर जब उन्हें लगा कि समय आ गया तो उन्होंने सफेद गेंद की जिम्मेदारी उन्हें सौंप दी। अगले दो वर्षों में कोहली टीम के ताकतवर कप्तान बन गए जो अपने हिसाब से चीजें करता। फिर उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित की गई प्रशासकों की समिति थी जिन्होंने उनकी हर मांग को पूरा किया।

# कमिंस ने चटकाए पांच विकेट

## आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड की पहली पारी 147 पर समेटी

● बारिश की वजह से चाय के विश्राम बाद का खेल नहीं हो सका

**एपी**। ब्रिसबेन



पांच विकेट लेने के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करते कप्तान पैट कमिंस

**पैट** कमिन्स ने आस्ट्रेलियाई कप्तान के रूप में अपनी पहली पारी में ही पांच विकेट लिए जिससे उनकी टीम ने पहले एशेज टेस्ट क्रिकेट मैच के शुरुआती दिन बुधवार को यहां इंग्लैंड को 147 रन पर समेट दिया। इंग्लैंड की पारी समाप्त होने के बाद बारिश आ गई। खराब मौसम और आउटफील्ड गीली होने के कारण तीसरे सत्र का खेल नहीं हो पाया जिससे आस्ट्रेलिया को अपनी पहली पारी अब गुरुवार की सुबह शुरू करनी होगी। कमिन्स ने आखिरी तीन विकेट निकालकर कुल 38 रन देकर पांच विकेट लिए। उनके साथी तेज गेंदबाजों मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड ने दो दो जबकि आलराउंडर कैमरन ग्रीन ने एक विकेट लिया।

इंग्लैंड के चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे जिसमें जोस बटलर ने 39 और ओली पोप ने 35 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड की पारी समाप्त होने के बाद चाय का विश्राम ले लिया गया, लेकिन इसके बाद आगे खेल नहीं हो पाया। अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार शाम पांच बजे दिन का खेल समाप्त करने की घोषणा की। दूसरे दिन का खेल आधा घंटे पहले शुरू होगा।

इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने टॉस जीता पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और आस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज श्रृंखला की पहली गेंद पर सलामी बल्लेबाज रोरी बर्न्स का विकेट गंवा दिया। बादल छाए हुए थे, पिच पर घास है और ऐसे में रूट का फैसला गलत साबित हुआ। स्टार्क की स्विंग लेती यार्कर पर बर्न्स आते ही पवेलियन लौटे तो इसके बाद हेजलवुड ने डाविड मलान (छह) और रूट (शून्य) को आउट करके इंग्लैंड का स्कोर छठे ओवर में तीन विकेट पर 11 रन कर दिया। कमिन्स ने स्टार आलराउंडर बेन स्टोक्स को तीसरी स्लिप में मार्नस लाबुशेन के हाथों कैच कराकर आस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान के रूप में अपना पहला विकेट लिया। स्कोर हो गया चार विकेट पर 29 रन। सलामी बल्लेबाज हसीब हमीद ने एक छोर संभालकर लंच तक इंग्लैंड का स्कोर चार विकेट पर 59 रन तक पहुंचाया लेकिन वह 25 रन बनाकर दूसरे सत्र के शुरू में कमिन्स की बाहर जाती गेंद पर दूसरी स्लिप में स्टीव स्मिथ को कैच दे बैठे। पोप और बटलर ने छठे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी करके कुछ देर के लिए विकेट गिरने का क्रम रोका।

स्टार्क ने बटलर को विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराकर यह साझेदारी तोड़ी जबकि पोप भी इसके तुरंत बाद ग्रीन की गेंद पर फाइन लेग बाउंड्री पर कैच दे बैठे। ग्रीन का यह पहला टेस्ट विकेट था। कमिन्स ने इसके बाद ओली रॉबिन्सन (शून्य), मार्क वुड (आठ) और क्रिस वोक्स (21) को आउट करके इंग्लैंड की पारी का अंत किया।

भौतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली -110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतरगत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ भौतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जुगनू देवी/ धर्मेंद्र कुमार सिंह/ LBDEL00002717847 | फ्लैट नंबर-44, दूसरी मंजिल एलआईजी ब्लॉक ए 6, सेक्टर-34 पॉकेट-3, रोहिणी, दिल्ली/ 07 दिसंबर, 2021 | अगस्त 13, 2020 ₹ 12,10,259/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: दिसंबर 09, 2021
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

## इंडोनेशिया की बैडमिंटन टीम ने विश्व चैंपियनशिप से हटने का फैसला किया

**भाषा**। नई दिल्ली

**कोविड**-19 के नए स्वरूप ओमीक्रोन के फैलने से चिंतित इंडोनेशिया की बैडमिंटन टीम ने रविवार से स्पेन के हुएलवा में शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप से हटने का फैसला किया है।

बैडमिंटन इंडोनेशिया ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा कि इंडोनेशिया बैडमिंटन टीम स्पेन के हुएलवा में 12 से 19 दिसंबर तक होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप से हट गई है। महासंघ ने कहा कि इस फैसले के बाद इंडोनेशिया की टीम अब तुरंत 2022 में होने वाली प्रतियोगिताओं की तैयारी शुरू करेगी। आल इंडोनेशिया बैडमिंटन महासंघ ने बुधवार को कहा कि यूरोपीय देशों में ओमीक्रोन स्वरूप के कारण संक्रमण के मामलों में तेजी से इजाफे के बाद यह फैसला किया गया है।

# साजिद के दम पर पाक ने बांग्लादेश को पारी और आठ रन से हराया

**एपी**। ढाका

**आफ** स्पिनर साजिद खान ने मैच में 128 रन देकर 12 विकेट चटकाए जिससे पाकिस्तान ने बारिश से प्रभावित दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के अंतिम दिन बुधवार को बांग्लादेश को पारी और आठ रन से हराकर श्रृंखला 2-0 से जीत ली। बांग्लादेश को पहली पारी में 87 रन पर सिमटने के बाद फॉलोआन को मजबूर होना पड़ा और दूसरी पारी में भी टीम 205 रन पर सिमट गई।

कम होती रोशनी के बीच ताइजुल इस्लाम और इबादत हुसैन की अंतिम जोड़ी ने 34 गेंद खेलकर ड्रा की उम्मीद जगाई लेकिन साजिद ने ताइजुल को पगबाधा करके पाकिस्तान की जीत सुनिश्चित की। साजिद ने पहली पारी में 42 रन देकर आठ विकेट चटकाते हुए पाकिस्तानी गेंदबाजी की ओर से चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और फिर दूसरी पारी में भी 86 रन देकर चार विकेट हासिल किए। पाकिस्तान ने पहली पारी चार विकेट पर 300 रन बनाकर घोषित की थी। पहले तीन दिन बारिश और खराब रोशनी के कारण सिर्फ 63.2 ओवर का खेल संभव हो पाया था। तीसरे दिन सिर्फ 6.2 ओवर का खेल हो पाया जबकि दूसरे दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी।

बांग्लादेश ने अंतिम दिन की शुरुआत पहली पारी में सात विकेट पर 76 रन से की लेकिन जल्द ही टीम 87 रन पर सिमट गई जिसके बाद पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने बिना किसी हिचक के विरोधी टीम को फॉलोआन दिया। शाहीन शाह अफरीदी (31 रन पर दो विकेट) और हसन अली (37 रन पर दो विकेट) ने दूसरे पारी में भी बांग्लादेश को शुरुआती झटके दिए जिससे टीम ने 25 रन तक ही चार विकेट गंवा दिए।

मुशफिकुर रहीम और लिटन दास ने 25 ओवर में 73 रन जोड़कर बांग्लादेश की मैच ड्रॉ कराने की उम्मीद जगाई। साजिद ने लिटन को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा। लिटन ने 45 रन बनाए। शाकिब अल हसन और मुशफिकुर ने इसके बाद 49 रन की साझेदारी की। मुशफिकुर हालांकि जोखिम भर रन चुराने के प्रयास में 48 रन बनाकर रन आउट हुए।

शाकिब और मेहदी हसन ने इसके बाद मोर्चा संभाला। बाबर ने हालांकि मेहदी हसन को पगबधा करके पाकिस्तान की जीत की उम्मीद बढ़ा दी।

## ब्रैडमैन के ऐतिहासिक बल्ले की नीलामी

**भाषा**। मेलबर्न

**दिग्गज** बल्लेबाज डोनाल्ड ब्रैडमैन ने 1934 की एशेज श्रृंखला के दौरान जिस बल्ले का उपयोग किया था और जिससे उन्होंने तिहरा शतक भी बनाया था उसे नीलामी के लिए रखा गया है। ब्रैडमैन ने सलामी बल्लेबाज बिल पोंसफोर्ड के साथ 451 रन की साझेदारी के दौरान भी इसी बल्ले का उपयोग किया था। यह बल्ला 1999 से एनएसडब्ल्यू दक्षिणी हाइलैंड्स में बोराल में ब्रैडमैन संग्रहालय में प्रदर्शित किया गया है। ब्रैडमैन ने यह बल्ला 1934 में इंग्लैंड में पांचों टेस्ट मैच में उपयोग किया था। उन्होंने इस श्रृंखला में 758 रन बनाए थे।

**PUBLIC NOTICE**

TAKE NOTICE THAT at behest of our client, we are investigating title of Mr. Ram Singh for Property bearing No. A-1/61, 100 sq., Yds., Mustatil No. 69, Killa No. 25, Village Hastsal, Uttam Nagar, New Delhi ("Said Property") who intend to sell the said property to a Buyer who intends to avail a loan from our client i.e. Fullerton India Home Finance Company Ltd. by creating a mortgage against said property. Any Person having any claims or rights in respect of the Said Property are/is hereby requested to make the same known in writing to the undersigned within a period of 7 (seven) days from the date of publication of this notice their claim, if any, with all supporting documents, failing which, it will be assumed that there are no claims or issues in respect of Said Property and the transaction, if any shall be completed without reference to the claims, if any.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

To be all know that **Sh. Gurbachan Singh & Smt. Kamaljeet Kaur** R/o DDA Janta Flat No. 159, S/F, PKT-JG-II, Vikas Puri, N D-18, File No F 19(253)1982/HBMJ/NP. & DDA original documents has been lost in DDA. Site Possession Letter, Electric and water connection (NOC) etc. FIR LR No. 1029402/2021 on date 08-12-21 any person claiming any right interest having any objection or found in possession of original document may contact **Sh. Gurbachan Singh** Mob No. 9990524709 within 15 days from the date of publication of this notice. The person calming any right, interest, objection with respect to this property can personally inform DDA Vikas Sadan, INA, New Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client, **Tilak Raj Madaan S/o Sham Singh R/o Flat No.201, Second Floor, Block Y-2, Vasant Kunj-110070** Allottee/Mutatee of DDA **Flat No. 201, Second Floor,Block Yamuna-2,Sector/Pocket D-6, Vasant Kunj, New Delhi-110070** vide DDA File No. 2/365(968)2012/DDA10/VK. The original documents i.e. DDA Demand Letter, Possession Letter, NOC For Water And Electric Connection, And Site Possession Slip of the above said flat has been lost. An F.I.R./NCR/LR NO. 1029567/2021 dated 08/12/2021 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch, Delhi. Any person(s)claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No. 9416033345 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to **Deputy Director (Housing)-MIG or Director (H), DDA Vikas Sadan, New Delhi**

सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड 4/10, माइश्री टॉवर, बोम्मनहल्ली होसुर मेनरोड बैंगलोर- 560068

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सीमा शिजू पप्पेन/ शिजू पप्पेन / LBCOC00002924848/ LBCOC00002958919 | फ्लैट नंबर 23सी 23 वीं मंजिल, को कवर करने वाले ऋण दस्तावेज़/ संपत्ति दस्तावेज़ में वर्णित, राजगिरी कैंपस कोर्ट टॉवर- 2, राजगिरी घाटी, इन्फोपार्क रोड, कक्कनड, एर्नाकुलम 682030 (क्षेत्र का परिमाप 1760) सांकेतिक कब्जे की तिथि- 07.12.2021 | 02,08, 2021 ₹ 74,91,441.00/ | कोचीन |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: दिसम्बर 09, 2021
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# एटलेटिको मैड्रिड अंतिम 16 में पहुंचा

**चैंपियन्स लीग**

**एपी**। पोर्टो



पेनाल्टी के जरिए गोल करने का प्रयास करते पीएसजी के लियोनल मेसी

एटलेटिको मैड्रिड ने तीन खिलाड़ियों को लाल कार्ड, मैदान पर झड़प और अंतिम क्षणों में तीन गोल के गवाह बने मैच में पोर्टो को 3-1 गोलों से हराकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतिम 16 में अपनी जगह बनाई। एटलेटिको को क्वालीफाई करने के लिए ग्रुप बी के इस मैच में जीत की जरूरत थी। पोर्टो के पास भी क्वालीफाई करने का मौका था। उसने इस मैच में दूसरे स्थान पर रहकर शुरुआत की थी। वह एटलेटिको और एसी मिलान से एक अंक आगे था।

मिलान को लिवरपूल ने 2-1 गोलों से हराकर लगातार छठी जीत दर्ज की। ऐसे में पोर्टो और एटलेटिको का मैच महत्वपूर्ण बन गया था। एटलेटिको के दो और पोर्टो के एक खिलाड़ी को लाल कार्ड मिलने के कारण दूसरे हाफ में मैदान छोड़ना पड़ा था। एंटोनी ग्रीजमैन ने 56वें मिनट में एटलेटिको को बढ़त दिलाई। एंजेल कोरिया और रोड्रिगो डि पॉल ने 90 मिनट का खेल होने के बाद गोल करके एटलेटिको की बढ़त 3-0 कर दी। पोर्टो को इसके बाद आखिरी क्षणों में पेनल्टी मिली जिसे सर्जियो ओलिवियरा ने गोल में बदला। इस बीच लियोनेल मेसी और काइलन एमबापे के दो दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन ने क्लब ब्रूज को 4-1 से हराया। ग्रुप ए में मैनचेस्टर सिटी को हालांकि आरबी लिपजिग से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। सिटी ग्रुप में शीर्ष पर रहकर जबकि पीएसजी दूसरे स्थान की टीम के रूप में आगे बढ़ने में सफल रही। इस बीच अजॉक्स ने स्पोर्टिंग को 4-2 से हराकर ग्रुप सी में लगातार छठी जीत दर्ज की। अजॉक्स के स्ट्राइकर सेबेस्टियन हालेर ने सभी मैचों में गोल करने का रिकार्ड बनाया। स्पोर्टिंग हार के बावजूद दूसरे स्थान पर रहकर क्वालीफाई करने में सफल रहा।

## पायस और सुहाना ने विश्व युवा टेबल टेनिस में कांस्य पदक जीते

विला नोवा डि गाइया (**पुर्तगाल**)। भारत की पायस जैन और सुहाना सैनी को विश्व युवा टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में अपने सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा जिससे उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना होगा। पायस को सेमीफाइनल में चीन की पेंग जियांग से जबकि सुहाना को मिस्र की शीर्ष वरीय हाना गोडा से हार मिली। चौथी वरीयता प्राप्त पायस ने ईरान की नावेद शम्स से मंगलवार रात को 11-9, 11-8, 11-8, 8-11, 11-4 से हराया था।

हालांकि दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी पायस सेमीफाइनल में वही फॉर्म नहीं दोहरा सकी और चीन की खिलाड़ी से 30 मिनट से भी कम समय में I-4 (4-11, 12-10, 4-11, 2-11, I-11) से हार गई।

सुहाना सैनी ने मंगलवार को विश्व चैम्पियनशिप में तीन पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय बनने की उपलब्धि हासिल की।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005**

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/ सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मैसर्स बंगाल शू मशीनरी प्रा. लि., श्यामली सिकदर, गौरी सिकदर, मनोज सिकदर, 64/10/3 तथा 64/11/1, मुंडका निकट प्रशांत धर्म कांटा, दिल्ली खाता संख्या :- 015551000013 | आवासीय सम्पत्ति मकान नंबर 42, करूणा कुंज, सेक्टर-3, द्वारका, साउथ वेस्ट दिल्ली-110075 | 07-10-2021 रू. 3,80,01,267.64/- | 07-06-2021 |
| 2. | डोलोर रेमेडीज प्रा. लि., झुमा चौधरी, बी 153, रहेजा वेदांता, 15, सेक्टर-108, द्वारका एक्सप्रेसवे दौलताबाद, धरमपुर, गुरूग्राम, हरियाणा/ खाता संख्या :- 084305000298 | फ्लैट नंबर 654, पाकेट 13, एलआईजी डीडीए फ्लैट्स, मंगला पुरी बस स्टैंड, द्वारका, नई दिल्ली-110075 और प्लॉट नंबर ए, ब्लॉक एच, 198/18, सी.एस. डीएजी नंबर 332, प्रथम तल, रॉय पुरबा पारा, हटियारा नॉर्थ 24 परगना, कोलकाता-700157 | 26-10-2021 रू. 73,18,045/- | 03-04-2021 |
| 3. | निधि अरोड़ा, फ्लैट नंबर 902, टावर डी 5, प्राणायाम अपार्टमेंट्स, सेक्टर 82-85, फरीदाबाद, हरियाणा/ खाता संख्या :- 008305502570 | मकान नंबर 840, सेक्टर-15 ए, एस्कॉर्ट्स नगर, फरीदाबाद-121007 | 26-10-2021 रू. 1,92,11,832.59/- | 03-04-2021 |
| 4. | मैसर्स एस के नंदा एफ ऐंड बी फूड सेंटर, नरिन्दर प्रकाश नंदा, सुरिन्दर प्रकाश नंदा, प्रतीक नंदा, वीणा नंदा, रमा नंदा, बी-57, मायापुरी फेज-1 इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली/ खाता संख्या :- 022505004583 | आवासीय सम्पत्ति - प्लॉट नंबर सी-2, विशाल एन्क्लेव, राजौरी गार्डन, वेस्ट दिल्ली | 09-10-2021 रू. 36,16,276/- | 01-05-2021 |
| 5. | अजीत ऑटोमोटिव सर्विसेज प्रा. लि., द्वारा परिसमापक रोहित सहगल, संजय मेहरा, अंजू खुराना, भाविन्दर सिंह खुराना, प्लॉट नंबर 223 ए, ब्लॉक बी, फेज-2, नोएडा, उत्तर प्रदेश/ खाता संख्या :- '010251005555 एवं 342451000001 | प्लॉट नंबर 223 ए, ब्लॉक बी, फेज-2, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 03-11-2021 रू. 3,87,17,886.75/- एवं रू. 2,86,09,695.56/- | 30-08-2019 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 09 दिसम्बर, 2021

प्राधिकृत अधिकारी

# यूक्रेन सीमा पर तनाव के बीच रूस पर प्रतिबंध की चेतावनी

**बाइडन-पुतिन बैठक**

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के बीच मंगलवार को हुई ऑनलाइन बैठक के दौरान दोनों नेता यूक्रेन सीमा पर बढ़ते तनाव के मद्देनजर यूरोप में सुरक्षा पर बातचीत जारी रखने के लिए दूतों की नियुक्ति पर सहमत हुए। हालांकि, रूस ने बुधवार को कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि ए बातचीत कब शुरू होगी।

बाइडन और पुतिन की बेहद अहम वार्ता के बाद वाशिंगटन और मॉस्को के अगले कदम के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा, दोनों राष्ट्रपति का मानना है कि यह तत्काल शुरू किया जाना चाहिए (बातचीत जारी रखने के लिए दूतों की नियुक्ति)। इससे पहले, बाइडन और पुतिन के बीच मंगलवार को दो घंटे तक वीडियो कॉल के जरिए हुई बातचीत में यूक्रेन सीमा पर बढ़ते तनाव का कोई हल नहीं निकला। बाइडन ने मंगलवार को हुई बातचीत में स्पष्ट संदेश दिया कि यूक्रेन पर फिर से हमले करने का मतलब कड़े प्रतिबंधों का सामना करना होगा जो रूस की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचाएंगे।

वहीं, पुतिन के विदेश मामलों के सलाहकार युरी उशाकोव के अनुसार रूसी राष्ट्रपति ने अमेरिका से कहा, रूसी सैनिक अपने क्षेत्र में हैं और वे किसी को धमकाते नहीं हैं। यूक्रेन के सवाल पर तनाव कम करने की अभी कोई गुंजाइश नहीं दिखाई दी और अमेरिका ने कूटनीति और तनाव कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा रूस को आक्रमण के गंभीर परिणाम भुगतने की कड़ी चेतावनियां दी। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने दोनों नेताओं की बातचीत के बाद कहा कि



बाइडन ने राष्ट्रपति पुतिन को साफ तौर पर कहा कि अगर रूस, यूक्रेन पर आक्रमण करता है तो अमेरिका और हमारे यूरोपीय सहयोगी देश सख्त आर्थिक पाबंदियों के साथ प्रतिक्रिया करेंगे। उन्होंने कहा कि बाइडन ने कहा कि तनाव बढ़ने की स्थिति में अमेरिका यूक्रेन को अतिरिक्त रक्षात्मक सामान मुहैया कराएगा और हम पूर्वी सीमा पर अपने नाटो सहयोगियों को अतिरिक्त क्षमताओं के साथ मजबूत करेंगे। व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बाइडन यूक्रेन की रक्षा करने के लिए अमेरिकी सैनिकों को तैनात करने के इच्छुक नहीं हैं। लेकिन सुलिवन ने कहा कि क्षेत्रीय सहयोगियों को मजबूत करने के संभावित प्रयासों के तौर पर पूर्वी यूरोपीय नाटो सहयोगी देशों में अमेरिकी सैनिकों की अतिरिक्त तैनाती की जा सकती है।

अमेरिका की एक शीर्ष दूत विक्टोरिया नुलैंड ने कहा कि यूक्रेन पर हमला करने से रूस और जर्मनी के बीच एक विवादित पाइपलाइन भी खतरे में पड़ जाएगी। उन्होंने मंगलवार को सीनेट की विदेश संबंधों की समिति को बताया कि अगर रूस हमला करता है तो हम उम्मीद करते हैं कि पाइपलाइन निलंबित कर दी जाएगी। युरी उशाकोव ने पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान प्रतिबंध की चेतावनियों को खारिज किया। उन्होंने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति ने संभावित प्रतिबंधों के बारे में बात की है लेकिन हमारे राष्ट्रपति ने जोर दिया कि रूस की क्या आवश्यकता है। प्रतिबंध कोई नई बात नहीं है, वे लंबे समय से लगे हुए हैं और उनका कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने राष्ट्रपतियों के वीडियो कांफ्रेंस को स्पष्ट और व्यावसायिक उद्देश्यों वाला बताया और कहा कि दोनों नेताओं ने कई मौकों पर एक-दूसरे के साथ मजाकिया अंदाज में भी बातचीत की। उशाकोव ने बताया कि दोनों नेताओं ने पर्ल हार्बर पर जापान के हमले की 80वीं बरसी पर मुलाकात की। इस हमले के बाद ही अमेरिका द्वितीय विश्वयुद्ध में कूदा था। इस बैठक से कुछ घंटों पहले बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन हमले की बरसी पर वाशिंगटन में एक युद्ध स्मारक पर गए। व्हाइट हाउस में सुलिवन ने कहा, यह एक उपयोगी बैठक थी। गौरतलब है कि रूस ने यूक्रेन सीमा के समीप हजारों सैनिक तैनात किए हैं। यूक्रेन के अधिकारियों ने रूस पर युद्धग्रस्त पूर्वी यूक्रेन में टैंक और स्नाइपर भेजकर संकट और बढ़ाने का आरोप लगाया है। अमेरिकी खुफिया अधिकारियों ने स्वतंत्र रूप से इन आरोपों की पुष्टि नहीं की है लेकिन एक अधिकारी ने बताया कि व्हाइट हाउस ने आक्रमण की आशंका को लेकर रूस के समक्ष अपनी चिंताएं व्यक्त की है। क्रेमलिन ने कहा, पुतिन ने इस पर जोर दिया कि रूस पर जिम्मेदारी तय करना गलत है क्योंकि नाटो यूक्रेन सीमा पर अपनी मौजूदगी बढ़ाने की खतरनाक कोशिशें कर रहा है और रूसी सीमा के समीप अपनी सैन्य क्षमता का विस्तार कर रहा है। अन्य विषयों के संबंध में पुतिन ने राजनयिक मिशनों पर सभी परस्पर प्रतिबंधों को हटाने का प्रस्ताव दिया। सुलिवन ने कहा कि दोनों नेता अपने कर्मचारियों को इस पर बातचीत जारी रखने के निर्देश देंगे। बाइडन ने व्हाइट हाउस के स्थिति कक्ष से और पुतिन ने सोची में अपने आवास से बातचीत की।

## जर्मनी में पुलिस ने दर्जनों ठिकानों पर छापे मारे

**बर्लिन।** जर्मनी की पुलिस और सीमा शुल्क अधिकारियों ने यूरोपीय संघ के बाहर से अस्थाई मजदूरों की कथित मानव तस्करी पर कार्वाई करते हुए बुधवार को देशभर में दर्जनों स्थानों पर छापे मारे। बर्लिन में संघीय पुलिस ने ट्वीट किया कि छापे स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे शुरू हुए। पुलिस एजेंसी ने बताया कि अधिकारियों ने जर्मनी की राजधानी और ब्रैंडेनबर्ग राज्य में मकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की तलाशी ली। ब्रीमेन और लोअर सैक्सोनी में भी छापे मारे गए। जर्मनी की समाचार एजेंसी डीपीए की खबर के अनुसार, छापों में करीब।,000 पुलिस अधिकारी शामिल रहे और उन्होंने 20 संदिग्धों से पूछताछ की, जिन पर यूरोपीय संघ की नागरिकता हासिल करने और कंपनियों में कर्मचारियों को नौकरी पर रखने के लिए दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा करने का आरोप है। अभी संदिग्धों और कंपनियों के नामों का खुलासा नहीं किया गया है।

## सीनेट ने सऊदी अरब को हथियारों की बिक्री रोकने संबंधी द्विदलीय प्रस्ताव को खारिज किया

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका** में सीनेट ने मंगलवार को राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन को सऊदी अरब को 65 करोड़ डॉलर से अधिक मूल्य के हथियार बेचने से रोकने संबंधी, सांसदों के एक द्विदलीय समूह के प्रस्ताव को खारिज कर दिया, जिससे खाड़ी देश की मानवाधिकारों पर निराशाजनक स्थिति के बावजूद समझौते को आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

सऊदी अरब को अमेरिकी हथियारों की बिक्री को लेकर कांग्रेस में हालिया गतिरोध के बीच केंटुकी से रिपब्लिकन पार्टी के सांसद सेन रैंड पॉल के प्रक्रियात्मक प्रस्ताव को 30 के मुकाबले 67 वोट से खारिज कर दिया गया। सऊदी अरब अमेरिका के सबसे दृढ़ सहयोगियों में से एक है। लेकिन समीपवर्ती यमन में गृहयुद्ध में सऊदी अरब की अग्रणी भूमिका रही है, जिससे यमन में ईंधन, भोजन और दवा जैसी बुनियादी आवश्यकताओं की आपूर्ति अवरुद्ध हो गई है। साथ ही क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की अमेरिका के पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या में भूमिका रही है। इन घटनाओं ने अमेरिका के साथ देश के संबंध की मजबूती को कसौटी पर परखा है। पॉल ने सीनेट में कहा, अगर हम वास्तव में इसे करने की इच्छा रखते तो हम इस युद्ध को रोक सकते थे। यमन में सऊदी नाकेबंदी के कारण हुई मानवीय आपदा से पूरे अमेरिका को स्तब्ध होना चाहिए। हथियारों की बिक्री को रोकने के प्रयास में पॉल के साथ यूटा से रिपब्लिकन पार्टी के सांसद सेंस माइक ली, वर्मोंट के सांसद बर्नी सैंडर्स, मैसाचुसेट्स की सांसद एलिजाबेथ वारेन और वाशिंगटन से सांसद पैटी मरे जैसे उदारवादी नेता शामिल थे। यह पहली बार नहीं है जब सांसदों के द्विदलीय समूह ने सऊदी अरब को हथियारों की बिक्री रोकने की कोशिश की है। कांग्रेस ने बार-बार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सऊदी अरब को अरबों के हथियार बेचने से रोकने की कोशिश की थी।

बाइडन ने खुद नवंबर 2019 में राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार के दौरान संकल्प जताते हुए कहा था कि वह वास्तव में सउदी को और अधिक हथियार नहीं बेचेंगे। लेकिन 2020 में चुनाव के बाद से बाइडन ने एक अलग कदम उठाया है। प्रशासन ने एक बयान में बिक्री को रोकने के प्रयासों की निंदा की और दलील दी, यह सऊदी अरब में आम नागरिकों के खिलाफ मिसाइल और ड्रोन हमलों में वृद्धि के मद्देनजर सहयोगी देश की रक्षा में सहायता संबंधी, राष्ट्रपति की प्रतिबद्धता को कमजोर कर देगा। हथियारों की बिक्री का समर्थन करने वाले सीनेट के अल्पमत के नेता मिच मैककोनेल ने कहा कि इसे रोकने से दुनिया में अमेरिकी प्रभाव और कम हो जाएगा।

## जापान के अरबपति कारोबारी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना

एपी। मास्को

**जापान** के एक अरबपति युसाकू मीजावा और उनके सहायक करीब एक दशक से भी अधिक समय बाद बुधवार को शुल्क भुगतान कर अंतरिक्ष की यात्रा के लिए रवाना हुए।

फैशन कारोबारी युसाकू मीजावा और योजो हिरानो रूसी अंतरिक्ष यात्री एलेक्जेंडर मिसुरकीन के साथ रूसी अंतरिक्ष यान सोयुज के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना हुए। तीनों ने तय कार्यक्रम के मुताबिक अपराह्न 12 बजकर 38 मिनट पर सोयुज एमएस-20 में कजाखस्तान स्थित रूसी बैकोनुर केंद्र से उड़ान भरी।मीजावा और हिरानो अंतरिक्ष में 12 दिन बिताने वाले हैं। ए दोनों 2009 के बाद अंतरिक्ष जाने वाले पहले ऐसे पर्यटक बन गए हैं जिन्होंने इसके लिए भुगतान किया है। इस यात्रा में कितना खर्चा आया है, इसका खुलासा नहीं किया गया है। मीजावा ने कहा, मैं अंतरिक्ष से धरती को देखना चाहूंगा। मैं भारहीनता का अनुभव करना चाहूंगा। उन्होंने अंतरिक्ष की यात्रा पर रवाना होने से पहले संवाददाताओं से कहा, मेरी एक व्यक्तिगत उम्मीद भी है और मैं यह जानने के लिए उत्सुक हूं कि अंतरिक्ष मुझे कैसे बदलेगा, इस अंतरिक्ष उड़ान के बाद मैं कैसे बदलूंगा। इस अंतरिक्ष यात्रा का आयोजन करने वाली कंपनी स्पेस एडवेंचर्स के अध्यक्ष टॉम शेली ने कहा कि मीजावा ने जनता के विचार जानने के बाद अंतरिक्ष में करने के लिए 100 चीजों की एक सूची तैयार की है। इस सूची में दैनिक जीवन के बारे में सरल चीजें, शायद कुछ अन्य मजेदार गतिविधियां और गंभीर प्रश्न भी शामिल हैं। शेली ने इस साल की शुरुआत में एसोसिएटेड प्रेस को बताया, उनका इरादा आम जनता के साथ अंतरिक्ष में होने के अनुभव को साझा करने का प्रयास करना है। मीजावा ने जापान के सबसे बड़े ऑनलाइन फैशन मॉल, जोजोटाउन की शुरुआत की और फैशन के क्षेत्र में अपना किस्मत आजमाई। फोर्ब्स पत्रिका ने उनकी कुल संपत्ति दो अरब डॉलर आंकी है। कारोबारी ने एलन मस्क की स्टारशिप से चंद्रमा के चारों ओर चक्कर काटने के लिए भी यात्रा बुक की है, जो 2023 में होने की संभावना है। इस यात्रा में वह प्रतियोगिता के जरिए आठ विजेताओं के साथ शामिल होंगे।



## पेशावर में आतंकी संगठन के दो सदस्य गिरफ्तार

**पेशावर।** आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) ने मंगलवार की देर शाम को यहां छापेमारी के दौरान एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया और आतंकवाद की एक घटना को विफल कर दिया। यह जानकारी पुलिस ने दी। पेशावर पुलिस के सीटीडी ने गुप्त सूचना के आधार पर पेशावर के बाहरी इलाके में स्थित उरमर इलाके में छापेमारी की। उन्हें सूचना मिली थी कि वहां छिपे दो लोग शहर में बड़े आतंकवादी हमले की योजना बना रहे हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान खैबर कबायली जिले के निवासी मुहम्मद फारूक और अफगान नागरिक गुलदार हकीम खान के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि उनसे हथगोले, पिस्तौल और विस्फोटक बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार दोनों विध्वसंक गतिविधियों को अंजाम देने और लक्षित हत्याओं के लिए पेशावर आए थे।

## विदेश सचिव श्रृंगला ने ढाका में शेख हसीना से की मुलाकात

भाषा। ढाका

**विदेश** सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की और बांग्लादेश की मुक्ति तथा विजय दिवस के 50 साल के अवसर पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के ढाका के आगामी दौरे के संबंध में चर्चा की।

दोनों पड़ोसी देशों के बीच व्यापक सहयोग की समीक्षा के लिए दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां पहुंचे श्रृंगला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से प्रधानमंत्री हसीना को मैत्री दिवस की 50वीं वर्षगांठ की बधाई दी। श्रृंगला ने प्रधानमंत्री हसीना के आधिकारिक निवास गणभवन में उनसे मुलाकात की।

बांग्लादेश में भारतीय उच्चायोग ने ट्वीट किया, विदेश सचिव श्रृंगला ने प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की और मैत्री दिवस की 50वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से उन्हें बधाई दी। दिल्ली और ढाका के अलावा 16 देशों में मैत्री दिवस मनाए जाने का उल्लेख किया गया।

भारत द्वारा 1971 में बांग्लादेश के गठन को मान्यता दिए जाने के उपलक्ष्य में भारत और बांग्लादेश ने सोमवार को मैत्री दिवस मनाया। उच्चायोग ने एक अन्य ट्वीट में कहा, राष्ट्रपति कोविंद के आगामी दौरे को लेकर भी चर्चा की गई। राष्ट्रपति कोविंद के 15 से 17 दिसंबर तक आधिकारिक दौरे पर बांग्लादेश जाने की उम्मीद है। बांग्लादेश प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के प्रवक्ता के अनुसार, श्रृंगला ने कहा कि भारत-बांग्लादेश सीमाओं पर कुछ छोटे-मोटे मुद्दे हैं, जिन्हें बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के बीच बैठक करके सुलझाया जा सकता है। विदेश सचिव ने कहा कि कोविड-19 महामारी के झटके से उबरने के बाद भारत में स्थिति सामान्य हो रही है, वहीं देश ओमीक्रोन स्वरूप के बड़े पैमाने पर प्रसार के मद्देनजर भी सतर्कता बरत रहा है। विदेश सचिव ने यह भी कहा कि भारत बांग्लादेश के संस्थापक बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की जन्मशती और देश की स्वतंत्रता की स्वर्ण जयंती तथा दुनिया भर में बांग्लादेश-भारत राजनयिक संबंध की स्थापना की 50वीं वर्षगांठ को भी मनाएगा। भारत और बांग्लादेश द्वारा कोविड-19 की स्थिति में सुधार के बाद बंगबंधु पर एक संयुक्त फोटो प्रदर्शनी संयुक्त राष्ट्र में आयोजित करने की उम्मीद है। श्रृंगला ने मंगलवार को विदेश मंत्री ए के अब्दुल मोमेन से भी मुलाकात की।

## दही खरीदने के लिए ट्रेन रोकने वाले चालक और सहायक निलंबित

**लाहौर ( पाकिस्तान )।** पाकिस्तान में एक ट्रेन चालक और उसके सहायक को लाहौर में एक रेलवे स्टेशन के निकट दही खरीदने के लिए ट्रेन रोकने के आरोप में सेवा से निलंबित कर दिया गया। मीडिया में आई खबर से बुधवार को यह जानकारी मिली। डॉन की खबर के अनुसार रेल मंत्री आजम खान स्वाती ने मंगलवार को चालक और उसके सहायक को निलंबित कर दिया। इनका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी प्रसारित हो रहा है, जिसमें चालक को दही खरीदने के लिए प्रांतीय राजधानी में काहना कच्चा रेलवे स्टेशन के नजदीक ट्रेन रोकते हुए देखा जा सकता है। खबर में कहा गया कि इस वीडियो के सामने आने के बाद रेलवे विभाग को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। दुर्घटना, यात्री सुरक्षा और घटते राजस्व की वजह से यह विभाग पहले से ही निशाने पर है।

## मलेशिया की अपीलीय अदालत ने भ्रष्टाचार मामले में नजीब रज्जाक की सजा रखी बरकरार

एपी। पुत्राजाया (मलेशिया)

**मलेशिया** की अपीलीय अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रज्जाक को।एमडीबी राजकोष से लाखों डॉलर के गबन के जुर्म में सुनाई गई 12 साल की जेल की सजा बुधवार को बरकरार रखी। इस मामले के चलते 2018 में नजीब रज्जाक की सरकार गिर गई थी।

उच्च न्यायालय ने।एमडीबी की पूर्व इकाई एसआरसी इंटरनेशनल से 90.9 लाख डॉलर अवैध रूप से लेने के लिए जुलाई 2020 में नजीब को सत्ता के दुरुपयोग, आपराधिक विश्वास भंग और धन शोधन का दोषी ठहराया था और उन्हें 12 साल की जेल की सजा सुनाई थी।

अपीलीय अदालत की तीन सदस्ईय पीठ ने जूम से की गई सुनवाई के दौरान फैसला सुनाया। बचाव पक्ष के एक वकील के कोविड-19 से संक्रमित होने के संदेह के कारण जूम से मामले पर सुनवाई की गई। अपीलीय अदालत के न्यायाधीश अब्दुल करीम अब्दुल जलील ने कहा, कुल मिलाकर हमें सजा जायज लगी। हम अपील खारिज करते हैं...और सभी सात आरोपों पर उच्च न्यायालय द्वारा सुनाई सजा बरकरार रखते हैं। अपीलीय अदालत ने अंतिम अपील पर फैसला होने तक सजा पर रोक लगाने के बचाव पक्ष का अनुरोध स्वीकार कर लिया। उस समय तक नजीब जमानत पर बाहर रहेंगे। फैसला सुनाए जाने के दौरान नजीब निराश दिखाई दिए और उन्होंने एक वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह फैसले से निराश हैं। उन्होंने अपने निर्दोष होने की बात दोहराई और कहा कि वह देश की शीर्ष अदालत में इस फैसले को चुनौती देंगे। उन्होंने कहा, एक मुसलमान के तौर पर मैंने अल्लाह के नाम पर कसम खाई कि मैं एसआरसी से हुए गबन के बारे में नहीं जानता और न ही मैंने इसके लिए कहा। न ही मैंने किसी को मेरे कार्यालय में मेरे निजी खाते में धनराशि जमा करने के लिए कहा था। नजीब ने 2009 में प्रधानमंत्री बनने के तुरंत बाद।एमडीबी कोष की स्थापना की थी। उन्होंने कुछ भी गलत करने से इनकार किया है और कहा कि उनके खिलाफ आरोप राजनीतिक हैं। वह अभी सिंगापुर से लौटे हैं। अदालत ने पहले उन्हें अपनी बेटी के साथ सिंगापुर जाने की अनुमति दी थी। उनकी बेटी ने हाल में बच्चे को जन्म दिया है। मुख्य अभियोजक सीताम्बरम ने कहा कि अपीलीय अदालत का फैसला दिखाता है कि यह मामला स्पष्ट, पुख्ता तथ्यों पर आधारित है और नजीब की सजा के पीछे कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं है।

## जर्मनी के नए चांसलर बने ओलाफ शोल्ज

एपी। बर्लिन

**जर्मनी** की संसद ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद देश के नौवें चांसलर के तौर पर ओलाफ शोल्ज को निर्वाचित किया। इसके साथ ही एंजेला मर्केल के 16 साल के कार्यकाल के बाद यूरोपीय संघ के सबसे घनी आबादी वाले देश में एक नए युग की शुरुआत हो गई है। शोल्ज सरकार जर्मनी के आधुनिकीकरण और जलवायु परिवर्तन से लड़ने की भारी उम्मीदों के बीच कार्यभार संभालने जा रही है लेकिन अभी उसके सामने देश में कोरोना वायरस महामारी से निपटने की चुनौती है। शोल्ज को बुधवार को 395 सांसदों का समर्थन मिला। उनके तीन दलों वाले गठबंधन के पास 736 सीट वाले संसद के निचले सदन में 416 सीटें हैं। जर्मनी के राष्ट्रपति चांसलर के तौर पर शोल्ज के नाम की औपचारिक घोषणा करेंगे और संसद के अध्यक्ष आज ही उन्हें शपथ दिलाएंगे। अब संसद की सदस्य न रही मर्केल ने संसद के मतदान करने



बर्लिन में नये चुने गये जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज (बाएं) को उनके चुनाव जीतने का पत्र सौंपते हुए राष्ट्रपति फ्रेंक वाल्टर

के दौरान दर्शक दीर्घा से पूरी प्रक्रिया देखी। संसद सत्र शुरू होने पर सांसदों ने खड़े होकर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया।साल 2018 से जर्मनी के वाइस चांसलर और वित्त मंत्री रहे शोल्ज (63) सोशल डेमोक्रेट्स, पर्यावरण समर्थक ग्रीन्स और व्यापार समर्थक फ्री डेमोक्रेट्स गठबंधन में अनुभव और अनुशासन लेकर आए। तीनों दल अपने गठबंधन को प्रगतिशील गठबंधन के तौर पर दिखा रहे हैं जो मर्केल के लगभग रिकॉर्ड वक्त तक उच्च पद पर बने रहने के बाद देश में नई ऊर्जा लेकर आएगा। शोल्ज ने मंगलवार को कहा था, हम एक नए प्रस्थान का जोखिम उठा रहे हैं जो इस दशक की और उससे भी आगे की प्रमुख चुनौतियों का सामना करता है। नई सरकार का उद्देश्य नवीनीकरण ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाकर और 2038 तक जर्मनी में कोयले के इस्तेमाल को खत्म करके जलवायु परिवर्तन के खिलाफ प्रयासों को तेज करना है। वह अपने खराब सेलफोन और इंटरनेट नेटवर्क में सुधार लाने समेत देश को और अधिक आधुनिक भी बनाना चाहती है।उसकी मनोरंजक उद्देश्यों के लिए भांग की बिक्री को वैध करने और जर्मनी की नागरिकता हासिल करने की राह आसान करने समेत और अधिक उदार सामाजिक नीतियां लाने की भी योजना है। साथ ही उसने उन शरणार्थियों को उनके देश भेजने के लिए अधिक प्रयास करने का भी संकल्प जताया जिन्हें शरण नहीं दी गई है। गठबंधन के सहयोगी दल देश में राष्ट्रीय चुनाव में मतदान करने की योग्य आयु को 18 से 16 भी करना चाहते हैं।

शोल्ज ने विदेश नीति बरकरार रखते का संकेत देते हुए कहा कि सरकार मजबूत यूरोपीय संघ के लिए खड़ी रहेगी और ट्रांस-अटलांटिक गठबंधन को सुदृढ़ करेगी। ग्रीन्स पार्टी के सह-नेता रॉबर्ट हाबेक वाइस चांसलर होंगे। सरकार में तीसरे नंबर वित्त मंत्री का पद क्रिश्चियन लिंडनर को दिया जाएगा जो फ्री डेमोक्रेट्स नेता हैं।

## अवैध पटाखों की दुकान में विस्फोट से छह लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको सिटी के पूर्व में पटाखों की एक अवैध दुकान में विस्फोट होने से दो बच्चों तथा चार वयस्कों की मौत हो गई तथा कई लोग घायल हो गए। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी है। देश के नेशनल गार्ड द्वारा मंगलवार को जारी घटनास्थल की तस्वीरों में जले हुए वाहनों और कंक्रीट के मकानों की क्षतिग्रस्त दीवारों को देखा जा सकता है। प्यूब्ला राज्य की स्वास्थ्य सचिव एना लुसिया हिल ने बताया कि राजधानी के पूर्वी सैंटियागो तिनांगो में यह हादसा हुआ। विस्फोट सोमवार देर रात हुआ और विस्फोट इतना जबरदस्त था कि ईंट की बनी दीवारें भी मलबे के ढेर में बदल गई। अभी यह पता नहीं चला है कि इस दुकान में पटाखे बनते थे या बेचने के लिए उनका भंडार किया जाता था। मध्य मेक्सिको के आसपास ऐसी घटनाएं 15 सितंबर को स्वतंत्रता दिवस और क्रिसमस की छुट्टियों के करीब देखी जाती हैं जब पटाखों का उत्पादन और बिक्री बढ़ती है।

**पाकिस्तान में मॉब लिंचिंग मामला**

## मरने वाले श्रीलंकाई नागरिक के शव को दफनाया गया

भाषा। कोलंबो

**पाकिस्तान** के पंजाब प्रांत में एक भीड़ ने जिस श्रीलंकाई नागरिक की हत्या कर दी थी उसे बुधवार को कोलंबो के उत्तर में स्थित उपनगर गानेमुल्ला में बौद्ध और कैथोलिक रिवाजों के अनुसार दफना दिया गया। श्रीलंका के नागरिक प्रियंथ कुमार दियवदना को ईशनिंदा के आरोपों के चलते गत सप्ताह पाकिस्तान में एक भीड़ ने मार दिया था। शुक्रवार को हुई घटना में चरमपंथी इस्लामी पार्टी तहरीक ए लब्बैक पाकिस्तान के समर्थक शामिल थे जिन्होंने सियालकोट की एक कपड़ा फैक्टरी पर हमला किया और उसने महाप्रबंधक दियवदना (49) को पीटा और उसके बाद उसके शरीर को आग लगा दी। दियवदना के पार्थिव शरीर को श्रीलंका की राष्ट्रीय विमानन कंपनी श्रीलंकन एयरलाइन्स द्वारा सरकारी खर्चे पर सोमवार को कोलंबो लाया गया। शव को मंगलवार को परिजनों को सौंपा गया। कोविड प्रतिबंधों के बीच दियवदना को बुधवार को दफनाया गया जिसमें कुछ गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस दौरान बौद्ध पुजारी और कैथोलिक अल्पसंख्यक पादरी मौजूद थे और उन्होंने अपने धर्म के अनुसार क्रियाकर्म किया। संसद के अध्यक्ष महिंदा यापा अबेवर्देना ने दिवगंत के घर पर जाकर परिजनों को सांत्वना दी। आज सुबह सांसदों ने वार्षिक बजट पर बहस में भाग लेते हुए दियवदना की हत्या पर शोक प्रकट किया। सत्तारूढ़ और विपक्ष के नेताओं ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री परवेज खटक से उनके असंवेदनशील बयान पर माफी मांगने को कहा। खटक ने सोमवार को कहा था कि सियालकोट में भीड़ द्वारा दियवदना की हत्या को टीएलपी पर पाकिस्तान सरकार के हाल में लगाए गए प्रतिबंध से जोड़ कर नहीं देखा जाना चाहिए।

# उन्नत विशिष्टता : समय की मांग

## आइना महाजन अपने सदा पसंदीदा लुक को सूचीबद्ध कर रही हैं जिसमें सभी को ध्यान देना चाहिए





आज के नए सामान्य के साथ, ड्रेसिंग की बुनियादी समझ और आवश्यकता पूरी तरह से बदल गई है। लोग अधिक सहज महसूस करना चाहते हैं और आधुनिक भी होना चाहते हैं। कोई भी व्यक्ति अपनी विशिष्टता को बेहद लक्जरी बना सकता है और उन्हें हर बार अलग-अलग स्टाइल में रूपांतरित कर पहन सकता है। यदि आप समझदारी से और कालातीत टुकड़ों पर निवेश करते हैं तो आपको ऐसी उन्नत विशिष्टताएं चुननी चाहिए जो अच्छी गुणवत्ता वाली हों, जिनमें अच्छी कार्यक्षमता हो और जो सहज हों।

मेरी सबसे जरूरी चीज एक क्लासिक सफेद शर्ट, एक सिलवाया हुआ काला ब्लेजर और एक अच्छी तरह से फिट जींस की जोड़ी होगी। ये मुख्य हिस्से हैं जो व्यक्ति की अलमारी में होने चाहिए। ये क्लासिक न्यूट्रल टोन सदाबहार हैं और इन्हें अवसर और मौसम के आधार पर स्नीकर्स, हील्स, बूट्स, बैग्स, ज्वैलरी और बेल्ट जैसे एक्सेसरीज के साथ जोड़कर उन्नत बनाया जा सकता है। वे न्यूनतम विलासिता का रूप निर्मित करते हैं।

एथलीजर आज के उन्नत फैशन वॉर्डरोब का एक बड़ा हिस्सा बन गया है, क्योंकि इसे रात में औपचारिक रूप से या दिन में आकस्मिक रूप से पहना जा सकता है। यह एक शानदार उपयोगी पोशाक के रूप में कार्य करता है। एक बार तटस्थ रंगों वाले एक अच्छे कटदार को-ऑर्ड सेट तथा आरामदायक शुद्ध कपड़ों में मजेदार मुद्रित ट्रैक-सेट में निवेश करना चाहिए। ये पूरे दिन और पूरे मौसम में पहनने योग्य होते हैं।


**मेरा निजी पसंदीदा लुक होगा :** बैगी डेनिम जींस के साथ वीए व्हाइट कॉटन क्रॉप टॉप, क्लासिक ब्लैक पंप्स और बेल्ट बैग के साथ।

- एक और सहज पोशाक है- एक सफेद शर्ट, जिसके साथ एक बड़ा काला ब्लेजर और पतली जींस है। इसे नन्हें क्लासिक गोल्ड इयरिंग्स और चैन के साथ जोड़ा जा सकता है।
- छोटी काली पोशाक सबसे बहुमुखी पीस है जिसे व्यक्ति अपनी अलमारी में रख सकता है। इसे दिन या रात में पहना जा सकता है और इसे मौसम या अवसर के आधार पर स्नीकर्स, स्टिलेटोस या बूट्स के साथ जोड़ा जा सकता है।
- सैल्मन पिंक, बेज, ब्राउन या ब्लैक जैसे न्यूट्रल टोन में बढ़िया कटदार, अत्यंत फिट ट्रैक-सेट, आरामदायक और शानदार हो सकता है।
- सफेद चटक अच्छी तरह से फिट शर्ट को अपने मूड और अवसर के आधार पर पैंट, जींस या स्कर्ट के साथ पहना जा सकता है। इसे ब्लेजर, जैकेट या स्वेटर के साथ भी लेयर किया जा सकता है जो इसे बहुमुखी और बेहद पहनने योग्य बनाता है।
- ब्लैक टी-शर्ट बहुत बहुमुखी है और इसे डेनिम्स, ब्लैक या बेज पैंट जैसे न्यूट्रल बॉटम्स के साथ जोड़ा जा सकता है। अतिरिक्त विशिष्ट बनाने के लिए इसे मजेदार प्रिंटेड बॉटम्स के साथ भी जोड़ा जा सकता है।

उन्नत विशिष्टताएं फैशन को अधिक टिकाऊ बनाती हैं और आप कपड़ों का अधिक आनंद लेते हैं क्योंकि आप उनसे अहमियत प्राप्त करते हैं और आने वाले कई वर्षों में उन्हें अपनी अलमारी में रख सकते हैं और साथ ही मूड और स्टाइल के मामले में उनके साथ चल सकते हैं। त्वरित फैशन वाले, मनमौजी ढंग से-खरीदे गए और अल्पकालिक चलने वाले कपड़ों की नासमझ संख्याओं की तुलना में अच्छी गुणवत्ता वाले सदाबहार कपड़ों पर थोड़ा अधिक खर्च करना बेहतर है। अपने वस्त्रों को चुनते समय, सुनिश्चित करें कि कपड़े प्रीमियम गुणवत्ता वाले हों, आपकी शारीरिक संरचना के आधार पर फिट और समकालीन कट वाले हों, रंग-रंगत बहुमुखी हों और जिन्हें कई चीजों के साथ मिलकर पहना जा सकता हो।

**( लेखक मेलोड्रामा के संस्थापक हैं, जो प्रेट वियर का एकमात्र सॉल्यूशन है।)**

# शानदार श्रद्धांजलि



## फिल्म 83 के ट्रेलर में कपिल देव की भूमिका निभाने के लिए अभिनेता रणवीर सिंह की प्रशंसा की गई है। टीम विवा की रिपोर्ट

अभिनेता रणवीर सिंह 83 के ट्रेलर को कल रिलीज होने के बाद से मिल रही वैश्विक सराहना से अभिभूत हैं। रणवीर महान भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान कपिल देव की भूमिका निभाते हैं, जिन्होंने 1983 में प्रतिष्ठित विश्व कप के गौरव के लिए अंडरडॉग टीम का नेतृत्व किया था, क्योंकि उन्होंने लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान में फाइनल में शक्तिशाली वेस्टइंडीज टीम को हराया था। यह भारत की पहली विश्व कप जीत थी और इसने भारत को एक देश के रूप में विश्व मंच पर पहुंचा दिया। रणवीर, जो किसी भी चरित्र की त्वचा में उतरने के लिए विख्यात हैं, ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया है क्योंकि वह वास्तव में तन और मन से कपिल देव बन गए हैं, जिसने उन्हें पूर्व क्रिकेट कप्तान के गृहनगर का दौरा कराया और उनके घर पर भी रहे।

अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक हृदयस्पर्शी नोट में, रणवीर कहते हैं, ''देश भर में और उसके बाहर के फिल्म प्रशंसकों , हमारी फिल्म बिरादरी, प्रेस को धन्यवाद ... सभी क्षेत्रों और पीढ़ियों के लोगों ने फिल्म के ट्रेलर की सराहना की है, और हम कृतज्ञता और खुशी से भरे हुए हैं। यह सिर्फ एक फिल्म नहीं है – यह भारतीय इतिहास के उस पल को एक शानदार श्रद्धांजलि है जिसने इसको बदल दिया!''

उन्होंने आगे कहा, ''यह 1983 की भारतीय क्रिकेट टीम की महान उपलब्धि के बारे में है – 'कपिल्स डेविल्स'! ये लोग किंवदंतियां हैं, और बड़े पर्दे पर उनकी प्रतिष्ठित कहानी का सिनेमाई कहानी का हिस्सा बनना एक सम्मान की बात है! एक बार फिर, आपके उदार और प्यार भरे संदेशों के लिए दिल की गहराइयों से धन्यवाद! कप्तान कबीर खान, यह वो सब कुछ है जिसका आपने सपना देखा था! प्रशंसा स्वीकार करें!''

कबीर खान द्वारा निर्देशित 83 24 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।

# ऐतिहासिक उत्सव

## भाग्य लक्ष्मी के 100 एपिसोड पूरे होने पर ऐश्वर्या खरे और रोहित सुचांती बेहद खुश हैं। टीम विवा की रिपोर्ट-



कई सहयोगों के बाद, जी टीवी और बालाजी टेलीफिल्म्स ने हाल ही में जीवन, प्रेम, कर्म और भाग्य के बारे में एक कहानी प्रस्तुत की। मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित सेट, भाग्य लक्ष्मी सीमित साधनों की एक निस्वार्थ लड़की लक्ष्मी की यात्रा की कहानी प्रस्तुत करती है, जो अपनी विनम्र पृष्ठभूमि और अपने उलझनों से भरे जीवन के बावजूद, हमेशा दूसरों की जरूरतों को प्राथमिकता में रखती है।

शो ने अपनी दिलचस्प कहानी और संबंधित पात्रों के सौजन्य से दर्शकों को पहले ही प्रभावित कर दिया है। हालांकि दर्शक कहानी के दिलचस्प उतार-चढ़ावों में उलझे हुए हैं, मगर उन्हें यह जानकर खुशी होगी कि भाग्य लक्ष्मी टीम ने हाल ही में एक बड़ा ऐतिहासिक पड़ाव हासिल किया है। शो ने 100 एपिसोड पूरे कर लिए हैं और पूरी टीम इस मुकाम को हासिल करने को लेकर उत्साहित है।

शो के पहले ऐतिहासिक पड़ाव हासिल करने से, दोनों प्रमुख सितारे – ऐश्वर्या खरे और रोहित सुचांती अपने प्रशंसकों, कलाकारों और पूरी टीम को धन्यवाद दे रहे हैं जिन्होंने इस सफलता में योगदान दिया है।

अपना आभार व्यक्त करते हुए, ऐश्वर्या खरे ने कहा, ''भाग्य लक्ष्मी के दर्शकों और अपने सभी प्रशंसकों से इतना प्यार पाकर बहुत अच्छा लग रहा है। इतने कम समय में शो को इतना प्यार और सराहना देने के लिए हम अपने सभी दर्शकों के बहुत आभारी हैं। ऐसा लगता है जैसे कल की बात हो जब मैं सभी से मिली और अब हम सब एक परिवार की तरह हो गए हैं।''

उत्साह को बढ़ाते हुए, रोहित सुचांति ने कहा, ''भाग्य लक्ष्मी को जिस तरह की प्रतिक्रिया मिली है, उससे मैं अभिभूत हूं। हमारी पूरी टीम लगन से काम कर रही है और हम जो चाहते हैं, वो प्यार और ढेर सारा आर्शीवाद हासिल करके बहुत अच्छा लगता है। मुझे आशा है कि दर्शक आने वाले दिनों में भी अपना आशीर्वाद बनाए रखेंगे। हम इस पूरी यात्रा में आपका मनोरंजन करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का वादा करते हैं। 100 एपिसोड पूरे करना एक शानदार अहसास है और मुझे उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में हमने जो कई उपलब्धियां हासिल की हैं, उनमें से यह पहली उपलब्धि है।''

हालांकि भाग्य लक्ष्मी की पूरी टीम अपनी सफलता का आनंद ले रही है, वहीं लक्ष्मी के जीवन में कुछ हाई वोल्टेज ड्रामा होने का इंतजार है।

**( देखिए भाग्य लक्ष्मी, हर सोमवार से शुक्रवार, रात 8:30 बजे सिर्फ जी टीवी पर।)**


# एक अभिनेता की यात्रा

## अर्जुन कपूर ने अपनी अगली फिल्म कुट्टी के लिए अपनाए एक नए लुक की चर्चा करते हुए कहा, कि सभी अवरोधों से पार जाना होगा। टीम विवा की रिपोर्ट

बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर इन दिनों अपनी डार्क कॉमेडी फिल्म 'कुट्टी' के लिए नए लुक में नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपने बालों को काफी कम किया है और विशाल भारद्वाज के बेटे, आकाश के निर्देशन में बनने वाली पहली फिल्म के लिए मूंछें और ठूंठ रखें हैं। अर्जुन ने हाल ही में फिल्म से अपने इस लुक की तस्वीरें अपलोड की हैं और इसे काफी सराहा गया है।

अर्जुन कहते हैं, ''जितना मैं अपने लंबे बालों को याद कर रहा हूं, उतना ही यह एक अभिनेता की छोड़ने और कुछ नया शुरू करने की यात्रा का हिस्सा है और उस माहौल में, कुट्टी जैसी फिल्म आती है जहां आपको किरदार निभाने के लिए सभी अवरोधों को पीछे छोड़ना पड़ता है और वास्तव में गहराई तक जाना होता है।''

उन्होंने आगे कहा,''मुझे अपने निर्देशकों की स्पष्टता पसंद है कि वह चाहते थे कि मैं एक विशेष लुक में दिखूं और एक ऐसे व्यक्ति की तरह दिखूं जो हर आदमी में घुलमिल जाए। किरदार को वास्तव में इसकी आवश्यकता थी इसलिए मैं सचमुच खुश और उत्साहित हूं कि यह लुक एक साथ मिलकर आया है और मेरा निर्देशक बहुत खुश है। अब, मैं बाकी को फिल्म के आने पर छोड़ता हूं।''



आसमान और विशाल द्वारा लिखित, कुट्टी में नसीरुद्दीन शाह, कोंकणा सेन शर्मा, तब्बू और राधिका मदान भी हैं। कुट्टी के अलावा, अर्जुन की किटी में अन्य फिल्मों में शामिल हैं, लेडी किलर विद अजय बहल और जगन शक्ति के निर्देशन में बगैर टाइटिल वाली एक फिल्म है जिसमें अभिनेता ने जॉन अब्राहम के साथ काम किया है।



# पुरानी स्वीकारोक्तियां

## मलाइका अरोड़ा ने इंडियाज बेस्ट डांसर 2 के सेट पर खुलासा किया कि वह चंकी पांडे की सबसे बड़ी प्रशंसक थीं। टीम विवा की रिपोर्ट



सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के डांस रियलिटी शो – इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 2 के सेट पर विशेष अतिथि के रूप चंकी पांडे और नीलम कोठारी के साथ पूर्ण मनोरंजन के लिए तैयार हो जाइए। प्रतिभाशाली प्रतियोगी अपने कोरियोग्राफर के साथ बॉलीवुड के प्रतिष्ठित गीतों पर हर किसी को अपने प्रदर्शन के जरिए चकित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

पांडे और कोठारी के शानदार डांस मूव्स के साथ मंच प्रकाशित होता है और इन अभिनेताओं ने 80 के दशक में अपने अच्छे पुराने दिनों की कुछ खूबसूरत यादें साझा कीं, यह एपिसोड सभी बॉलीवुड प्रेमियों के लिए एक आनंदमयी दावत होने का वादा करता है।

हालांकि, सबसे दिलचस्प क्षण –जो सभी को चौंका देगा– यह है, जब मलाइका अरोड़ा ने खुलासा किया कि बड़ी होने के दौरान वह चंकी पांडे की सबसे बड़ी प्रशंसक थीं! यहां तक कि उनकी अलमारी के अंदर पांडे का सबसे बड़ा पोस्टर था और वह अपनी छोटी बहन अमृता के साथ उनके घर पर ब्लैंक कॉल करती थीं। खैर, बात यहीं खत्म नहीं होती। जज टेरेंस लुईस ने भी कबूल किया कि कैसे वह अपने स्कूल के दिनों में कोठारी पर सबसे ज्यादा फिदा थे और उसकी फिल्म लव 86 ने वास्तव में उसके दिल में एक तार छेड़ दिया था।

खुद को पीछे न छोड़ते हुए, होस्ट मनीष पॉल ने भी तुरंत अरोड़ा और पांडे को लुईस और कोठारी के साथ 80 के दशक के प्रतिष्ठित गीत – मैं से मीना से गाने को फिर से मंच पर प्रस्तुत करने के लिए कहा। कहने की जरूरत नहीं कि अभिनेताओं ने अपने प्रदर्शन और झन्नाटेदार केमिस्ट्री से मंच पर आग लगा दी और साबित कर दिया कि 80 के दशक का जादू सदाबहार है।

**( पूरे कार्यक्रम को इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 2 में इस सप्ताह के अंत में रात 8 बजे केवल सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर देखें।)**